आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 12:19 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 55, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



स्थिर नही है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान 16
भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन 15

## एक नजर

### संपत्तियों के ध्वस्तीकरण मामले में नई याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को देश के विभिन्न राज्यों में संपत्तियों के कथित ध्वस्तीकरण से संबंधित किसी नई याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ याचिका पर सुनवाई करने की इच्छुक नहीं थी, जिसके बाद याचिकाकर्ताओं के वकील ने इसे वापस ले लिया। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील से कहा कि उसने हाल में उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है, जिसमें यह दलील दी गई है कि कई राज्यों में अपराध के आरोपी व्यक्तियों की संपत्तियों सहित अन्य संपत्तियों को ध्वस्त किया जा रहा है। पीठ ने कहा इस पर पहले ही फैसला हो चुका है।

### उद्धव अस्पताल में भर्ती एंजियोग्राफी की संभावना

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को जांच के लिए यहां रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ठाकरे को हृदय रोग है और उनकी हृदय धमनियों में रुकावटों की पहचान के लिए परीक्षण किए जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक ठाकरे की एंजियोग्राफी होने की संभावना है।

### इनामी नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

**गढ़चिरौली, एजेंसी।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सोमवार को 10 लाख रुपये के इनामी नक्सली दंपती ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुताबिक वरुण राजा मुचाकी उर्फ उंगा (27) एवं रोशनी विजया वाचामी (24) ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इसमें कहा गया कि उंगा भामरागढ़ एल ओ एस का कमांडर था, और वाचामी भामरागढ़ एल ओ एस की सदस्य थी। पुलिस के अनुसार, उंगा के नाम पर 15 अपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें से 10 मुठभेड़ के हैं और उस पर आठ लाख रुपये का इनाम है। वाचामी के नाम पर 23 मामले दर्ज हैं, जिनमें 13 मुठभेड़ के हैं और उस पर दो लाख रुपये का इनाम है। पुलिस ने बताया कि सरकार की पुनर्वास नीति के अनुसार दम्पती को 11.5 लाख रुपये मिलेंगे।

# बहराइच हिंसा: दुकानों-अस्पताल में आगजनी

## पुलिस ने किया लाठीचार्ज, हवाई फायरिंग, आंसू गैस के गोले दागे, पूरे जिले में बंद की गईं इंटरनेट सेवाएं

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच



घटना के बाद रेहुवा गांव में भीड़ जमा हो गई, शव के आने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल में युवक रामगोपाल मिश्रा की हत्या के बाद सोमवार सुबह एकबार फिर बहराइच में हिंसा भड़क उठी। लाठी-डंडों से लैस लोगों ने तोड़फोड़ करते हुए बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी। पीएसी के साथ डीएम, एसपी और छह जिलों के पुलिस बल की मौजूदगी में दोपहर तक बवाल होता रहा।

हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज करते हुए हवाई फायरिंग की, कई बार आंसू गैस के गोले दागे। सुबह 11 बजे से जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। इस दौरान 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी मुख्यालय से चार वरिष्ठ आईपीएस, दो एएसपी, छह डिप्टी एसपी, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई। बहराइच के महसी तहसील स्थित महराजगंज कस्बे में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे पर गाना बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद पत्थरबाजी हुई थी। इससे विसर्जन यात्रा में शामिल रामगोपाल मिश्रा (22) को दूसरे संप्रदाय के लोगों ने घर में खींच कर रॉड से पिटाई की। चाकू और फिर कनपटी पर असलहा सटाकर गोली मार दी। उसे बचाने गए राजन समेत 12 लोग घायल हो गए। सोमवार सुबह करीब 7:30 बजे पोस्टमार्टम के बाद रामगोपाल का शव घर पहुंचा तो भीड़ शव लेकर महसी तहसील पहुंची और सड़क जामकर प्रदर्शन करने लगी। करीब दो हजार लोग कस्बे और कबड़ियनपुरवा में घुस गए और तोड़फोड करने लगे। बाइक के दो शोरूम, दो घर और एक अस्पताल में आग लगा दी गई।

**मुख्यमंत्री ने मांगी रिपोर्ट :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे मामले का गंभीरता से लिया है। उन्होंने रविवार को ट्वीट कर नाराजगी जताई। वहीं, पूरे मामले की रिपोर्ट जिला प्रशासन से तलब की है।

**दो घंटे तक फोर्स के साथ किया मार्च :** एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह महाराजगंज बाजार पहुंचे। पूरे क्षेत्र में दो घंटे बिताने के बाद वह रमपुरवा के लिए रवाना हुए। वहां से जिला मुख्यालय जाएंगे।

- एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व गृह सचिव ने संभाला मोर्चा, एक कंपनी आरएएफ, तीन कंपनी पीएसी भेजी

### 30 उपद्रवी हिरासत में

रविवार शाम से शुरू हुए हिंसा में अब्दुल हमीद, रिंकू उर्फ सरफराज, फहीम, राजा उर्फ साहिर खान, ननकऊ, मारुफ अली व अन्य अज्ञात पर हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस कप्तान का कहना है कि 30 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए हैं। वीडियो फुटेज से पहचान की जा रही है।



### पिस्टल लेकर सड़क पर उतरे एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

हिंसा बेकाबू होता देख मुख्यमंत्री के आदेश पर तत्काल एडीजी लॉ एंड ऑर्डर व एसटीएफ चीफ अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता को मौके पर भेजा गया। दोपहर में महसी के रमपुरवा चौकी पर भीड़ ने एडीजी के सामने ही तोड़फोड़ शुरू कर दी। उन्होंने अपनी पिस्टल से हवाई फायरिंग की तो उपद्रवी भागे।

### बिना असलहा मिले एसपी, मिली फटकार

हिंसा के दौरान एसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी मौके पर मौजूद थे। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने देखा कि उनके पास असलहा नहीं है। इस पर उन्होंने सबके सामने उन्हें फटकार लगाई। कहा, इतनी बड़ी वारदात के दौरान बिना असलहे के पहुंचे, इस तरह का रवैया ठीक नहीं है।

## अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

- इंडिगो की दो और एयर इंडिया की एक उड़ान को धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई से उड़ान भरने वाली वाली तीन अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई, जबकि न्यूयॉर्क जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली में उतार दिया गया। अधिकारियों के अनुसार एअर इंडिया की उड़ान के अलावा इंडिगो की मस्कट और जेद्दा जाने वाली दो उड़ानों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इंडिगो के विमानों को उड़ान भरने से पहले ही धमकियां मिल गईं और संबंधित विमानों को सोमवार सुबह सुरक्षा जांच के लिए अलग स्थान पर ले जाया गया।

एअर इंडिया ने एक बयान में कहा 14 अक्टूबर को मुंबई से जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे जाने वाली उड़ान संख्या एआई-119 को विशेष सुरक्षा चेतावनी मिली और सरकार की सुरक्षा नियामक समिति के निर्देश पर विमान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली भेज दिया गया।

## दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब, पटाखों पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

- पर्यावरण मंत्री ने कहा- 1 जनवरी 2025 तक लागू रहेंगे आदेश

दिल्ली सरकार ने यहां सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, भंडारण और इस्तेमाल पर व्यापक प्रतिबंध लगाने का फैसला लिया है और यह प्रतिबंध एक जनवरी, 2025 तक लागू रहेंगे।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि पटाखों से हवा की गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। पटाखों के प्रतिबंध के निर्णय के पीछे हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली की हवा सांस लेने योग्य बनी रहे। यह प्रतिबंध ऑनलाइन प्लेफार्म के माध्यम से पटाखों की बिक्री पर भी सख्ती से लागू होगा। हाल के वर्षों में सर्दियों में दिल्ली को अत्यधिक प्रदूषण का सामना करना पड़ा है।

### सख्ती से लागू करें प्रतिबंध

दिल्ली पुलिस को पटाखों के पूर्ण प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस को प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को सौंपनी होगी। यह पहल दिल्ली में वायु गुणवत्ता को सुधारने की दीर्घकालिक अवधि रणनीति में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## कानपुर में डंपर-ट्राला के बीच पिस गई कार, पांच की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार बीटेक छात्र-छात्राओं और कार चालक की जान गई
- पनकी थानाक्षेत्र में भौंती पुल ढाल पर कॉलेज जाते वक्त हुआ हादसा

**अमृत विचार:** कानपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर भौंती पुल की ढाल के पास सोमवार सुबह एक खड़े डंपर में पीछे से ऑल्टो कार घुस गई। कार के पीछे आ रहा सरिया लदा ट्राला भी कार से टकरा गया। जिससे कार डंपर और ट्राला के बीच में फंसकर पिस गई। इससे कार सवार पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के चार छात्र-छात्राओं और कार चालक की मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर करीब 20 किमी लंबा जाम लग गया। पुलिस ने कार की बॉडी काट-काटकर शवों को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

पुलिस ने बताया कि चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां निवासी 54 वर्षीय विजय साहू प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (पीएसआईटी) के छात्र-छात्राओं को कॉलेज लाने और ले जाने का काम करते थे। रोज की तरह सोमवार सुबह 8 बजे वह केडीए कालोनी सनिगवां रोड निवासी उदय भारती इंटर कॉलेज के संचालक राजेश सिंह के 22 वर्षीय पुत्र प्रतीक सिंह (बीटेक फोर्थ ईयर), सनिगवां के चंद्रनगर निवासी सीआरपीएफ में एसआई रमेश चंद्र के 21 वर्षीय पुत्र सतीश सिंह (बीटेक थर्ड ईयर), सनिगवां रोड निवासी फार्मासिस्ट शिवशंकर पटेल की 18 वर्षीय पुत्री आयुषी पटेल (बीटेक फर्स्ट ईयर) और सनिगवां के चंद्र नगर निवासी टीएसआई भरत कुमार त्रिपाठी की 21 वर्षीय पुत्री गरिमा त्रिपाठी (बीटेक सेकेंड ईयर) को ऑल्टो कार से कॉलेज छोड़ने जा रहा था। कानपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे पर पनकी में भौंती पुल की ढाल पर सुबह 8.47 बजे एक डंपर सड़क किनारे खड़ा था जिसमें पीछे से ऑल्टो कार घुस गई। इस दौरान पीछे चल रहा सरिया लदा ट्राला भी पीछे से कार में घुस गया। डंपर और ट्राला के बीच दबने से कार के परखचे उड़ गए। राहगीरों की सूचना पर पनकी, सचेंडी पुलिस पहुंची लेकिन कार एकदम पिस गई थी इसलिए किसी को बाहर नहीं निकाल सकी। बाद में फायर ब्रिगेड कर्मचारी पहुंचे और पुलिस के साथ मिलकर कार की बॉडी को काटकर सभी को निकालकर हैलट अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह, एडीसीपी पश्चिम विजयेंद्र द्विवेदी मौके पर पहुंचे। हादसे के कारण हाईवे पर तकरीबन 20 किमी लंबा जाम लग गया जो करीब चार घंटे बाद खुल सका।



क्षतिग्रस्त वाहन।

> हादसे में दो छात्र, दो छात्राओं और कार चालक की मौत हुई है। डंपर और ट्राला चालक फरार हैं। मृतकों के परिजनों से तहरीर मांगी गई है। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। दोनों चालकों को पकड़ने के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं।
> – **राजेश कुमार सिंह**, डीसीपी पश्चिम

## कनाडा से उच्चायुक्त और राजनयिकों को बुलाया

नई दिल्ली, एजेंसी

**निज्जर मामला**

- हत्या में भारतीय अधिकारियों को जांच में किया था शामिल
- भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर जताई आपत्ति

भारत ने सोमवार को कनाडा से अपने उच्चायुक्त और निशाना बनाए जा रहे अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने का निर्णय लिया। खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से इन अधिकारियों को जोड़ने के कनाडा के प्रयासों के जवाब में भारत ने यह कार्रवाई की है।

विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रभारी राजदूत को तलब करने के कुछ ही देर बाद फैसले की घोषणा की। उसने कहा कनाडा के प्रभारी राजदूत को सोमवार शाम सचिव (पूर्व) ने तलब किया। उन्हें सूचित किया गया कि कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को निराधार तरीके से निशाना बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा इस बात पर जोर दिया गया कि उग्रवाद और हिंसा के माहौल में ट्रूडो सरकार की कार्रवाइयों ने उनकी सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है।

## जौहर विवि की भूमि लीज रद करने के खिलाफ याचिका रद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में सपा नेता आजम खान की अध्यक्षता वाले न्यास द्वारा संचालित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि लीज रद करने को चुनौती देने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा। उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूमि लीज रद्द किये जाने के खिलाफ मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट की कार्यकारी समिति की याचिका खारिज कर दी थी।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : शूटर की तलाश में उज्जैन और खंडवा में छापे

भोपाल, एजेंसी

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में वांछित संदिग्ध शूटर की मध्य प्रदेश में तलाश सोमवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई और मध्य प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीमें उज्जैन और खंडवा में पूजा स्थलों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

सिद्दीकी की हत्या के एक दिन बाद मुंबई पुलिस की एक टीम रविवार को मध्य प्रदेश पहुंची। यह टीम फरार शूटर शिव कुमार गौतम का पता लगाने के लिए मध्य प्रदेश में है। बाबा सिद्दिकी हत्याकांड में पुलिस ने अब तक तीन संदिग्धों-हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह (23), उत्तर प्रदेश निवासी धर्मराज राजेश कश्यप (19) और पुणे निवासी सह-साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया है। संदिग्ध हैंडलर मोहम्मद जिशान अख्तर भी मामले में वांछित है। उज्जैन और खंडवा प्रसिद्ध महाकाल और ओंकारेश्वर मंदिरों के लिए प्रसिद्ध हैं, जहां हर दिन हजारों श्रद्धालु आते हैं।

### बहराइच के फरार संदिग्ध ने सोशल मीडिया पर लिखा, यार तेरा गैंगस्टर है जानी

**लखनऊ।** बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में उत्तर प्रदेश के फरार संदिग्ध शिव कुमार गौतम ने शान दिखाने के मकसद से खुद को गैंगस्टर बताते हुए सोशल मीडिया पर हाल में ही पोस्ट करना शुरू किया था। गौतम ने 24 जुलाई को इंस्टाग्राम पर अपनी फोटो साझा करते हुए लिखा था, यार तेरा गैंगस्टर है जानी। फोटो में दिख रहा है कि वह मोटरसाइकिल पर सवार है। पोस्ट के बैकग्राउंड में एक हरियाणवी गाना बज रहा है। गौतम उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के गंडारा गांव का रहने वाला है। स्थानीय लोगों और पुलिस ने कहा कि गांव में उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह महाराष्ट्र के पुणे शहर में कबाड़ की एक दुकान पर काम करता है। 8 जुलाई को गौतम ने एक पोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, शरीफ बाप है... हम नहीं।

## विधायक को थप्पड़ मारने वाले भाजपा से निष्कासित

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह समेत चार लोगों पर था आरोप

**अमृत विचार:** विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारे जाने के मामले में भाजपा प्रदेश संगठन ने सोमवार को भाजपा नेता अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, उनकी पत्नी समेत चारों लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया।

बुधवार को अर्बन कोआपरेटिव बैंक डेलीगेट के चुनाव के दौरान पर्चा छीने जाने को लेकर बैंक की पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेत्री पुष्पा सिंह के पति भाजपा नेता जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह की सदर विधायक योगेश वर्मा से तीखी तकरार हो गई थी। गुस्साये अवधेश सिंह ने सदर कोतवाल अंबर सिंह के सामने विधायक को थप्पड़ जड़ दिया और उनके समर्थकों ने मारपीट की थी। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर 10 अक्टूबर को प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव व ज्योति शुक्ला को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब मांगा था। सोमवार को प्रदेश संगठन ने चारों को पार्टी से निष्कासित कर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने चारों लोगों के पार्टी से निष्कासन की पुष्टि की है।

## छात्रा से गैंगरेप, मृत समझकर फेंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- खेत में खून से लथपथ मिली किशोरी, दुपट्टे से बंधे मिले हाथ-पैर
- चिनहट कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज, आरोपियों की धरपकड़ के लिए 3 टीमें गठित

**अमृत विचार :** चिनहट में सोमवार तड़के 8वीं की छात्रा से आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद तीनों ने उसी के दुपट्टे से हाथ-पैर बांध कर गला कस दिया। आरोपी पीड़िता को मृत समझकर खेत में फेंककर आरोपी भाग निकले। घर न पहुंचने पर भाई तलाश करते हुए खेत पर पहुंचा, जहां बहन की हालत देख वह चौक गया। साथियों की मदद से किसी तरह उसके हाथ-पैर खोले और गोद में उठाकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं।

थाना क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीया किशोरी कक्षा 8 की छात्रा है। बहन ने बताया कि मायके से कुछ दूरी पर वह रहती है। सुबह करीब 3:30 बजे पीड़िता उसके पास पहुंची और नित्यक्रिया जाने की बात कहकर घर से निकल गई। करीब 7 बजे तक वापस नहीं लौटी तो घर के सभी लोगों ने तलाश शुरू की। तभी गांव के एक व्यक्ति ने उन्हें जानकारी दी कि खेत में बेसुध हालत में वह पड़ी है। खबर मिलते ही भाई भागकर खेत पर पहुंचा, देखा तो बहन के हाथ-पैर बंधे हैं और गले में दुपट्टा कसा है। कपड़ों पर खून के निशान थे। इस पर भाई उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचा। कंट्रोल रूम पर सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल और फिर अस्पताल पहुंची। परिजन ने गांव के तीन लोगों पर आरोप लगाया है। डीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि सर्विलांस समेत अन्य टीम की मदद ली जा रही है। जिन पर आरोप है, उनके खिलाफ तथ्य तलाशे जा रहे हैं। ताकि सही कार्रवाई की जा सके।

## तीन अर्थशास्त्रियों को नोबेल पुरस्कार

- राष्ट्रो के बीच समृद्धि में अंतर पर किया रिसर्च

**स्टॉकहोम।** राष्ट्रों के बीच समृद्धि में अंतर पर शोध के लिए डेरॉन ऐसमोग्लू, साइमन जॉनसन और जेम्स ए रॉबिन्सन को अर्थशास्त्र का नोबेल दिया गया है। रॉयल स्वीडिश अकेडमी ऑफ साइंसेज की नोबेल समिति ने कहा कि तीनों अर्थशास्त्रियों ने किसी देश की समृद्धि के लिए सामाजिक संस्थाओं के महत्व को प्रदर्शित किया है। कानून के खराब शासन वाले समाज और आबादी का शोषण करने वाली संस्थाएं वृद्धि या बेहतर बदलाव नहीं लाती हैं। ऐसमोग्लू और जॉनसन मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में काम करते हैं और रॉबिन्सन शिकॉगो विवि में शोध करते हैं।

## अब बिल्डर नहीं वसूल सकेंगे मनमाना बिजली बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा
- नहीं सुधार हुआ तो कट जाएगा सिंगल प्वांइट कनेक्शन

**अमृत विचार।** आवासीय भवनों में मनमाने ढंग से बिजली बिल वसूलने पर संबंधित बिल्डर पर पन्द्रह हजार रुपये तक का जुर्माना लगेगा। इसके बाद भी अगर बिल्डर की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ तो सिंगल प्वांइट पर दिया गया बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा और आवासीय उपभोक्ता अपने नाम से कनेक्शन ले सकेंगे। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने टैरिफ आदेश में बिजली निगमों को यह व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं।

निर्देश के तहत सिंगल पॉइंट कनेक्शन में पहली बार गलती पाये जाने पर बिल्डर पर पांच हजार जुर्माना, दूसरी गलती पर 10 हजार व तीसरी बार गलती पर 15 हजार जुर्माना लगाया जाएगा। आयोग के निर्देश के तहत बिजली कंपनियां ऑनलाइन पोर्टल बनाएंगी, जिसमें बिल्डर को सभी उपभोक्ताओं का बिजली बिल संबंधी डाटा प्रदर्शित करना होगा। सभी बिल्डरों को अपना ऑडिटेड अकाउंट भी रखना होगा। इस बीच, सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सदस्य संजय कुमार सिंह से मुलाकात कर उपभोक्ता हित में बिजली दर तय करने के लिए आभार व्यक्त किया। मालूम हो कि नियामक आयोग को शिकायतें मिल रहरी थीं कि कुछ बिल्डर सिंगल प्वाइंट कनेक्शन लेकर आवासीय उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूल कर रहे हैं। निर्धारित फिक्स चार्ज 110 रुपये व एनर्जी चार्ज सात रुपये प्रति यूनिट से ज्यादा वसूली की जा रही है।

### आवासीय समिति मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर नहीं काट सकतीं कनेक्शन

नियामक आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि कोई भी बिल्डर या आवासीय वेलफेयर समिति फ्रेंचाइजी के रूप में काम करेगी। वह मेंटेनेंस चार्ज के नाम पर किसी भी उपभोक्ता का बिजली का कनेक्शन नहीं काट सकेंगी। ऐसे बिल्डर या फ्रेंचाइजी आवासीय समिति जनरेटर व डीजी सेट होने पर इसका अलग से बिजली बिल उपभोक्ताओं से वसूल सकेंगी। उपभोक्ताओं को मेंटेनेंस चार्ज का भी बिल अलग से अदा करना होगा।


बर्रा 8 की सड़क पूरी तरह उखड़ गई है। गिट्टी बाहर निकल आई है। अमृत विचार


पांडु नगर बीमा अस्पताल की खराब सड़क पर चलना हादसों को दावत देना है। अमृत विचार

# 70 फीसदी का लक्ष्य, 50 फीसदी भी पूरा नहीं

## 80 किलोमीटर सड़कों को नई तरह से बनाना था, अभी तक सिर्फ 34 फीसदी ही हो सका है कार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर निगम को 150 किमी. पैचवर्क करना था, 75 किमी. पर ही काम कर पाए

**अमृत विचार।** नगर निगम शहर की सड़कों के गड्ढों को भरने के पहले टारगेट को ही पूरा नहीं कर सका है। शासन की ओर से 15 अक्टूबर तक 70 फीसदी गड्ढों को भरने का आदेश था, लेकिन सोमवार तक 50 फीसदी सड़कों पर ही पैचवर्क हो सका। नई सड़कों को बनाने का कार्य भी 50 फीसदी ही हो पाया है। नगर निगम अभियंत्रण विभाग का दावा है कि वह एक रात में बचे लक्ष्य को पूरा कर लेंगे। शहर में अभी भी कई प्रमुख सड़कों पर गड्ढें हैं। जिससे लोग परेशान हैं।

> मैं बाहर हूं, वर्तमान जानकारी मुझे नहीं है। अभियंत्रण में पता कर सकते हैं।
> – सैय्यद फरीद अख्तर जैदी, मुख्य अभियंता सिविल

सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये सीएम ने त्योहारों से पहले सड़कों को 100 फीसदी गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिये हैं। शासनादेश के तहत 15 अक्टूबर तक नगर निगम को शहर की 70 फीसदी सड़कों को गड्ढामुक्त करना है। वहीं, 28 अक्टूबर तक हर हालत में 100 फीसदी सड़कों को बनाना है। शासन की ओर से इसकी मॉनीटरिंग भी हो रही है। 16 और 19 अक्टूबर को इसकी फाइनल रिपोर्ट गूगल लिंक के जरिये मांगी गई है।

कानपुर नगर निगम को 150 किमी. में पैचवर्क करना था, जिसमें अफसरों का दावा है कि सोमवार तक 75 किमी. काम पूरा कर लिया गया है। वहीं, 80 किमी. में नई सड़कों का निर्माण कार्य होना था जिसमें 34 किमी. कार्य हो गया है। नगर निगम अभियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शासन के दिये गये लक्ष्यों के सापेक्ष हम कार्य पूरा कर लेंगे।

### अभी भी सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं

- पांडु नगर पुलिया वाली रोड, सीटीआई, शास्त्री चौक, बर्रा 8 मुख्य मार्ग, रामगोपाल चौराहा से साउथ गार्डेन जाने वाली सड़क के बुरे हाल हैं। कर्रही मार्ग, साकेत नगर की कई प्रमुख गलियों में पैचवर्क नहीं हुआ है। किदवई नगर थाने से डिपो चौराहा जाने वाली सड़क पर भी बड़े–बड़े गड्ढे हैं। पीडब्ल्यूडी के कार्यक्षेत्र में आने वाली पांडु नगर आईटीआई चौराहे से काकादेव थाने वाली सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे हैं। इसी तरह गोविंद नगर मुख्य मार्ग, सीटीआई से परमपुरवा मार्ग भी गड्ढे हैं। शहर में कालपी रोड, जीटी रोड पर भी कई जगह गड्ढे हैं। काकादेव गुरुद्वारा से शास्त्री नगर जाने वाली सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे हैं, यहां रोज ई–रिक्शा पलट रहे हैं।

# 14 सड़कें हवा की दुश्मन, नगर निगम को यूपीपीसीबी ने चेताया

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने निरीक्षण में 14 सड़कों पर पाई उड़ती धूल
- नगर नगम व संबंधित विभागों को भेजा पत्र, शीत ऋतु में बढ़ सकती मुसीबत

**अमृत विचार।** शहर की खराब सड़कें राहगीरों के साथ ही शुद्ध हवा की भी दुश्मन हैं। तापमान गिरने से पहले यदि सड़कें नहीं बनीं तो वायु प्रदूषण बढ़ने की आशंका है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निरीक्षण में 14 सड़कों पर बड़े-बड़े पैचहोल मिले हैं। जिसके बाद अधिकारियों ने चेताया है कि सड़कों को भरा नहीं गया तो पीएम-10 एवं पीएम-2.5 के प्रचालकों (ऑपरेट करने वाले यंत्रों) को नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है। विभाग ने नगर निगम को पत्र भेजकर सड़कों की मरम्मत करने का आग्रह किया है।

राष्ट्रीय स्वच्छ वायु परियोजना के तहत वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये यूपीपीसीबी ने कानपुर नगर निगम परिक्षेत्र में आने वाली सड़कों का निरीक्षण किया।

यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी इं. अमित मिश्रा ने बताया कि बोर्ड ने सीएएक्यूएमएस मानीटरिंग स्टेशनों नेहरू नगर, एफटीआई किदवई नगर एवं एनएसआई कल्यानपुर के समीप स्थित सड़कों का सर्वेक्षण किया। जिसमें 14 सड़कों पर पैचहोल और उड़ती हुई धूल पाई गई है। यह वायु गुणता मानकों के प्रतिकूल है।


ट्रांसपोर्ट नगर के अंदर भी सड़क धूल से भरी रहती है।

### इन 14 सड़कों पर मिली धूल

- शास्त्री चौक से सचान चौराहा, किदवई नगर चौराहा से नौबस्ता चौराहा, गल्ला मण्डी से नौबस्ता चौराहा, बर्रा चौराहा से करही रोड, गोल चौराहा से आईआईटी तक का मार्ग, फूलबाग से भगवतदास घाट तक का मार्ग, जरीब चौकी से रामबाग चौराहा, दादा नगर मलिक पेट्रोल पम्प से थम्सअप तिराहा, श्याम नगर, बगिया क्रासिंग रोड, कोकाकोला चौराहा से मरियमपुर चौराहा, विजय नगर मस्जिद रोड, ईपीएफ आफिस से दूलिप हास्पिटल रोड काकादेव और श्याम नगर पुल से 37 वाहिनी बटालियन मुख्यालय को जाने वाले मार्ग पर पैचहोल व उड़ती धूल मिली है।

# तस्करी में पकड़ा गया बेटा, 50 हजार भेजो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ निवासी रिटायर दरोगा को डिजिटल अरेस्ट करके 50 हजार रुपये की ठगी की गई। रिटायर दरोगा के मोबाइल पर कॉल आई कि तुम्हारा बेटा तस्करी में पकड़ा गया है। जेल भेज दिया जाएगा। अगर उसे बचाना चाहते हो तो 50 हजार रुपये ट्रांसफर करो। डर के कारण उन्होंने रुपये भेज दिए। बाद में ठगी का पता चला।

दुर्गा विहार ताड़ बगिया निवासी कुलदीप सिंह ने बताया उनके पिता अवधेश सिंह रिटायर दरोगा हैं। रविवार सुबह 11 बजे उनके मोबाइल पर कॉल आई कि आपके बेटे के खिलाफ अकबरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। अपना फोन स्विच ऑफ कर लो, वरना लोकेशन से ट्रेस करके पुलिस अरेस्ट कर लेगी। कुछ देर बाद दूसरी कॉल आई और फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारा बेटा ड्रग की तस्करी में अरेस्ट हुआ है। 50 हजार रुपये खाते में भेज दो तो जेल नहीं जाएगा। करीब 45 मिनट तक फोन करने वाले ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट रखा। रिटायर दरोगा ने 50 हजार रुपये बताए गए खाते में डाल दिए। फोन करने वाले ने धमकाया कि अगर बेटे की कॉल रिसीव की तो ठीक नहीं होगा। इसी डर के कारण बेटे का फोन भी उन्होंने नहीं उठाया। रिटायर दरोगा ने रुपये भेजने के काफी देर बाद बेटे से बात की तो पता चला कि वह ठगी का शिकार हुए हैं। अवधेश सिंह के अनुसार कॉल करने वाले के पीछे से आवाज आ रही थी कि पापा बचा लीजिए नहीं तो जेल भेज देंगे।

# हैलट पुल पर टकराईं तीन कारें, नौ घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर बेकाबू होकर गलत दिशा में चली गई
- दो अन्य कारों से टकराई, एक का पहिया उखड़कर निकला

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में सोमवार भोर पहर मेडिकल कॉलेज पुल पर तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार सामने से आ रही दो कारों से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक कार का पहिया टूट कर बाहर निकल गया और बैलून खुल गया। हादसे में तीनों कारों में सवार 9 लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाकर क्रेन की मदद से वाहनों को हटवाया।

स्वरूप नगर प्रभारी निरीक्षक सूर्यबली पांडेय ने बताया कि सोमवार भोर में किदवईनगर जी ब्लॉक के रहने वाले मनु वशिष्ठ और इनके परिवार के 4 लोग कार से मेडिकल कॉलेज पुल से फजलगंज की तरफ जा रहे थे। मनु वशिष्ठ ने बताया कि पुल पर सामने से तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार आ रही थी।

रफ्तार तेज होने के कारण चालक मोड़ पर गाड़ी संभाल नहीं सका और गलत दिशा में आ गया। इस वजह से आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे की चपेट में वहां से गुजर रही एक हांडा अमेज कार भी आ गई। वह भी क्षतिग्रस्त हो गई, चालक घायल हो गया। फॉर्च्यूनर कार सवार एनएसआई कैंपस में रहने वाले अनिल कुमार पाठक का बेटा साहस पाठक और उसके दोस्त अभिषेक, रितेश और अंकित मौके से भाग निकले। मनु ने आरोप लगाया कि फॉर्च्यूनर सवार नशे में थे। उन्होंने कार चालक और उसमें सवार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीनों गाड़ियों को कब्जे में लिया गया है। तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


एक कार का पहिया निकल गया। अमृत विचार


पुल पर टूटा पड़ा कार का पहिया।

# 50 सदस्य बनाने वाले भी बनेंगे सक्रिय साथी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 16 से 30 अक्टूबर तक चलेगा सक्रिय सदस्यता का अभियान
- अपराधी तथ्य छिपाकर सक्रिय सदस्य बने तो तुरंत निकाले जाएंगे

**अमृत विचार।** भाजपा में अब 50 सदस्य बनाने वाले भी सक्रिय सदस्य बन सकेंगे। पहले 100 सदस्य बनाने वाले ही सक्रिय सदस्य बन सकते थे। लेकिन अपराधी किसी सूरत में सक्रिय सदस्य नहीं बन सकेंगे। यह बात सोमवार को भाजपा कानपुर उत्तर जिला की गुरुनानक धर्मशाला कौशलपुरी में हुई सक्रिय सदस्यता कार्यशाला में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कार्यशाला में बताया कि बूथ अध्यक्ष और उसकी कमेटी को छोड़कर जो भी व्यक्ति मंडल में पदाधाधिकारी बनना चाहता है, उसे विधान सभा क्षेत्र में कम से कम 50 सामान्य सदस्य बनाने पड़ेंगे, तभी वह सक्रिय सदस्य बन पाएगा और उसे मंडल की कमेटी में दायित्व दिया जाएगा। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने की। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर को रात 12 बजे से सामान्य सदस्यता अभियान समाप्त हो जाएगा। इसके बाद सक्रिय सदस्यता अभियान 16 से प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर तक चलेगा। पहली नवंबर से 5 नवंबर तक सक्रिय सदस्यता का सत्यापन होगा। सजायाफ्ता व्यक्ति सक्रिय सदस्य नहीं बन सकता। यदि वह तथ्य छिपाकर सक्रिय सदस्य बन जाता है, तो पार्टी उसे तुरंत निकाल कर बाहर करेगी। बैठक में प्रमुख रूप से कलावती सिंह, विधायक नीलिमा कटियार, जितेंद्र विश्वकर्मा, आनंद मिश्रा, जन्मेजय सिंह, विनय पटेल, पूनम कपूर, जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा, संतोष शुक्ला, अवधेश सोनकर, वात्सेय त्रिपाठी, अभिमन्यु सक्सेना, प्रशांत पाल, विप्लव शर्मा, विवेक पांडे मौजूद रहे।

## एक नजर

### पूर्व महामंत्री के निधन पर जताया शोक

**कानपुर।** पांडु नगर स्थित आरके एम जिम में सोमवार को एम्पलाइज प्रोविडेंट फंड पेंशनर्स संगठन उत्तर प्रदेश रीजन ने शोक सभा की जिसमें एंप्लाइज प्रोविडेंट फंड मनोरंजन क्लब के पूर्व महामंत्री अरुण अवस्थी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। संगठन के महामंत्री राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि अरुण अवस्थी क्रिकेट के प्रति समर्पित रहते थे, उन्होंने भविष्य निधि कार्यालय उत्तर प्रदेश की क्रिकेट टीम का गठन किया, जिसके वह कप्तान भी थे। वह संगठन और समाज के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते थे। वह शहर के सबसे पुराने काउंटी क्रिकेट क्लब के सदस्य, केसीए के उपाध्यक्ष व सचिव भी रहे। इस दौरान संगठन के उपाध्यक्ष जेपी सिंह भदौरिया, बीएल अवस्थी, एसडी कुमार, केके श्रीवास्तव, बजरंगी, उमेश कुमार शुक्ल, सुशील तिवारी, हरीश जोशी आदि रहे।

# दीपावली पर बड़ौदा, सूरत होते हुए विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दीपावली के मद्देनजर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कानपुर से बड़ौदा, सूरत होते हुए उधना (गुजरात) तक विशेष सुपरफास्ट ट्रेन चलाने की घोषणा की है।



उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि सुपरफास्ट ट्रेन 09069, 21 व 28 अक्टूबर के अलावा 4 एवं 11 नवंबर को उधना से चलेगी जबकि कानपुर से ये ट्रेन 22 व 29 अक्टूबर एवं 5 नवंबर और 11 दिसंबर तक कुल 4-4 फेरे संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 09069 उधना से सुबह 5.30 बजे चलेगी। सूरत, भरुच, बड़ोदरा, रतलाम, नागदा, उज्जैन, शिवपुरी ठहराव लेते हुए ग्वालियर स्टेशन पर रात 1 बजे पहुंचेगी। दस मिनट बाद सोनी स्टेशन रात 2 बजे, भिंड स्टेशन पर रात 2.30 बजे, इटावा स्टेशन पर रात 3.38 बजे, कानपुर सुबह 6.30 बजे पहुंचेगी।

इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09070 कानपुर से सुबह 9.30 बजे रवाना होगी, दोपहर 12.38 बजे, इटावा दोपहर 1.35 बजे, भिंड 2.10 बजे, अपराह्न 3.50 बजे ग्वालियर पहुंचेगी। शिवपुरी, गुना, रुठिनाई, ब्यावरा, राजगढ़, शाजापुर, मक्खी, उज्जैन, नागदा, रतलाम, बड़ौदा, भरुच, सूरत होते हुए सुबह उधना बजे पहुंचेगी।

## नई दिल्ली-पटना तक वंदेभारत और तेजस

**कानपुर।** दीपावली और छठ पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। जिसमें नई दिल्ली से कानपुर होते हुए पटना तक विशेष सुपरफास्ट वंदेभारत एक्सप्रेस और तेजस एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पटना और नई दिल्ली के बीच 02252/02251 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली वंदे भारत स्पेशल एक्सप्रेस और 02250/02249 नई दिल्ली-पटना-नई दिल्ली तेजस सुपरफास्ट फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलेगी। नई दिल्ली से स्पेशल वंदे भारत ट्रेन 30 अक्टूबर 1 नवंबर, 3 नवंबर और 6 नवंबर को पटना के लिए रवाना होगी। वहीं, वापसी में 31 अक्टूबर, 2 नवंबर, 4 नवंबर और 7 नवंबर को यह वंदे भारत ट्रेन पटना से दिल्ली के लिए जाएगी। नई दिल्ली से वंदेभारत सुबह 8.25 बजे चलेगी और दोपहर 1.05 कानपुर सेंट्रल आएगी। वहीं, तेजस ट्रेन नंबर 02248 नई दिल्ली से पटना के लिए 31 अक्टूबर, 2 नवंबर और 5 नवंबर को 8:25 बजे दिल्ली से चलकर दोपहर 3:00 बजे प्रयागराज जंक्शन पहुंचेगी। इसके बाद रात में 8:30 बजे पटना पहुंच जाएगी। वहीं, पटना से 30 अक्टूबर, एक नवंबर, 3 नवंबर और 6 नवंबर को 7:30 बजे सुबह पर चलेगी और शाम को 7:35 पर नई दिल्ली पहुंच जाएगी।

## प्लास्टिक रोकने के लिए जागरुकता अभियान

**कानपुर।** 'स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता' थीम पर सेंट्रल समेत कई स्टेशनों पर प्लास्टिक रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रयागराज मण्डल में सभी स्टेशनों पर एकल उपयोग प्लास्टिक रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। सेंट्रल स्टेशन पर स्वच्छ नीर, स्वच्छ आहार, स्वच्छ खानपान व्यवस्थाएं, स्वच्छ परिसर, स्वच्छ प्रसाधन, प्लास्टिक मुक्त परिसर सहित स्वच्छता के सभी मानकों पर कार्य किया जा रहा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**
I Santosh Kumar S/o Surya Narayan, Address- Khasra no 155, Badshah kheda, Alamnagar, Lucknow 226017, wants to inform publicly that by mistake my daughters name in Adhar Card mentioned as Ruby Trivedi where as her true name is Vedanshi Trivedi according DOB certificate.

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं0– 270863 पर मेरे नाम के साथ पिता का नाम भगवती प्रसाद शुक्ला लिखा है, जो कि गलत है। अतः मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में पिता का नाम भगवत प्रसाद शुक्ल होना अनिवार्य है। **चन्द्रकान्त शुक्ल पुत्र भगवत प्रसाद शुक्ल नि0 – ग्राम पूरे काली तिवारी मजरे उमरी प0 व तह0 सलोन जिला– रायबरेली।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे प्रथम सेमेस्टर की बी.एस.सी. की मार्कशीट फरवरी 2022 व द्वितीय सेमेस्टर जुलाई 2022 की मार्कशीट कहीं खो गई है। जिसका अनुक्रमांक 2121290492 है। **सौरभ वर्मा पुत्र श्री परमानन्द निवासी – केन्द्रीय विद्यालय के पास लखेपड़ाबाग, बढ़ेल, परगना व तहसील– बाराबंकी।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे नाम जारी एलआईसी पॉलिसी बान्ड में मुकेश कुमार पुत्र राजाराम लिखा है, जबकि मेरे आधार कार्ड व बैंक खाते में मुकेश राजाराम कर्मवीर लिखा है। दोनों नाम मेरे ही हैं। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये। **मुकेश राजाराम कर्मवारी, ग्रा0पो0– सोतवाखेड़ा, जि0– रायबरेली, मो0– 7041623475**

**सूचना**
प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्यजीवी सहकारी समिति की प्रथम बैठक ब्लॉक टोडरपुर की न्याय पंचायत सुंदरपुर अमरौली के ग्राम कमालपुर में 18 अक्टूबर को मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड की प्रथम संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया जायेगा।
प्रार्थी– रज्जन कश्यप, मो0: 9598461370

**आवश्यकता है**
शहजादे सिंह महाविद्यालय, अतरौली– भरावन, हरदोई के बी.टी.सी. विभाग में विभागाध्यक्ष/प्राचार्य –1, सभी विषय के प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। वेतन व योग्यता एन.सी.टी.ई./राज्य सरकार के मानकानुसार। 30/10/2024 तक आवेदन करें। साक्षात्कार– 11/11/2024 को सुबह 10 बजे महाविद्यालय परिसर में होगा।
प्रबन्धक मो0: 9918126001

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा बड़ा लड़का मोहनलाल व पुत्रवधू राजकुमारी का चाल–चलन व व्यवहार ठीक नहीं रहता है, वे आये दिन मुझे गाली देना, मारपीट करना, खाना–पीना न देना व अभद्र व्यवहार करता है। जिससे मेरी सामाजिक छवि धूमिल हो रही है। इस कारण मैंने अपने लड़के मोहनलाल व पुत्रवधू राजकुमारी के कृत्यों से क्षुब्ध होकर उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से 16.07.2024 से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सराकोर नहीं होगा। **राम विलास पुत्र पूर्वीदीन ग्राम महावीर खेड़ा, पो0– महरानीगंज, थाना– खीरो, जिला– रायबरेली।**

**लापरवाही** मरियमपुर से कौशलपुरी जाने वाले मुख्य मार्ग पर सफाई कर्मचारी फेंक रहे कूड़ा, स्मार्ट सिटी के तहत बनाया गया भूमिगत कूड़ाघर नहीं हुआ शुरू

# सड़क को बना दिया कूड़ाघर, कंटेनर बने हैं शोपीस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में कई जगह कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन बनने के बाद भी खुले में कूड़ा डंप किया जा रहा है। मरियमपुर से नजीराबाद जाने वाले मुख्य मार्ग पर सफाई कर्मचारी ही सड़क पर कूड़ा डंप कर रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों के साथ राहगीरों को भीषण बदबू का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर कूड़ा डालने से मार्ग संकरा हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई शिकायतों के बाद भी नगर निगम में सुनवाई नहीं हो रही।

वार्ड 85 के कौशलपुरी क्षेत्र में रहने वाले मुकेश गुप्ता ने बताया कि कौशलपुरी मेन रोड पर शौचालय के बाहर ही कूड़ाघर बना दिया गया है। नगर निगम के सफाई कर्मचारी मुख्य मार्ग पर ही कूड़ा डंप कर रहे हैं। जिससे भीषण बदबू व गंदगी रहती है। पास से निकलना दूभर है। दिनभर बदबू फैली रहती है। क्षेत्र में रहने वाले लोगों को खिड़की, दरवाजे बंद रखने पड़ते हैं।

कानपुर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शौचालय के बगल में गीला व सूखा कूड़ा डालने के लिये छह माह पहले भूमिगत कूड़ा कंटेनर स्थापित किये गये, लेकिन न ही उसमें कूड़ा जाता है और न ही उससे निकाला जाता है। क्षेत्र के हरजीत सिंह ने बताया कि कूड़ा कंटेनरों को गलत बनाया गया है, एक बार मशीन कूड़े को लेने आई थी। कंटेनर दीवार से सटाकर लगाए गये हैं इसलिये दिक्कत आ रही हैं।


कौशलपुरी मुख्य मार्ग पर सफाई कर्मचारी कूड़ा डालता हुआ। अमृत विचार



स्मार्ट सिटी की ओर से लगाए गए कंटेनर एक वर्ष से ऑपरेट नहीं हुए। अमृत विचार

> नगर निगम अधिकारियों से कूड़ाघर हटाने के लिये कहा गया है। स्थानीय लोगों की समस्या संज्ञान में है। जल्द इस समस्या को जड़ से खत्म करेंगे।
> – अमनदीप सिंह गंभीर, पार्षद वार्ड 85


सड़क पर कूड़ा डालने से यातायात प्रभावित रहता है। क्षेत्रीय जनता में आक्रोश है। कई शिकायतें कीं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। – **हरजीत सिंह, स्थानीय दुकानदार**


आस–पास के रेस्टोरेंट वाले बचा हुआ खाना मुख्य मार्ग पर कूड़ाघर में डालते हैं। इससे गाय और कुत्ते एकत्र होने लगे हैं। आने जाने वालों को कुत्ते काट रहे हैं। – **विनय जायसवाल, स्थानीय दुकानदार**


स्मार्ट सिटी का कूड़ा कंटेनर दिखावा बने हैं। पूरी रोड को कूड़ाघर बना दिया है। कई शिकायतें की हैं। नगर निगम कर्मचारी समस्या और बढ़ा रहे हैं। **–प्रकाश पाल, स्थानीय निवासी**



भौंती में डंपर और ट्राला के बीच फंसने से कार से परखचे उड़ गए। अमृत विचार

# बहन की डोली उठनी थी, अब उठेगी भाई की अर्थी

## भौंती सड़क हादसे में मारे गए छात्र प्रतीक सिंह की बहन की शादी दो महीने बाद होनी थी, पूरा परिवार इसकी तैयारियों में जुटा था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भौंती हादसे में किसी ने अपनी होनहार बेटी खोई तो किसी ने परिवार का इकलौता चिराग। परिजनों ने जो सपने देखे थे, वे एक पल में ही चकनाचूर हो गए। घर से लेकर पोस्टमार्टम तक परिजनों का चीत्कार सुनाई दे रहा था। आस-पास के लोग संभालने में जुटे थे।



प्रतीक सिंह।

हादसे में मारे गए प्रतीक सिंह उर्फ अनुज के परिजन शव देखकर फफक-फफक कर रो पड़े। परिवार में पिता राजेश सिंह, मां मायादेवी दो बहनें शिखा और साक्षी हैं। शिखा पीएचडी की तैयारी कर रही है जबकि साक्षी गुड़गांव में जॉब कर रही है। दो महीने बाद शिखा की शादी है, जिसकी तैयारी परिवार में चल रही थी। इकलौते बेटे प्रतीक ने कहा था कि बहन की शादी बड़ी धूमधाम से करनी है। इसके लिए वह तैयारियों में जुटा था। बहन की डोली उठाने की उसे बड़ी तमन्ना थी लेकिन उसकी अर्थी उठने जा रही है।



रोते बिलखते छात्र प्रतीक के परिजन। अमृत विचार

### कल ही तो बात हुई थी



एंबुलेस में रखे शव को देखकर आयुषी पटेल के परिजन बिलखने लगे। आयुषी के पिता रमाशंकर पटेल, मां समता और भाई आयुष बिलखते रहे। सनिगवां निवासी आयुषी बीटेक कम्प्यूटर साइंस फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। हैलट में आयुषी के मामा की बेटी शालिनी उमराव सबसे पहले पहुंची। शव देख उसके हाथ पैर कांपने लगे। बोली कि विश्वास नहीं हो रहा, कल ही तो बात

### सतीश ने कहा था, शॉपिंग करनी है



इंजीनियरिंग छात्र सतीश सिंह के पिता रमेश चंद्र सीआरपीएफ में दरोगा हैं। एक बेटा नीतीश भी सीआरपीएफ में दरोगा है। दोनों इन दिनों छुट्टी में घर आए थे। भाई नीतीश ने बताया कि सतीश को कपड़े और जूतों का बहुत शौकीन था। उसने वादा किया था कि अबकी बार जब आओगे तो मुझे शॉपिंग कराओगे। पिता, मेरा बेटा ऐसे ही चला गया कहते हुए बड़े बेटे के कंधे पर सिर रखकर रोने लगे।

### होनहार बेटी थी मेरी, पता नहीं किसकी नजर लग गई...



21 वर्षीय गरिमा त्रिपाठी की मां रीता बोलीं बहुत होनहार थी मेरी बेटी न जाने परिवार को किसकी नजर लग गई। गरिमा के टीएसआई पिता भरत कुमार त्रिपाठी भी रोते रहे। परिवार में इंटर में पढ़ने वाली बहन महिमा, आठवीं में पढ़ने वाला भाई कुश भी है। भगवान ने बहुत बड़ा पहाड़ हमारे ऊपर तोड़ दिया है। न जाने कौन सी गलती हुई जो इतना बड़ा दुख दिया।

### करवा चौथ से पहले उजड़ गया मांग का सिंदूर



कार चालक विजय साहू की पत्नी सुमन ने कहा कि विश्वास ही नहीं हो रहा कि कुछ देर पहले जो कार से बच्चों को लेकर छोड़ने के लिए निकले थे, वे अब उनके बीच नहीं हैं। वह परिवार के मुखिया थे। अतिरिक्त इनकम के लिए वे अपनी ऑल्टो कार से बच्चों को छोड़ने जाते थे। करवा चौथ के पहले ही सुमन की मांग का सिंदूर उजड़ गया। परिवार में दो बेटे शशांक और हिमांशु हैं।

### हादसे के पल

- सुबह **8:47** पर हाईवे पर हुआ हादसा
- **9:07** पर राहगीर विजय ने घटना की जानकारी कंट्रोल रूम को दी।
- **9:27** पर इंडस्ट्रियल एरिया चौकी व थाने का फोर्स घटना स्थल पर पहुंचा।
- **9:40** पर गाड़ी में फंसे शवों को निकालने का काम हुआ शरू।
- **10:25** पर पांचों शवों को निकाला गया।
- **10:32** पर घटनास्थल पर पहुंची क्रेन।
- **10:50** पर दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को किनारे किया
- **1:05** पर यातायात सुचारू रूप से हुआ बहाल।
- **1.20** पर सभी के परिजन मार्चुरी की तरफ पहुंच गए थे।
- **3.05** पर पंचनामा भरते गए और पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू हुई।
- **6** बजे सभी के शव एक-एक करके परिजनों को सुपुर्द कर दिए गए।

# सात-आठ मिनट तक चीखे, फिर थम गईं सांसें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भौंती में सोमवार सुबह डंपर और ट्राला के बीच फंसकर ऑल्टो कार पिसने से पांच लोगों की मौत हो गई। पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के बीटेक छात्र प्रतीक सिंह उर्फ अनुज, सतीश सिंह, आयुषी पटेल, गरिमा त्रिपाठी और कार चालक की जान गई।

हादसे के चश्मदीद जुगराजपुर सचेंडी निवासी विश्वास शुक्ला ने बताया कि वह कल्याणपुर काम करने जा रहा था। उसने देखा कि डंपर और ट्राला के बीच कार फंसी हुई थी। उसने बताया कि सात से आठ मिनट तक कार में फंसे लड़के लड़कियों की चीख पुकार मची रही। लहूलुहान अवस्था में सभी असहनीय दर्द की वजह से चीख रहे थे। सात से आठ मिनट के भीतर ही सभी की आवाजें आना बंद हो गईं। उसका कहना था कि वह लोग कार में इतनी बुरी तरह दबे थे कि मोबाइल तक नहीं उठा सके। इसके बाद पुलिस पहुंची तब लोगों ने आगे वाला डंपर धक्का देकर बढ़ाने की कोशिश की लेकिन उसके ब्रेक शू जाम थे। फिर क्रेन की मदद से तीनों वाहनों को मौके से हटवाया गया और कार की बॉडी काटकर शवों को निकाला गया।



चश्मदीद विश्वास शुक्ला। अमृत विचार

- **डंपर और ट्राला के बीच दबकर पांच लोगों की मौत का मामला**



दुर्घटनाग्रस्त कार को उठा ले जाती क्रेन। अमृत विचार

### ट्राला को ओवरटेक किया था

- चश्मदीदों ने बताया कि भौंती पुल की ढाल के पास हाईवे पर सड़क किनारे डंपर खराब खड़ा था। बर्रा की ओर से आ रही ऑल्टो कार सरिया लदे ट्राला को ओवरटेक करके आगे बढ़ी तो आगे खड़े डंपर में पीछे से घुस गई। तब तक पीछे से आ रहे ट्राला भी कार में घुस गया और कार डंपर और ट्राला के बीच फंसकर पिचक गई।

### छात्र-छात्राएं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे

- पीएसआईटी के कई छात्र-छात्राएं सूचना पाकर घटनास्थल और फिर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। सभी की आंखों में आंसू थे और स्तब्ध थे। चार साथियों की दर्दनाक मौत पर सभी सुबकते रहे और आपस में बातें करते रहे। बाद में मार्चुरी में मौजूद मृतकों के परिजनों से लिपटकर रो पड़े। कई छात्र-छात्राएं साथियों के घर भी पहुंचे।

# फरार चालकों पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पनकी थाने में प्रतीक के पिता ने दर्ज कराई एफआईआर**

**अमृत विचार।** भौंती पुल ढाल के पास हुए सड़क हादसे के मामले में मृतक बीटेक छात्र सनिगवां निवासी प्रतीक सिंह उर्फ अनुज के पिता राजेश सिंह ने डंपर और ट्राला के चालक के खिलाफ गैर इरादन हत्या और अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। डीसीपी पश्चिम राजेश सिंह ने बताया कि दोनों फरार चालकों को पकड़ने के लिए पुलिस की चार अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं।

राजेश सिंह ने दर्ज एफआईआर में बताया कि 14 अक्टूबर को सुबह 9 बजे बेटा प्रतीक अपने तीन अन्य साथियों सतीश कुमार, आयुषी पटेल, गरिमा त्रिपाठी और चालक विजय के साथ ऑल्टो से पीएसआईटी कॉलेज सचेंडी जा रहे थे। कार में कुल 5 लोग थे। ये लोग भौंती बाईपास के ठीक ऊपर हाईवे पर पहुंचे थे कि कार के आगे चल रहे वाहन के चालक ने जान बूझकर अचानक ब्रेक लगा दिया। जिस कारण कार आगे चल रहे वाहन में घुस गई, तभी पीछे आ रहे ट्राला के चालक ने जानबूझ कर पीछे से कार को टक्कर मार दी। इस कारण कार सवार पांचों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे के बाद दोनों चालक मौके पर अपने वाहन छोड़कर फरार हो गये। इस संबंध में पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र के पिता ने फरार चालकों के खिलाफ गैर इरादन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।



रोते बिलखते छात्रा गरिमा के परिजन। अमृत विचार



मार्चुरी के पास मौजूद पीएसआईटी के वाइस प्रेसिडेंट अभिजीत सिंह। अमृत विचार



कार चालक विजय साहू की पत्नी को संभालते परिजन। अमृत विचार



सतीश के पिता व भाई के आंसू नहीं रुके। अमृत विचार

# सिर-सीने की हड्डियां टूटीं रक्तस्राव से मौत

**कानपुर।** प्रतीक सिंह, सतीश सिंह, आयुषी पटेल, गरिमा त्रिपाठी और चालक विजय साहू का देर शाम तक पोस्टमार्टम चला। कार में चालक विजय और छात्र प्रतीक आगे बैठे थे, इस कारण सबसे ज्यादा चोट इन दोनों को आई हैं। सिर और सीने में कार के पार्ट्स घुस जाने से 10 से ज्यादा हड्डी टूटी मिलीं और आंतरिक रक्तस्राव मौत का कारण बना। वहीं सतीश सिंह, आयुषी पटेल और गरिमा त्रिपाठी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी निकली। सिर, हाथ, पैर, सीने में चोट और आंतरिक रक्तस्राव से उनकी जान गई।

**मृतकों के चेहरों पर दिखा दर्द**

जब शव हैलट अस्पताल लाए गए तो सभी की मुट्ठियां भिंची हुई थीं। दर्द और परेशानी के भाव सभी के चेहरे पर दिखाई दे रहे थे। कार की छत और सीट एक हो गई थी। जाहिरा चोटें भी सभी के चेहरे पर थीं। दर्द और छटपटाहट के मिश्रित भाव चेहरों पर दिखाई दिए।

# एंबुलेंस नहीं, लोडर में लादकर भेजे तीन शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हादसे में पुलिस की लापरवाही और उदासीनता साफ देखने को मिली। घटनास्थल से पुलिस किसी तरह शवों को हटाकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचवाना चाहती थी ताकि छात्र बवाल न कर दें। इसी हड़बड़ी में तीन शवों को लोडर में लादकर भेज दिया गया। दो शवों को एंबुलेंस से भेजा गया। एक बार परिजनों ने इस बात पर आपत्ति जताई लेकिन पुलिस ने उन लोगों को संभाल लिया। परिजनों का कहना था कि सरकार इतनी एंबुलेंस चला रही है, लेकिन देश के भविष्य इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले छात्रों के शवों को लावारिसों की तरह लोडर में लादकर भेज दिया गया। इस बात की शिकायत वह लोग उच्चाधिकारियों से करेंगे।

**पीएसआईटी के वाइस प्रेसिडेंट ने दी सांत्वना :** पीएसआईटी डायरेक्टर प्रणवीर सिंह के सिंगापुर में होने के कारण उनके बेटे और संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट अभिजीत सिंह कर्मचारियों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और मृतकों के परिजनों को सांत्वना दी। उनका कहना था कि वह लोग दुख की इस घड़ी में उनके साथ हैं। हर तरह की मदद के लिए उनके लिए खड़े हैं।



लोडर में शव लादते लोग।

- **पुलिस की अमानवीयता से परिजन खफा**
- **बवाल के डर से जल्दबाजी में शवों को हटवाया**



घटनास्थल पर जांच करते डीसीपी पश्चिम राजेश सिंह व अन्य पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

# निजी कार का कामर्शियल इस्तेमाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कामर्शियल लाइसेंस नहीं था, कार में कामर्शियल प्लेट भी नहीं थी
- कार के निकले तीन चालान, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** भौंती पुल की ढाल के पास हादसे का शिकार हुई ऑल्टो कार निजी थी लेकिन इस्तेमाल कामर्शियल में हो रहा था। न तो इसका कामर्शियल लाइसेंस था और न ही उसमें कामर्शियल प्लेट लगी थी। कार के तीन चालान निकले हैं, जिसमें 24 जनवरी 2022 में 500 रुपये, 12 मई 2023 में 1000 रुपये, 26 अप्रैल 2024 को 2000 रुपये के चालान पेंडिग हैं।

बात सिर्फ विजय साहू की ऑल्टो कार से छात्र-छात्राओं के कॉलेज जाने का नहीं है बल्कि सभी इंस्टीट्यूटों में हजारों छात्र-छात्राओं इस तरह की ऑल्टो कार, मारुति वैन, वैगनआर, स्विफ्ट डिजायर समेत तमाम कारें लेकर आती जाती हैं। इन गाड़ियों के चालक के पास न तो कामर्शियल लाइसेंस हैं और न ही ये गाड़ियां कामर्शियल हैं। अक्सर इन वाहनों से हादसे होते रहते हैं लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं टूटती हैं।

बताया जा रहा है कि हादसा ब्लैक स्पॉट पर हुआ है। इस ब्लैक स्पॉट पर तीन तरफ से ट्रैफिक आता है। चकेरी की तरफ से आने वाला भारी ट्रैफिक इस स्पॉट पर आकर धीमा हो जाए, इसके लिए यहां रंबल स्ट्रिप (लाइट स्पीड ब्रेकर) बनाए गए हैं। जिन पर गाड़ी के पहिए पड़ने के बाद पूरी तरह से हिल डुल जाते हैं। बताया जा रहा है कि इस स्पॉट पर पूर्व में भी कई हादसे हो चुके हैं।

# 20 किलोमीटर तक लगा जाम, चार घंटे बाद खुला

कल्याणपुर, संवाददाता

- **कुछ वाहन चालक जाम से बचने की जुगत में उल्टी दिशा में चलने लगे**

**अमृत विचार।** हादसे के बाद हाईवे पर लगभग 20 किलोमीटर लंबा भीषण जाम लग गया। शवों को कार से बाहर निकालने के बाद पुलिस चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात को बहाल करा पाई।

पनकी भौंती बाईपास के ऊपर हुए हादसे के बाद ट्राला व डंपर के चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकले। जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। देखते ही देखते कानपुर इटावा हाईवे पर रामादेवी तक लगभग 20 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। इस बीच कुछ वाहन चालक जाम से बचने की जुगत में नीचे हाईवे से जाने के लिए नौबस्ता में उलटी दिशा से नीचे उतरने लगे। जिससे नीचे हाईवे पर भी जाम की स्थिति बन गई।

पुलिस ने क्रेन व हाइड्रा की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को किनारे कराने के बाद एक-एक कर वाहनों को वहां से निकलना शुरू किया। पूरी तरह यातायात बहाल करने में पुलिस के पसीने छूट गए। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस जाम खुलवा पाई।



हादसे के बाद हाईवे पर लगे जाम में फंसे रहे वाहन। अमृत विचार

### पानी व अन्य चीजों के लिए तरसे राहगीर

- ऊपर हाईवे पर जाम में फंसे लोग एक दूसरे से पानी मांगते नजर आए। बच्चों व परिवार के साथ सफर कर रहे लोग खाने-पीने की चीजों को तलाशते रहे।

### सीएनजी सिलेंडर फटता तो राहगीर भी आते चपेट में

- डंपर व ट्राला के बीच पिसी ऑल्टो कार की डिग्गी में सीएनजी सिलेंडर लगा था। गनीमत रही कि वह नहीं फटा। अगर फटता तो राहगीर भी इसकी चपेट में आते। सिलेंडर से बंधी लोहे की पत्तियां टूट जाने के चलते सिलेंडर पिछली सीट पर बैठे छात्रों को दबाते हुए आगे की ओर घुस गया।


# 367 करोड़ की बर्बादी का स्मारक 'भूत महल'

विकास कुमार, कानपुर

- पांडु नगर बीमा अस्पताल परिसर में खड़े अधूरे भवन का इस्तेमाल तय नहीं हो पाया
- सरकारी योजनाओं में लापरवाही और भ्रष्टाचार की कहानी सुना रही परियोजना
- इमारत होती जा रही खंडहर, आसपास झाड़ियां पर कोई जवाबदेह नहीं

**अमृत विचार।** पांडु नगर स्थित बीमा अस्पताल परिसर में खड़ा आधा-अधूरा भवन सरकारी योजनाओं में लापरवाही और भ्रष्टाचार का स्मारक बन गया है। आसपास झाड़ियों का जंगल और खंडहर होते भवन को आसपास के लोग 'भूत महल' जैसा बताते हैं। 12 साल निर्माण कार्य चला, इस दौरान यही तय नहीं हो पाया कि भवन बनाया किसलिए जाना है। अब 367 करोड़ रुपये बर्बाद होने के बाद किसी की जवाबदेही तो दूर सालों से बंद पड़ी परियोजना पूरी करने की तरफ भी किसी का ध्यान नहीं है।


367 करोड़ की इमारत खंडहर हो रही। अमृत विचार


"पांडु नगर में निर्माणाधीन बीमा अस्पताल के संचालन के संबंध में विधानसभा में मुद्दा उठाया है, ताकि श्रमिकों को इलाज के लिए किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।
–अमिताभ बाजपेई, सपा विधायक


निर्माणाधीन बीमा अस्पताल के संचालन के संबंध में श्रम मंत्री अनिल राजभर से मुलाकात कर उन्हें जानकारी दी है। निर्माण कार्य जल्द पूरा हो सके, इस पर चर्चा की थी। इस अस्पताल को भी जाजमऊ बीमा अस्पताल की तरह केंद्र सरकार के हैंडओवर करने के विषय में वार्ता हुई। बैठक में यह मुद्दा उठाया जाएगा।
–सुरेंद्र मैथानी, भाजपा विधायक"

पांडु नगर स्थित बीमा अस्पताल परिसर में 289 करोड़ से कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों ने ईएसआइसी का मेडिकल कॉलेज बनाने का निर्णय लिया था, इसके लिए वर्ष 2006 में निर्माण एजेंसी फाइनल की गई। इसके बाद वर्ष 2007 में 300 बेड का बीमा अस्पताल बनाने का काम शुरू हुआ था। लेकिन मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के मानक के तहत जमीन कम होने पर इस निर्णय को खारिज कर दिया गया। इस पर ईएसआइसी अधिकारियों ने यहां डेंटल कॉलेज खोलने का फैसला लिया। लेकिन ईएसआईसी बोर्ड ने कामगारों के पैसे से डेंटल कॉलेज बनाने के फैसले पर एतराज जता दिया और इसे पैसों की बर्बादी का करार दिया।

इसके बाद अधिकारियों ने यहां पर पैरामेडिकल स्टॉफ की कमी दूर करने के लिए ईएसआइसी का नर्सिंग कॉलेज खोलने फैसला लिया। लेकिन कुछ दिनों बाद अधिकारियों ने अपने इस फैसले को भी पलट दिया और नर्सिंग कॉलेज नहीं बन पाया। इसी बीच भाजपा सरकार ने कानपुर में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल खोलने का निर्णय लिया। तत्कालीन केंद्रीय श्रम मंत्री बंडारू दत्तात्रेय ने 6 अक्टूबर 2016 को यहां सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल की आधारशिला रखी, जो बिल्डिंग 289 करोड़ में बननी थी, अब उसकी लागत बढ़कर 367 करोड़ रुपये हो गई थी। निर्माण कार्य में कुछ दिन तेजी दिखी जिससे लगा कि श्रमिकों को अब इलाज के लिए कहीं और भटकना नहीं पड़ेगा और जल्दी ही सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा, लेकिन श्रमिकों के सपने सपने ही रह गए और वर्ष 2019 में काम पूरी तरह बंद हो गया। अब अधूरी इमारत खंडहर जैसी नजर आती है और चारों तरफ झाड़ियों की जंगल खड़ा हो चुका है।

# बाजार बंद कर थाने का घेराव किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शास्त्री नगर बाजार में व्यापारी से मारपीट का मामला
- आरोपी दंपति पर कार्रवाई का आश्वासन मिला

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर बाजार में दुकान के बाहर गड्ढा खुदवाने के विवाद में व्यापारी से मारपीट के मामले में सोमवार को व्यापारियों ने दुकानें बंद कर काकादेव थाने का घेराव किया। शास्त्री नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुष्पेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने शास्त्री नगर चौकी के पास एकत्रित होकर हंगामा किया। व्यापारियों ने आरोपी दंपति की गिरफ्तारी और दुकान सील करने की मांग की। इंस्पेक्टर ने आरोपी दंपति पर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर व्यापारियों को शांत कराया।

शास्त्री नगर निवासी महीप कटियार मोबाइल टावर लगवाने के लिए रविवार को चचेरे भाई संजीव कटियार की दुकान के बाहर गड्ढा खुदवा रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर महीप ने पत्नी संध्या और दुकान के कर्मचारी प्रदीप व रोहित के साथ लोहे की राड से हमला कर दिया। हादसे में संजीव उनकी पत्नी रत्ना और भतीजा ओम मरणासन्न हो गया। ओम का एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन हुआ। जिसके बाद उसे आईसीयू में रखा गया है।


शास्त्रीनगर बाजार बंद कर हंगामा करते व्यापारी। अमृत विचार

वहीं दूसरे पक्ष के महीप की पत्नी संध्या भी अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने संजीव पर परिवार समेत जानलेवा हमला करने के साथ पुलिस पर हालत नाजुक होने के बावजूद जबरन थाने में बैठाने का आरोप लगाया था। काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि महीप, उनकी पत्नी संध्या, कर्मचारी प्रदीप व रोहित के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। महीप की तलाश में दबिश दी जा रही है। संध्या की हालत ठीक होने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### काकादेव पुलिस ने पकड़े आठ जुआरी

**कानपुर।** काकादेव पुलिस ने आठ जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि पकड़े गए जुआरियों में प्रेम कुशवाहा, आनंद कुमार कमल, रितेश वर्मा, मनोज कुमार, विकास मिश्रा, अमित कुमार वर्मा, अजय कुशवाहा, संत चरण कुशवाहा है। इनके पास से 37985 रुपये नकद, 6 मोबाइलताश की गड्डी बरामद हुई है। आरोपियों को सर्वोदय नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

### सुरक्षा को लेकर की पैदल गश्त

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी ने आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने व क्षेत्र में शान्ति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से सीसामऊ सर्किल के भीड़-भाड़ वाले स्थानों व मुख्य बाजारों में पैदल गश्त की। इस मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल महेश कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त सीसामऊ चित्रांश व सर्किल के थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी मौजूद रहे।

### छोटे बच्चों के लिए खुला किलकारी हाउस

**कानपुर।** पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने महिला थाना में मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिस कर्मियों के छोटे बच्चों के लिए किलकारी हाउस का उद्घाटन किया। उनके साथ मौके पर पुलिस उपायुक्त दक्षिण मिशन शक्ति नोडल अंकिता शर्मा व महिला थाना प्रभारी कमर सुल्ताना मौजूद रहीं।

### जुलूस ए गौसिया को लेकर बैठक

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने जुलुस-ए-गौसिया के आयोजकों, मौलवियों के साथ बैठक की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आगामी त्योहार पर शांति व यातायात व्यवस्था सुगम रखने के लिए दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा, पुलिस उपायुक्त ने आयोजकों को अपने क्षेत्र में किसी भी अनहोनी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने के लिए कहा। इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर अभिषेक पांडेय उपस्थित रहे।

### क्रेप बैंडेज से फांसी लगाई

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में विनोबा गांधी ग्राम निवासी 40 वर्षीय अतुल मिश्रा ने क्रेप बैंडेज से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौसेरे भाई अजय मिश्रा ने बताया कि काफी दिनों से वह कोई काम नहीं कर रहा था। शराब के कारण विवाद होता था। पत्नी रानी ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा।

# कानपुर बना जामपुर, लगा महाजाम

## त्योहार के बाद काम-कारोबार, दफ्तर खुलते ही उमड़ी भीड़, वीआईपी रोड, परेड, मूलगंज, घंटाघर में फंसे लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दशहरा के चौथे दिन सोमवार को शहर में उमड़ी लाखों की भीड़ के कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई। पूरा शहर भीषण जाम में जकड़ गया और हजारों वाहन एक दूसरे में उलझ गए। वीआईपी रोड जैसे मुख्य मार्ग पर भी सैकड़ों वाहन घंटों रेंगते रहे।

सोमवार दिनभर विभिन्न मार्गों पर हजारों वाहन जाम में जकड़े रहे। जरीब चौकी, पी रोड समेत कई मार्ग जाम रहे। देर शाम घंटाघर से एक्सप्रेस रोड पर वाहनों के दोनों साइड से आने के कारण सैकड़ों दो पहिया एवं चार पहिया वाहन उलझे रहे। इसी प्रकार घंटाघर से टाटमिल जाने वाला मुख्य मार्ग भी जाम रहा। देर शाम एक ओर टाटमिल चौराहे का जाम झकरकटी पुल तक पहुंचा तो दूसरी ओर नया पुल का जाम बाबूपुरवा कोतवाली पार करते हुए बाकरगंज चौराहा पहुंच गया।


घंटाघर चौराहे पर रात तक हजारों वाहन जाम में फंसे रहे। अमृत विचार

मेघदूत चौराहा तिराहा से ही वीआईपी रोड शाम को जाम में जकड़ गया जिससे इस मुख्य मार्ग पर सैकड़ों वाहन उलझे रहे। मूलगंज से मेस्टन रोड होते हुए बड़ा चौराहा जाने वाला मार्ग घंटों में जाम में उलझा रहा।

### रहमानी मार्केट के पास ई रिक्शों की अराजकता

यतीमखाना से हलीम कालेज जाने वाले मुख्य मार्ग पर रहमानी मार्केट के पास बीच सड़क तक वाहनों के खड़े होने एवं पानी की टंकी के पास ई रिक्शा की अराजकता से भीषण जाम लगा। रूपम चौराहा से पानी की टंकी, डॉ. बेरी चौराहा, तलाक महल, यतीमखाना रोड, परेड खड़खड़े वाला चौराहा देर रात तक जाम में बेहाल रहा। रहमानी मार्केट के सामने दो पहिया वाहन बीच सड़क पर खड़े रहे जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई। घंटाघर से नई सड़क होते हुए परेड जाने वाला मार्ग भी जाम में फंसा रहा।

### रोडवेज बसों की अराजकता से जाम बढ़ा

झकरकटी बस अड्डा के बाहर बीच सड़क पर रोडवेज की बसें सवारी उतारती और बिठाती रहीं जिससे झकरकटी का पुल भीषण जाम में फंसा रहा। ट्रैफिक की टीम झकरकटी बस अड्डा के गेट पर मौजूद रही लेकिन रोडवेज बस चालक मनमानी से बाज नहीं आए। पी रोड पर ई रिक्शों की भरमार होने के कारण जाम रहा।

# मूकबधिर बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंस दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- घर में अकेली पाकर पड़ोसी युवक ने की हैवानियत
- जूही थानाक्षेत्र की घटना, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार।** जूही थानाक्षेत्र में 13 वर्षीय मूकबधिर बच्ची को अकेला देखकर पड़ोसी युवक घर में घुस आया और उसकी बेबसी का फायदा उठाकर मुंह में कपड़ा ठूंसकर दुष्कर्म किया। बाद में बच्ची ने परिजनों और पुलिस को इशारों से आपबीती बताई तो पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई।



परमपुरवा में रहने वाला युवक ठेला लगाता है। उसका बड़ा भाई केरल में नौकरी करता है, जबकि भाभी की कई वर्ष पहले मौत हो गई है। 13 वर्षीय मूकबधिर भतीजी उसके परिवार के साथ ही रहती है। सोमवार सुबह रोजाना की तरह वह और पत्नी ठेला लेकर दुकान लगाने चले गए। भतीजी को घर में अकेला देखकर पड़ोसी युवक ताज बाबू घर में घुस आया और बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंस कर दुष्कर्म किया। पड़ोसियों को शक हुआ तो दरवाजा खटखटाया। इस बीच आरोपी युवक धमकी देता हुआ भाग निकला। पड़ोसियों की सूचना पर वह पत्नी के साथ घर पहुंचा तो भतीजी की हालत देखकर सिहर गया। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को पीड़िता ने इशारों के माध्यम से पूरी बात बताई।

पीड़िता के चाचा की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के कलमबंद बयान के लिए साइन लैंग्वेज एक्सपर्ट की मदद ली जाएगी।

# 24 स्कूली वाहन सीज किए पंजीयन रद की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्कूलों में छुट्टी होते ही आरटीओ टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

**अमृत विचार।** संभागीय परिवहन प्रवर्तन टीम ने सोमवार को कई स्कूलों में छुट्टी होने के बाद घेराबंदी करके स्कूली वाहनों पर शिकंजा कसा। चेकिंग में 24 स्कूली वाहन मानकों के विपरीत संचालित होते मिले, इन्हें सीज करने के साथ ही पंजीयन निरस्त करने की चेतावनी दी गई है।

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विदिशा सिंह के निर्देश पर एआरटीए आरके वर्मा, कहकशां खातून, डीके सिंह, दीपक कुमार की अगुवाई में टीम ने नौबस्ता, बर्रा, श्याम नगर, यशोदा नगर, रावतपुर, पनकी, कल्याणपुर में मार्गों पर घेराबंदी करके स्कूली वाहनों के कागजात चेक किए। चेकिंग अभियान में कई ऐसे स्कूली वाहन मिले जिनकी फिटनेस ही नहीं थी, ऐसे वाहनों को सीज करके थाने के हवाले कर दिया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ने बताया कि स्कूलों के प्रबंधन को तुरंत वाहनों की फिटनेस कराने और कागज दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 27 वाहन बिना नंबर प्लेट के, हेलमेट में 178 चालान

संभागीय परिवहन की टीमों ने चेकिंग में 27 से अधिक वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं लगी पाई। 52 चार पहिया वाहन सवारों का सीट बेल्ट नहीं लगाने पर चालान किया गया। 178 दो पहिया वाहन सवारों का हेलमेट नहीं लगाने पर चालान हुआ। टीम ने कुल 438 वाहनों की चेकिंग की जिसमें कई ऐसे वाहन भी पकड़े गए, जिनकी फिटनेस समाप्त पाई गई।

# बच्चेदानी से निकाला पांच किलो का ट्यूमर

**कानपुर।** मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉक्टरों ने गर्भवती महिला की बच्चेदानी से पांच किलो का ट्यूमर निकाला। ट्यमूर की वजह से गर्भ में बच्चे के विकास में बाधा आ रही थी।

कन्नौज के इंदरगढ़ निवासी 27 वर्षीय महिला आठ माह की गर्भवती है। कई दिनों से तकलीफ होने पर परिजन 10 दिन पहले उसे स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग लेकर आए। यहां पर वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नीना गुप्ता ने अपने अधीन मरीज को भर्ती किया और जांचें कराने के बाद ऑपरेशन की तैयारी की। प्रो.नीना ने बताया कि गर्भवती के बच्चेदानी के निचले हिस्से की तरफ ट्यूमर था। ऐसे में दोनों की जान बचाना काफी चुनौती का काम था। डॉ.दिव्या गुप्ता, डॉ.फातिमा अस्मानी, एनेस्थिसिया से डॉ.शिवानी व डॉ.करन के साथ मिलकर करीब करीब सवा घंटे महिला का ऑपरेशन किया।

# मोटा अनाज खूब पैदा करें किसान, खपत बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिन किसानों की भूमि का अधिग्रहण हो गया है, उनको शीघ्र प्रतिकर का भुगतान कराएं। यदि कोई समस्या है तो किसानों से बातचीत करके समाधान निकालें। मोटे अनाज की खेती करने के लिए किसानों को प्रेरित कर मोटे अनाज के उत्पादन में वृद्धि की जाये और मोटे अनाज का उपयोग करने के लिए लोगों को जागरूक भी किया जाये। सोमवार को उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की बैठक में ये निर्देश दिए गए।

बैठक सभापति पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में नवीन सभागार सरसैया घाट में हुई जिसमें एमएलसी अरुण पाठक, सलिल विश्नोई, ऋषि पाल सिंह, समीक्षा अधिकारी शलभ दुबे, अपर निजी सचिव विकास सिंह एवं उप सचिव संजय अग्रहरि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कानपुर नगर, कानपुर देहात व कन्नौज जनपद के अन्तर्गत सभी कार्यालय में जनवरी 2020 से 31 दिसम्बर, 2023 के मध्य कार्मिक सेवानिवृत्त की पेंशन, ग्रेचयुटी व अन्य देयकों के भुगतान की समीक्षा की गयी।


उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की बैठक करते सभापति पवन कुमार सिंह। अमृत विचार

- शत-प्रतिशत लाभार्थियों को पेंशन योजना का लाभ दें
- वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की बैठक

वृद्धावस्था व विधवा पेंशन की समीक्षा करते हुए लाभार्थियों को शत-प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिये गये। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भवनों के मानचित्र की स्वीकृति तथा भूमि सिटिंग सम्बन्धित प्रमाण पत्र समय सीमा के अन्तर्गत प्राथमिकता से जारी किये जायें। बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह, पुलिस उपायुक्त आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी रिंकी जायसवाल, अपर जिलाधिकारी (नगर) डा. राजेश कुमार सहित कानपुर नगर, कानपुर देहात व कन्नौज जनपद के सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

**ग्लोबल हैंड वाशिंग डे** | हाथों की सफाई से डायरिया और कुपोषण से बचा जा सकता है

# साबुन से हाथ धोने से बीमारियों से बचाव


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 15 अक्टूबर को मनाया जाएगा ग्लोबल हैंडवाशिंग डे

**अमृत विचार।** हाथों को स्वच्छ रखकर न सिर्फ डायरिया से बचा जा सकता है बल्कि बच्चों को कुपोषित होने से भी रोका जा सकता है। हाथों की अच्छी तरह से सफाई करने से कई प्रकार की संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। गंदे हाथों के जरिये मुंह व नाक के रास्ते कई बीमारियां शरीर में प्रवेश कर जाती हैं। इसलिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 15 अक्टूबर को ग्लोबल हैंड वाशिंग डे (विश्व हाथ धुलाई दिवस) मनाया जाता है। इसमें हाथ धोने और सफाई पर जागरूक किया जाता है।


जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य व विभागाध्यक्ष वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीएन त्रिपाठी ने बताया कि अच्छी तरह से हाथ धोने से डायरिया, दस्त, निमोनिया, पेट दर्द, कुपोषण, कृमि संक्रमण, फ्लू, त्वचा संबंधी बीमारियों से बचाव होता है। ऐसा करने से बच्चे या युवा व बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग 80 फीसदी बीमारियों से बचे रह सकते हैं। हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों व उनके तीमारदारों को भी समय-समय पर साबुन से अच्छी तरह से हाथों को जरूर धोना चाहिए।


सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि अगर हाथों की स्वच्छता का पूरा ख्याल रखा जाए तो निमोनिया और डायरिया की चपेट में आने में निश्चित रूप से बच्चों को बचाया जा सकता है। लंबे समय तक डायरिया की चपेट में रहने से बच्चे कुपोषण की भी जद में आ जाते हैं। बचपन से ही हाथों की सही सफाई की आदत बच्चों में डालना जरूरी है।


जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. यूबी सिंह ने बताया कि निमोनिया और डायरिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए सबसे अच्छे, कम खर्चीले और सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है साबुन और पानी से हाथ धोना। इन बीमारियों से बचने के लिए साबुन का इस्तेमाल करना सबसे प्रभावी और किफायती तरीकों में से एक है।


स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.उरूज जहां ने बताया कि बच्चे को छूने व स्तनपान कराने से पहले, खाना बनाने व खाने से पहले, खांसने-छींकने के तुरंत बाद, बीमार व्यक्तियों की देखभाल और शौच के बाद साबुन से करीब 40 सेकेंड तक अच्छी तरह से हाथ जरूर धोएं। बाहर से घर आने पर साबुन से हाथ व पैर अच्छी तरह धोएं।

# दादानगर पुल की लाइटें खराब

**कानपुर।** उत्तर को दक्षिण से जोड़ने वाला अति व्यस्त दादानगर पुल रात में अंधेरे में डूबा रहता है। पुल पर दोनों तरफ 50 से ज्यादा पोलों पर लाइटें लगी हैं लेकिन इनमें से 90 फीसदी बंद पड़ी हैं। जिससे रात में सफर करने वाले राहगीरों को दिक्कत होती है। ये समस्या कई दिनों से चली आ रही है। दक्षिण के दबौली के पार्षद गुंजन शर्मा के प्रतिनिधि अनिल शर्मा टीटू ने बताया कि रोजाना लाखों शहरवासी इस पुल से आवागमन करते हैं। रात में पुल से गुजरने वालों को अंधेरे में पुल पार करना पड़ता है। पुल के नीचे वाला क्रासिंग वाला रास्ता मेट्रो निर्माण के कारण बंद है। इसके साथ ही शास्त्री चौक से नाले के किनारे-किनारे रतनलाल नगर जाने वाली सड़क पर भी लाइटे बंद पड़ी हैं।

# जहानाबाद को हर आधे घंटे में ई-बस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर को ई-बसों की सौगात मिलने के बाद इनके संचालन के लिए पहला रूट जहानाबाद (फतेहपुर) का तय हुआ है। सिके तहत मंगलवार से 7 ई- बसें चकेरी मोड़ से जहानाबाद के लिए दौड़ना शुरू करेंगी। इससे यात्रियों को हर आधे घंटे में बस उपलब्ध होगी। इसके बाद अन्य रूटों पर भी बसें दौड़ाने की तैयारी विभाग कर रहा है।

चकेरी में बनाए गए डिपो से 88 ई-बसों का संचालन हो रहा है। नई ई-बसें चकेरी मोड़ से जहानाबाद के रूट पर लगाई गई हैं।

अभी कानपुर-जहानाबाद मार्ग पर साधारण खटारा बसें दौड़ रही हैं। जिससे यात्रियों को दिक्कत होती है। अब यात्रियों को एसी बसों से कम किराये में यात्रा की सौगात मिलेगी। ई-बसों के प्रमुख अभिनव निगम ने बताया कि मंगलवार से हर आधे घंटे में जहानाबाद के लिए बसें मिलेंगी। जल्दी ही डिपो को 40 ई-बसों की और सौगात मिलेगी। इनके लिए नए रूटों का सर्वे हो रहा है। उन रुटों पर ई बसों का संचालन किया जाएगा, जहां लोग यात्रा के साधन के लिए परेशान हैं।



- चकेरी मोड़ से जहानाबाद के लिए आज से 7 बसों का संचालन
- शहर में कई अन्य रूटों पर सर्वे शुरू, 40 और ई बसें जल्द मिलेंगी

**न्यूनतम किराया 10 रुपये**

| किमी | किराया |
|---|---|
| 04 किमी तक | 10 रुपये |
| 07 किमी तक | 15 रुपये |
| 10 किमी तक | 20 रुपये |
| 13 किमी तक | 25 रुपये |
| 16 किमी तक | 30 रुपये |
| 20 किमी तक | 35 रुपये |
| 30 किमी तक | 45 रुपये |
| 42 किमी तक | 55 रुपये |
| 54 किमी से अधिक | 70 रुपये |

## आज का मौसम

हल्के बादल छाये रहने के कारण हल्की वर्षा होने के आसार है

31.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 08 | सूर्यास्त 05 : 40

# भाजपा के टिकट पर परिवार में रार

## सीसामऊ उपचुनाव में अनूप पचौरी व नीतू सिंह की दावेदारी आमने-सामने आई

विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा ने सीसामऊ विधानसभा उप चुनाव के लिए दिल्ली की बैठक में प्रत्याशी लगभग फाइनल कर लिया है। 17 अक्टूबर तक नाम घोषित किया जा सकता है। इस खबर के बावजूद जहां पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी अपने पुत्र अनूप पचौरी के लिए जी तोड़ कोशिश में जुटे हैं तो उनकी पुत्री प्रांत संघ चालक रहे बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह की पौत्रवधू पचौरी की पुत्री नीतू सिंह रास्ते का रोड़ा बनी हैं। वह आरएसएस की पसंद बतायी जाती हैं। सूत्रों ने बताया कि कानपुर प्रांत प्रचारक श्रीराम सिंह उन्हें टिकट दिलाने के लिए प्रयासरत हैं।

सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में नवरात्र के दौरान कन्या भोज आयोजित करके नीतू सिंह ने दावेदारी की दस्तक दी थी। इसके बाद आरएसएस की तरफ से भी प्रांत प्रचारक ने क्षेत्र में 251 कन्याओं का भोज आयोजित किया। मेयर के चुनाव में भी नीतू का नाम चर्चा में आया था, लेकिन ऐन वक्त प्रमिला पांडे प्रत्याशी बन गई थीं। लोकसभा चुनाव में भी उनका नाम चला था। हालांकि नीतू अपने समर्थकों को दावेदारी पर कोई संकेत देने से बच रही हैं। उधर, पूर्व सांसद सत्यदेव पचौरी ने पुत्र अनूप के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करके उपचुनाव में मौका देने की इच्छा व्यक्त की है। पचौरी के दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिलने की भी चर्चा है। वह सोमवार रात पुत्र के टिकट की लाबिंग के लिए फिर दिल्ली रवाना हो गए।

### अजय कपूर की भी चर्चा

- सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में पूर्व विधायक अजय कपूर का नाम भी चर्चा में है। हालांकि वह दावेदारी से इंकार करते हैं। लेकिन भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेता उनके नाम पर दांव लगाए जाने से इंकार नहीं कर रहे हैं। एक बड़े नेता के अनुसार दिल्ली में कोर कमेटी की बैठक में अजय कपूर का नाम चर्चा में आया था।

### दलित प्रत्याशी का भी दांव

- सीसामऊ विधानसभा सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा बनी है। 2002 से पार्टी यहां नहीं जीती है। वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि ब्राह्मण चेहरे के साथ दलित प्रत्याशी पर विचार हुआ है। पूर्व विधायक मोतीराम एडवोकेट के पुत्र संजय जाटव एडवोकेट का नाम दलित प्रत्याशी के रूप में है। सुरेश अवस्थी या सलिल विश्नोई पर पार्टी एक बार फिर दांव लगा दे तो आश्चर्य न होगा।

### महिला प्रत्याशी की भी सुगबुगाहट

- सपा से इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी की प्रत्याशिता को देखते हुए भाजपा में भी महिला प्रत्याशी की सुगबुगाहट तेज है। क्षेत्र में मुस्लिम के बाद सबसे ज्यादा ब्राह्मण फिर दलित मतदाता हैं। इस समीकरण के लिहाज से पार्टी ब्राह्मण प्रत्याशी नहीं उतारने पर सपा सरकार में मंत्री रहीं और 2023 में भाजपा में आईं महिला नेता को मौका दे सकती है।



सपा कार्यालय में नगर के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश वर्मा। अमृत विचार

# सीसामऊ में पर्यवेक्षक की तैनाती हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सपा प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश वर्मा ने की मांग
- सीसामऊ उपचुनाव के सह प्रभारी बनाए गए

**अमृत विचार।** सपा के प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश वर्मा को सीसामऊ विधानसभा का उपचुनाव सह प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने सपा कार्यालय में सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के जोनल, सेक्टर प्रभारियों, फ्रंटल संगठनों, महिला फ्रंटल संगठनों व बूथ प्रभारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सीसामऊ क्षेत्र में पर्यवेक्षक की तैनाती करने की मांग की।

जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश वर्मा के सामने सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के 275 बूथों, 48 मतदान केंद्रों, 15 वार्ड अध्यक्षों व महिलाओं की संगठित टीम की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

प्रेम प्रकाश वर्मा ने कहा कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में सपा का बढ़ता हुआ जनाधार देखकर भाजपा सपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है। इसलिए सपा चुनाव आयोग नई दिल्ली को पत्र भेज रही है कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में पर्यवेक्षक तैनात किए जाएं। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से जनता परेशान है। प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर है। सड़कों के गड्ढे भरे तक नहीं जा रहे हैं। इस दौरान विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी, प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महेंद्र सिंह, सत्यनारायण गहरवार, राजेंद्र सोनकर, एहसास बॉबी, अमित चौरसिया, पंकज कुमार, रोहित बाल्मिकि, महेश यादव, पूजा यादव, वंदना दिवाकर रहे।

## एक नजर

### शहर के विकास के लिए योगी से मिले सांसद

**कानपुर।** सांसद रमेश अवस्थी ने सोमवार देर शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर कानपुर के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को लेकर चर्चा की। रमेश अवस्थी ने मुख्यमंत्री से लखनऊ में उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रीन पार्क स्टेडियम, गंगा रिवर फ्रंट निर्माण, पनकी मंदिर कॉरिडोर एवं परमट मंदिर का विस्तारीकरण, ऐतिहासिक चिड़ियाघर के जीर्णोद्धार, लाल इमली, ट्रांस गंगा पुल निर्माण, पराग डेयरी, कानपुर महोत्सव का आयोजन, शूटिंग रेंज बनाए जाने पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि कानपुर का विकास किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगा।

### काला रिबन पहनकर समर्थन करेगा आईएमए

**कानपुर।** कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हुई घटनाओं के खिलाफ आंदोलनरत डॉक्टर व मेडिकल छात्र-छात्राओं के समर्थन में मंगलवार सुबह छह बजे से लेकर शाम छह बजे तक इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य उपवास रखेंगे। साथ ही अपने स्थानों व केंद्रों पर काला रिबन और बिल्ला पहनकर आमरण अनशन पर बैठे अपने साथियों के समर्थन करेंगे। इस दौरान मरीजों को दिक्कत न हो, इसलिए स्वास्थ्य सेवाएं जारी रहेगी।

### पेंशनरों ने किया पौधरोपण व हनुमान चालीसा पाठ

**कानपुर नगर।** बिठूर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में पेंशनरों ने महंत पं. देवदास जी महराज के नेतृत्व में पौधों का रोपण किया। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। साथ ही देश में अमन-चैन व भाई-चारा सदैव स्थापित रहने की प्रार्थना की। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, कल्पना तिवारी, पं. मन मोहन झा, दीपक अवस्थी, प्रेम शंकर मिश्रा, अंकित, पं. मुकेश ज्योतिष शास्त्री, एडवोकेट आरपी श्रीवास्तव, एडवोकेट चंदहास सिंह चौहान, बीएल गुलाबिया, बेचे लाल कुशवाहा, अशोक कुमार मिश्रा, रविंद्र कुमार, मधुर व सुनील सुमन आदि लोग रहे।

### 86 का चयन

**कानपुर।** आईटीआई पांडु नगर में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला आयोजित हुआ। आयोजन में 15 कंपनियों ने भाग लिया। मेले में 176 युवाओं ने सहभाग किया। इनमें से 86 प्रतिभागियों का चयन विभिन्न कंपनियों में अप्रेंटिसशिप के लिए किया गया। मेले में संस्थान के प्रधानाचार्य डा. नरेश कुमार ने बताया कि अप्रेंटिसशिप युवाओं के करियर को सशक्त बनाने और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने का एक प्रभावी साधन है। उन्होंने इस मेला के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसरों की प्राप्ति के प्रति आशा व्यक्त की। मेला प्रभारी मयंक मिश्रा, अप्रेंटिस प्रभारी अमित दीक्षित, अजय कुमार द्विवेदी और विवेक शुक्ला मौजूद रहे।

# असुरों का अत्याचार बढ़ते ही प्रभु बचाने आते हैं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आचार्य शांतनु जी महाराज ने सुनाई राम कथा

**अमृत विचार।** जब-जब असुरों का अत्याचार बढ़ता है, भक्त परेशान होते हैं तब अपने भक्तों को बचाने के लिए प्रभु अवतार लेते हैं। जो भक्त प्रभु से प्रेम करता है, प्रभु उसके संकट दूर कर देते हैं।

यह विचार सोमवार को सेवा भारती कानपुर प्रान्त की ओर से आयोजित श्री रामकथा के दौरान कथा व्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने व्यक्त किए। कामर्शियल ग्राउंड, डब्ल्यू ब्लाक, केशव नगर में चल रही कथा के दौरान महाराज जी ने देवों के देव महादेव के निवास कैलास पर्वत को चीन के आधिपत्य से मुक्त कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस धरा पर जब जब असुरों का अत्याचार बढ़ता है, तब तब प्रभु मनुज अवतार लेकर भक्तो को उनके संताप से मुक्त करते हैं। उन्होंने मनु एवं शतरूपा प्रसंग भी सुनाया। कक्षा के दौरान क्षेत्र संपर्क प्रमुख सुरेश, सेवा भारती कानपुर प्रान्त के महामंत्री राम शंकर, देवेन्द्र भदौरिया, शशि भदौरिया, माया वर्मा मौजूद रहीं।



शांतनु जी।

# शिक्षा-नवाचार में सुधार लाएगा एआई


कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छात्रों के सीखने के तरीके को समझकर बेहतर सुविधाएं तैयार कर सकते हैं
- बीजिंग के वैश्विक सम्मेलन में शिक्षा पर एआई के प्रभाव को प्रस्तुत किया गया

**अमृत विचार।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षा व नवाचार के क्षेत्र में बेहतर सुधार ला सकता है। एआई के प्रयोग से छात्रों के सीखने की क्षमता व तरीकों को समझकर बेहतर सुविधाएं भविष्य में लाई जा सकती हैं। बीजिंग में चल रहे वैश्विक सम्मेलन में शिक्षा पर एआई के प्रभाव व प्रयोग पर खुले मंच पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान सीएसजेएमयू के कुलपति और भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक ने एआई को शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया।

बीजिंग में चल रहे सम्मेलन में सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि एआई भारत और चीन जैसे देशों में उच्च शिक्षा के व्यक्तिगतकरण को संभव बना रहा है।

उन्होंने समझाया कि एआई-आधारित अनुकूली शिक्षण प्लेटफार्म, जैसे कि मशीन लर्निंग एल्गोरिदम, छात्रों के सीखने के तरीकों को समझकर उनके लिए एक विशेष अनुभव तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीएसजेएमयू में इंजीनियरिंग और पीएचडी कार्यक्रमों में एआई-संचालित प्रणालियाँ लागू की गई हैं जिनके परिणामस्वरूप छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है। एआई के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने (एआईयू) की स्पीच-टू-टेक्स्ट और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग (एनएलपी) टूल्स का उपयोग करने की पहल की चर्चा की।



बीजिंग में बोलते प्रो. विनय कुमार पाठक।

## सार-संक्षेप



सेरेब्रल पाल्सी की जागरुकता के लिए निकाली गई रैली। अमृत विचार

### सेरेब्रल पाल्सी के प्रति महिलाओं को जागरूक किया

**कानपुर।** सेरेब्रल पाल्सी के प्रति सोमवार को भावना सोसायटी फार डिसेबिल ने मनोसृजन वेलनेस सेंटर के साथ मिलकर काकादेव में महिलाओं को जागरुक कर बताया कि यह एक न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है, जो बच्चों की शारीरिक गति, चलने-फिरने की क्षमता प्रभावित करता है। सेरेब्रल पाल्सी रोग मस्तिष्क के किसी हिस्से में चोट लगने पर होता है। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. जागृति सिंह ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान सेरेब्रल पाल्सी की रोकथाम अच्छी आदतों को बनाए रखने और स्वस्थ रहकर की जा सकती है। सेरेब्रल पाल्सी पीड़ित बच्चा पूरी तरह न तो बैठ और न ही चल सकता है। वह ठीक से बात नहीं कर पाता है। उसकी हड्डियां कमजोर होती हैं। मस्तिष्क का जितना हिस्सा प्रभावित होता है, उतना ही शरीर का हिस्सा काम नहीं करता है। अगर यह बीमारी एंजाइम की कमी या जेनेटिक कारण से है, तो असर ज्यादा होता है। इस स्थिति में बच्चा 20 साल से ज्यादा जीवित नहीं रह पाता है।



एसएन सेन कॉलेज में छात्राओं की आंखें चेक की गईं।

### 60 फीसदी छात्राओं की आंखें कमजोर

**कानपुर।** रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स की ओर से सोमवार को सेंटर फॉर साइट के सहयोग से एसएन सेन बालिका पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत लगाए गए शिविर में 153 छात्राओं के नेत्रों की जांच की गई। लगभग 60 फीसदी छात्राओं की आंखें कमजोर मिलीं। डॉक्टरों ने इसकी बड़ी मोबाइल फोन को बताया। छात्राओं को हरी सब्जियां खाने और फास्ट फूड से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई। शिविर में रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स के अध्यक्ष डॉ. बीएन आचार्य, कॉलेज की प्राचार्य प्रो डॉ. सुमन, कार्यक्रम संयोजक प्रीती पाण्डेय, मीनाक्षी व्यास, अनुराग तिवारी, करण सिंह, मनोज कुमार, अभिनव आदि मौजूद रहे।

### जुलूस-ए-गौसिया आज

**कानपुर।** बड़े पीर साहब की याद में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस-ए-गौसिया निकाला जायेगा जिसकी बड़े पैमाने पर तैयारी की गई। अंजुमन गौसिया के प्रमुख नफीस नूरी ने बताया कि ये जुलूस जानिब से नीची सड़क कर्नलगंज से दोपहर 2 बजे तिकुनिया पार्क से जुलूस उठेगा। इसी प्रकार रोशन नगर, फेथफुलगंज, बाबूपुरवा, जूही लाल कालोनी समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस उठेगा।

# अत्याधुनिक एमएम वेव एंटीना विकसित करेगा आईआईटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्टार्केन टेक्नोलॉजीज के साथ हुआ एमओयू

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर अत्याधुनिक एमएमवेव एंटीना विकसित करेगा। यह एंटीना विद्युत संकेतों को मिलीमीटर-वेव आवृत्ति रेंज में विद्युत चुम्बकीय तरंगों में बदलेगा।

इसके लिए आईआईटी का स्टार्केन टेक्नोलॉजीज के साथ एमओयू हुआ है। एमओयू के तहत संस्थान एंटीना के विकास, डिजाइन और प्रोटोटाइप तैयार करेगा।

आईआईटी और स्टार्केन टेक्नोलॉजीज की यह साझेदारी एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम के लिए कस्टम एमएमवेव एंटीना विकसित करने के लिए हुई है। समझौता ज्ञापन पर आईआईटी के डीन ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो तरुण गुप्ता और स्टार्केन टेक्नोलॉजीज के सीओओ परितोष दगली ने हस्ताक्षर किए। प्रो तरुण गुप्ता ने कहा कि संस्थान में हम नवाचार के माध्यम से प्रौद्योगिकी की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। स्टार्केन टेक्नोलॉजीज के साथ सहयोग एडीएएस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं और विशेषज्ञता को लागू करने की अनुमति देता है, जो ऑटोमोटिव सुरक्षा को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। इससे ड्राइवर सहायता सुविधाओं में वास्तविक समय की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होती है। आईआईटी टीम में प्रोफेसर राघवेंद्र कुमार चौधरी, प्रोफेसर एआर हरीश और प्रोफेसर कुमार वैभव श्रीवास्तव के साथ पीएचडी स्कॉलर संजना पॉल और श्रेया पौरुष शामिल हैं।



समझौता करते पारितोष डगली व प्रो. तरुण गुप्ता। अमृत विचार

# कन्वेंशन सेंटर के काम पर जताई गई संतुष्टि

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुन्नीगंज में निर्माणाधीन आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का एचबीटीयू के एचओडी व मानीटरिंग कमेटी अध्यक्ष तथा स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान काम की गुणवत्ता पर संतुष्टि जतायी गई।

कानपुर स्मार्ट सिटी की ओर से कला, संस्कृति, व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में शहर को ख्याति दिलाने के लिए कलाकारों, व्यापारियों, बच्चों और जनमानस को जोड़ने के लिए चुन्नीगंज में आधुनिक कन्वेंशन सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। यह स्थान कला, संस्कृति, व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 'सेंट्रल एक्टिविटी हब' होगा। सोमवार को एचबीटीयू के एचओडी और मानीटरिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार तथा स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी ने कन्वेंशन सेंटर के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कहा कि जिन भी कारणों से काम में देरी हुई है उन्हें जल्द दूर करके काम को गति प्रदान की जाएगी। स्मार्ट सिटी के नोडल अधिकारी आर के तिवारी ने कहा कि प्रोजेक्ट में आ रही दिक्कतों को दूर करके निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाएगा। अगले निरीक्षण के पहले केडीए की एनओसी ले ली जाएगी।

### 96.10 करोड़ की है परियोजना

- कन्वेंशन सेंटर की लागत 96.10 करोड़ है। इसमें अत्याधुनिक सभागार के अलावा 16000 वर्ग फुट और 12000 वर्ग फुट के प्रदर्शनी हॉल, 300 लोगों की क्षमता का सम्मेलन कक्ष, 100 लोगों की क्षमता के 3 बैठक कक्ष, 6 अतिथि कमरे, 2 सुइट अतिथि कमरे, 8000 वर्ग फुट का फूड कोर्ट, 68 वाहनों की कवर्ड पार्किंग, 8 व्यावसायिक दुकानें, व्यापार केंद्र और रेस्टोरेंट की सुविधा उपलब्ध होगी।

# युवक पर डंडों से हमला स्कूटी लूट ले गए आरोपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में दशहरे के दिन राशन लेने जा रहे युवक को दबंगों ने घेरकर लाठी डंडों से पीट दिया। मारपीट के दौरान उसका बायां हाथ टूट गया। आरोपी उसकी स्कूटी लूट ले गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस ने दो दिन बाद भी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की।

पटेल नगर निवासी निर्मल सिंह ने बताया कि दशहरे के दिन दोपहर को वह सरकारी दुकान पर राशन लाने गया था। तभी अहिरवां के पास उसे आधा दर्जन युवकों ने घेर लिया। पीड़ित का आरोप है कि युवकों ने उसे लाठी डंडों से पीटा जिससे उसका बायां हाथ टूट गया। राहगीरों के आने पर आरोपी धमकाते हुए भाग निकले और उसकी स्कूटी भी लूट ले गए।

इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि लेनदेन के विवाद में मारपीट हुई है लूट का आरोप गलत है दोनों पक्षों ने तहरीर दी है जांच की जा रही है।

### टॉप-10 अपराधी पत्नी को दे रहा धमकी

- कानपुर। बजरिया थाने के टॉप-10 अपराधी की पत्नी ने पति पर मारपीट और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार आरोपी पति उन्हें बेटे समेत जान से मारने की धमकी देता है। बजरिया स्थित रामबाग टूटी रेलवे लाइन निवासी कंचन के अनुसार 2009 में उनकी शादी बजरिया थाने के टाप-10 अपराधी अजय चुर्री से हुई थी। आपराधिक प्रवृति का होने के कारण पति 13 साल बाद जेल से छूट कर आया है। इस दौरान वह बेटे के साथ मायके में रहकर जीवन यापन कर रही थी। आरोप है कि जेल से छूटने के बाद पति जबरन उनके मायके के मकान में कब्जा कर रह रहा है। विरोध करने पर बेटे समेत जान से मारने की धमकी देता है। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से टूटा पोल और बिजली गुल

**कानपुर।** गुमटी खंड के फजलगंज उपकेंद्र से जुड़े 11केवी जेके जूट मिल व जरीब चौकी फीडर की बिजली दोपहर दो बजे के बाद चली गई। बिजली नहीं आने पर जब क्षेत्रीय लोगों ने जानकारी की तो पता चला कि ट्रक की टक्कर से 11केवी एचटी पोल क्षतिग्रस्त हो गया है। केस्को कर्मी मौके पर पहुंचे और पोल को सुधारने का काम शुरू किया, लेकिन उसे दुरुस्त करने में उन्हें शाम के छह बज गए। इधर, इंसुलेटर व सीटी बदलने की वजह से भैरवघाट उपकेंद्र के जुड़े सभी फीडर की बिजली सुबह 10 बजे के बाद से लेकर शाम करीब साढ़े चार बजे तक गुल रही। पावर ट्रांफार्मर में टेस्टिंग कार्य की वजह से आरपीएच न्यू उपकेंद्र के सभी फीडर की बिजली सुबह नौ बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक और एचटी लाइन डालने की वजह से हरिहर धाम व सुजातगंज फीडर की बिजली सुबह 10 बजे से कटी। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि जरूरी कार्य व मरम्मत के बाद आपूर्ति बहाल की गई।

## खेल-खिलाड़ी

### टीएसएच थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट शुरू

# सत्यम, अद्वैत, आशुतोष और दक्ष अगले दौर में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जूनियर बालक-बालिका, पुरुष और महिला वर्ग के मैच खेले गए

**अमृत विचार।** 'द स्पोर्ट्स हब' और कानपुर टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में टीएसएच थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट सोमवार को शुरू हो गया। 16 अक्टूबर तक 'द स्पोर्ट्स हब', आर्यनगर में चलने वाली इस प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन आरएसएस के प्रांत प्रचारक श्रीराम जी ने किया। सत्यम, अद्वैत, आशुतोष व दक्ष समेत कई खिलाड़ियों ने अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

इस मौके पर खेल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने के लिए द स्पोर्ट्स हब के निदेशक प्रणीत अग्रवाल को सम्मानित भी किया गया। उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक ने बताया कि कानपुर में पहली बार 13 टेबलों पर प्रतियोगिता हो रही है।

कार्यक्रम का संचालन आशुतोष सत्यम झा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व ओलंपिक बैडमिंटन खिलाड़ी अभिन्न श्याम गुप्ता, कोषाध्यक्ष यूपीटीटीए पी के जैन, सचिव संजय टंडन, पी के श्रीवास्तव, आशीष कपूर, अजय मेहरोत्रा, अनिल गुप्ता, श्याम गुप्ता, ऋषिराज त्यागी, रवि पोपटानी, सूर्यांश मिश्रा, अनिल वर्मा, अविनाश यादव, अनमोल दीप आदि उपस्थित थे। मंगलवार सायं 5 बजे महिला एवं पुरुष वर्ग का पुरस्कार वितरण पुलिस आयुक्त अखिल कुमार करेंगे।




टीएसएच के निदेशक प्रणीत अग्रवाल का सम्मान करते श्रीराम जी, संजीव पाठक।

### जूनियर बालिका वर्ग के परिणाम

- सुहानी महाजन, गाजियाबाद ने अबाना लायल कानपुर को, स्वाति चावला लखनऊ ने शालिनी देवी को, अवनी गोयल गाजियाबाद ने इशिता रावत को, अनोखी केसरी वाराणसी ने सानवी शर्मा को पराजित किया। श्रेया अग्रवाल आगरा ने आर्या तिवारी प्रयागराज को, सौम्या सिंह ने साक्षी तिवारी लखनऊ को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### जूनियर बालक वर्ग में जीते

- आर्यन कुमार प्रयागराज ने अमन मनवानी आगरा को, शौर्य गोयल ने वेदांत गुप्ता को, आशुतोष गुप्ता कानपुर ने वेद यादव आगरा को आरव राठी गाजियाबाद ने वार्तिक दत्त त्रिपाठी को हराया। दक्ष खंडेलवाल कानपुर ने सिद्धांत जैन जी बी नगर को, लक्ष्य कुमार लखनऊ ने रितिक कुमार फैजाबाद को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### महिला वर्ग

- अनिका गुप्ता गाजियाबाद ने उर्वी सिंह आगरा को, वान्या बंसल ने समृद्धि शर्मा आगरा को, त्रिशा गौतम बुद्ध नगर ने यशिका तिवारी गाजियाबाद को, सुहानी महाजन गाजियाबाद ने अन्विका गुप्ता प्रयागराज को, स्वाति चंद्रा लखनऊ ने विनीता सहनी मिर्जापुर को पराजित किया। अनोखी केसरी वाराणसी ने वैष्णवी यादव प्रयागराज को, श्रृष्टि जायसवाल प्रयागराज ने अस्मिता धमीजा मेरठ को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### पुरुष वर्ग

- दिव्यांश श्रीवास्तव लखनऊ ने पुलकित पांडे आगरा को, आर्यन कुमार प्रयागराज ने गौरव प्रभाकर वाराणसी को, सत्यम गिरी गुप्ता कानपुर ने वंश गाजियाबाद को, अद्वित गुप्ता कानपुर ने वार्तिक दत्त त्रिपाठी गोरखपुर को, अंश सबरवाल सहारनपुर ने मयंक पुरुषोत्तम लखनऊ को हराया। प्रणव पांडे गाजियाबाद ने उज्ज्वल राय प्रयागराज को, सुब्रत राज वर्मा इटावा ने विशाल राज वाराणसी को आर्यन यादव प्रयागराज ने अली अब्बास लखनऊ को, सौरभ पोद्दार आगरा ने यथार्थ मिश्रा गाजियाबाद को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# कब्जे के विवाद में किसान की हत्या

## घाटमपुर थाना क्षेत्र के गुगरा गांव में हुई घटना, खेत पर घेरने के बाद किया हमला

संवाददाता, घाटमपुर

**आरोपी फरार**

- पैतृक जमीन पर कब्जे को लेकर चल रहा विवाद
- उच्च न्यायालय में विचाराधीन है जमीन का मुकदमा



किसान की हत्या के बाद गमगीन बैठीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गुगरा गांव में पैतृक जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद खूनी दुश्मनी में बदल गया। विवाद के दौरान किसान की हत्या कर दी गई। घटना में पारिवारिक भाइयों का नाम सामने आया है।



अतर सिंह यादव।

गुगरा निवासी अतर सिंह यादव (40) का अपने पारिवारिक भाई से पैतृक जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। इसका मुकदमा भी उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। विवादित जमीन कपूर सिंह यादव के घर के पास है। आरोप है कि कपूर सिंह आए दिन जमीन पर कब्जे की कोशिश करता है। रविवार को भी कपूर सिंह ने अपनी भैंस उसी जमीन पर बांध दीं। इसकी जानकारी होने पर अतर सिंह ने विरोध जताया तो विवाद हो गया।

इसके बाद अतर सिंह अपने खेतों की ओर चला गया। जमीन पर भैंस बांधने का विरोध जताने से आक्रोशित कपूर सिंह अपने भाई और भतीजों के साथ खेत पहुंचा और अतर सिंह पर लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में अतर सिंह के हाथ-पैर और मुंह में गंभीर चोटें आईं। वह खून से लतपथ हो गया। ग्रामीणों ने हमला देखकर शोर मचाया तो सभी आरोपी भाग निकले। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी साढ़ थाना प्रभारी को दी।

मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने अतर सिंह को भीतरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर देखते हुए डाक्टरों ने उसे हैलट रेफर कर दिया, जहां पर उसकी मौत हो गई। अतर की पत्नी मोनी देवी ने साढ़ थाने में अतर के भाई ओमप्रकाश उर्फ मुन्ना विनोद, कपूर के बेटे अनमोल और ओमप्रकाश के बेटे सोनू के खिलाफ तहरीर दी है। साढ़ थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि पांचों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

# लापता किसान का नहीं लगा सुराग

**बिधनू।** मझावन चौकी क्षेत्र के हरदौली गांव से दो अक्टूबर की रात दरवाजे पर चारपाई पर सोते समय लापता हुए 45 वर्षीय किसान श्यामबाबू अवस्थी का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।

भाई रामबाबू ने बताया कि तड़के जब नींद खुली तो देखा कि श्यामबाबू का अंगौछा और चप्पलें कुछ दूरी पर पड़ी थीं। दरवाजे पर किसी चार पहिया वाहन के पहियों के निशान मिले थे। जिस पर उन्होंने भाई के अगवा होने की आशंका जताते हुए पुलिस को जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले जमीन को लेकर कुछ लोगों से श्याम बाबू की मारपीट हुई थी, जिससे उन्हें भाई के साथ अनहोनी की आशंका है। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर किसान की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे बरामद किया जाएगा।

# रिंद नदी में डूबे इंटर के छात्र का 24 घंटे बाद मिला शव

संवाददाता, घाटमपुर

**जहानाबाद में बरामद**

- घाटमपुर में विसर्जन के दौरान नदी में डूबा था छात्र
- जहानाबाद में मिला शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा

**परिवार में मचा कोहराम**

पड़ोसी जनपद फतेहपुर के जहानाबाद के पास रिंद नदी में छात्र का शव बरामद होने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। शव बरामद होने की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग जहानाबाद पहुंच गए। इधर, परिवार में चीख-पुकार मच गई। बेटे का शव मिलने से मां बदहवाश सी हो गई।

**अमृत विचारः** साढ़ थाना क्षेत्र में रिंद नदी में डूबे छात्र का शव 24 घंटे बाद फतेहपुर जिले के जहानाबाद में मिला। पुलिस ने साढ़ पुलिस को सूचना दी। साढ़ पुलिस परिजनों के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शव मिलने के बाद से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

साढ़ थाना क्षेत्र के महोलिया गांव निवासी 15 वर्षीय नितिन यादव कक्षा बारहवीं का छात्र था। नितिन गांव में आयोजित दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में अपने दोस्तों के साथ शामिल होने गया था। मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन होने के बाद छात्र दोस्तों के साथ रिंद नदी में नहाने लगा। इस दौरान नहाते हुए गहराई में चला गया था। गहराई में जाने से छात्र पानी में डूब गया था। साथी दोस्तों ने घर पहुंच कर घटना की जानकारी परिजनों को दी।

जानकारी मिलते मौके पर पहुंचे परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। साढ़ पुलिस ने कानपुर से गोताखोरों की टीम को बुलाया। गोताखोरों की टीम की मदद से नदी में छात्र कि तलाश शुरू की थी, लेकिन टीम को कोई सफलता हाथ नहीं लगी थी।

सोमवार दोपहर लगभग 24 घंटे बीतने के बाद छात्र का शव फतेहपुर जिले के जहानाबाद में रिंद नदी में मिला। जहानाबाद पुलिस ने साढ़ पुलिस को छात्र का शव मिलने की सूचना दी। जानकारी मिलते साढ़ पुलिस परिजनों के साथ मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। जहानाबाद थाना प्रभारी शैतान सिंह ने बताया कि छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साढ़ पुलिस को सूचना दी गई है।

# डंपर की टक्कर से युवक की गई जान

संवाददाता, घाटमपुर

**सजेती में हादसा**

- बाइक सवार को टक्कर मारने के बाद भाग निकला डंपर
- अस्पताल में युवक की मौत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**अमृत विचारः** सजेती में तेज रफ्तार डंपर बाइक सवार युवक को टक्कर मारते हुए भाग निकला। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को हमीरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हमीरपुर जिले के सुरौली गांव निवासी 25 वर्षीय रोहित पाण्डेय काम से कानपुर गया था। वहां से देर रात बाइक से वापस घर लौट रहा था। सजेती थाना क्षेत्र में कानपुर-सागर हाईवे पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार डंपर बाइक सवार युवक को टक्कर मारते हुए भाग निकला। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची।

पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से हमीरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। सजेती पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। सजेती थाना प्रभारी बृजमोहन ने बताया कि डंपर की तलाश की जा रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर घायल

**चौबेपुर।** तातियागंज गांव के सामने महाराजपुर मार्ग पर सोमवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी।दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सी एच सी भेजा। जहां हालत गंभीर देख उसे हैलट कानपुर रेफर कर दिया गया।

सोमवार दोपहर तातियागंज गांव के सामने महाराजपुर मार्ग पर एक डंपर ने विपरीत दिशा से आ रही बाइक को सामने से टक्कर मार दी।दुर्घटना में बाइक सवार विजय कुमार पुत्र जाहरी लाल, निवासी शास्त्री नगर, कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद डंपर चालक गाड़ी छोड़ मौके से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सी एच सी भेजा। जहां चोटें अधिक होने के कारण उसे हैलट अस्पताल, कानपुर रेफर कर दिया गया।

# वाहनों के जांचे गए कागजात

संवाददाता, बिल्हौर

**सघन चेकिंग**

- चोरी के वाहन पकड़ने के लिए शुरू किया अभियान
- एसीपी बोले, अभियान में वाहनों का कराया जाएगा सत्यापन



बिल्हौर कस्बे में वाहनों की जांच करते एसीपी सुमित रामटेक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** हाल ही के दिनों में थाना क्षेत्र में चोरी के वाहन पकड़े जाने के बाद एसीपी सुमित रामटेक ने सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर चेकिंग के दौरान वाहनों के सत्यापन के निर्देश दिए हैं। सोमवार को उन्होंने कस्बे में स्वयं सड़क पर कई वाहनों की आरसी की जांच की।

एसीपी की ओर से जानकारी दी गई कि क्षेत्र में चोरी के वाहनों को पकड़ने के लिए कागजात का सत्यापन किया जाएगा। दो दिन पहले ककवन कस्बे में चेकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया गया था, जिसके विरुद्ध लगभग आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। इसके साथ ही बिल्हौर कस्बे के साथ शिवराजपुर, चौबेपुर, अरौल और ककवन कस्बे में लगने वाले जाम को लेकर भी दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने जीटी रोड और ककवन रोड रेलवे क्रॉसिंग के समीप अवैध टेंपो स्टैंड की वसूली पर भी रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, शासन की ओर से क्षेत्र में कहीं भी टेंपो स्टैंड संचालित करने की अनुमति नहीं है, फिर भी ठेकेदार वसूली कर रहे हैं। ये अवैध ही माने जाएंगे। इसके अतिरिक्त जीटी रोड के आसपास अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को भी एसीपी ने चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसीपी के साथ कस्बा इंचार्ज नरेंद्र कुमार ने कई वाहनों के कागजात का सत्यापन किया।

# किशोरी को गोली मारने वाले को भेजा गया जेल

संवाददाता, शिवराजपुर

**बिरैचामऊ का मामला**

- चोरी के इरादे से घुसे शातिर ने चलाई थी गोली
- एक पैर को भेदते हुए दूसरे पैर में धंसी थी गोली

**अमृत विचारः** 27 सितंबर को क्षेत्र के बिरैचामऊ गांव में चोरी के इरादे से घर में दाखिल हुए बदमाश ने पकड़े जाने के डर से गोली चला दी थी। बदमाश की गोली किशोरी के एक पैर को पार करते हुए दूसरे पैर में जा धंसी थी। छानबीन के बाद रविवार देर रात पुलिस ने किशोरी पर गोली चलाने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बिरैचामऊ गांव निवासी अजय शर्मा उर्फ कल्लू ने 28 सितंबर को थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि वह अपने साले की तेरहवीं संस्कार में अपनी पत्नी के साथ अपनी ससुराल गए थे। उसी रात चोरी करने के इरादे से घर में घुसे बदमाश ने बच्चों के जाग जाने पर अपने को फंसता देख फायर कर दिया था, जो घर में मौजूद बेटी शुभी के एक पर को भेदती हुई दूसरे पैर में जा धसी थी।

इस मामले में पुलिस ने छानबीन के दौरान गांव के ही मोहन (68) को जीआरएस टेस्ट में पॉजिटिव पाया, जबकि नामजद अभियुक्त कल्लन की रिपोर्ट निगेटिव आई। पुलिस ने मोहन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए मोहन को ही असली अभियुक्त बताया है।

# सरसौल में 2 दुकानों से चोरी

संवाददाता, सरसौल



घटना के बारे में जानकारी देती महिला। अमृत विचार

**जांच शुरू**

- एक दुकान में नकब लगाई और दूसरी का शटर तोड़ा
- शातिरों ने नकदी में मारा हाथ पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी

**अमृत विचारः** सरसौल में रविवार की रात चोरों ने दो दुकानों से हजारों की नकदी पार कर दी। चोरों ने एक दुकान में नकब लगाई, जबकि दूसरी दुकान का शटर तोड़कर घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। खेतों से भाग रहे चोरों को ट्यूबवेल में सो रहे किसान ने टोका तो चोरों ने उसके ऊपर फायरिंग कर दी। एसीपी चकेरी और डाग स्क्वायड मौके पर पहुंचा।

सरसौल निवासी विनय जायसवाल की कस्बे में ही खाद व बीज की दुकान है। रविवार की रात चोरों ने उनकी दुकान का शटर तोड़कर लगभग 70 हजार रुपये की नकदी पार कर दी। इसके बाद चोरों ने बगल में स्थित हाथीगांव निवासी कल्लू गुप्ता की चूनी-चोकर की दुकान में पीछे से नकब लगाकर नकदी पर हाथ मारा।

दुकानों में चोरी के बाद खेतों से भाग रहे चोरों को ट्यूबवेल में सो रहे किसान अरविंद पाल ने टोका तो शातिरों ने उसकी तरफ फायरिंग कर दी। फायरिंग होने पर किसान दुबक गया। इसके बाद चोर रामपुर की तरफ भाग निकले। मौके पर एसीपी चकेरी दिलीप कुमार सिंह और डाग स्क्वायड पहुंचा। उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। चोरों की तलाश की जा रही है।

# यूपी में बड़ी ताकत बनकर उभरा अपना दलः विजय

संवाददाता, चौबेपुर



प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चौरसिया का स्वागत करते शशिकांत तिवारी। अमृत विचार



सम्मेलनमें मौजूद अपना दल (यस) के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- सम्मेलन में भीड़ देखकर गदगद हुए प्रदेश उपाध्यक्ष
- आयोजक समेत दो सैकड़ा लोगों ने ली सदस्यता

**अमृत विचार।** अपना दल (यस) की ओर से सोमवार को कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चौरसिया ने कहा कि अपना दल (यस) प्रदेश में तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभर रही है। जल्द ही पार्टी प्रदेश में अपना परिचम लहराएगी। इस दौरान सम्मेलन आयोजक समेत करीब दो सैकड़ा लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कस्बे के बेला रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में अपना दल (यस) के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चौरसिया का कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम आयोजक शशिकांत तिवारी समेत करीब दो सैकड़ा लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद मुख्य अतिथि ने कहा कि गरीब, असहाय व पिछड़े वर्ग के हक की लड़ाई के लिए यूं तो तमाम पार्टियां बनी, लेकिन सभी ने जातिवाद की राजनीति ही की।

उन्होंने कहा कि अपना दल (यस) के जनक डॉ. सोनेलाल पटेल ने संविधान के नायक डॉ. भीमराव अंबेडकर की नीतियों के साथ जाति, वर्ग व धर्म से विलग कमजोर तबके के उत्थान के लिए अपनी आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख डॉ. सोनेलाल पटेल आज भले ही हम लोग के बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी विचारधारा व सपनों को साकार करने के लिए उनकी बेटी अनुप्रिया पटेल केंद्र सरकार में राज्यमंत्री रहते हुए जनता की सेवा पूरी निष्ठा के साथ कर रही हैं।

उन्होंने पार्टी की नीतियों से संतुष्ट होकर तेजी से बढ़ रहे परिवार पर हर्ष व्यक्त करते सभी वर्ग, समुदाय के लोगों से एकजुट होकर पार्टी को मजबूती प्रदान करने की अपील की। कार्यक्रम में प्राविधिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश सदस्य जेएन कटियार, रमेश चंद्र कुंडे, रामप्रताप पाल, उमेश शुक्ला, आशीष सिंह, बबलू कटियार, विशाल तिवारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मोनू चौरसिया ने किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

**पारंपरिक आयोजन** — पुष्पक विमान पहुंचते ही जय श्री राम के जयकारों की गूंज, भीड़ से खचाखच भरा रहा पूरा मैदान

# राम और भरत का मिलाप देख लोगों की छलकीं आंखें

संवाददाता, घाटमपुर



भरत मिलाप की लीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार



कार्यक्रम स्थल पर उतरता पुष्पक विमान। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कस्बे में माता सीता और भैया लक्ष्मण के साथ 14 बरस के वनवास व लंका विजय के बाद अयोध्या लौटने पर प्रभु राम का रविवार रात श्री गांधी विद्या पीठ इंटर कॉलेज के खचाखच भरे मैदान पर स्वागत हुआ। रात करीब 8 बजे राम चरित मानस की चौपाइयों के आधार पर पर्णकुटी में प्रभु राम के वियोग में बैठ भरत के विलाप शुरू हुए कार्यक्रम ने जहां दर्शकों को सिसकियां भरने को मजबूर किया, वहीं आकाश मार्ग से पुष्पक विमान से सीता व लक्ष्मण के साथ उतरे प्रभु राम का दर्शकों ने हर्षध्वनि के साथ स्वागत किया। गगनभेदी जयकारों की गूंज उठे।

नगर स्थित गांधी विद्या पीठ इंटर कॉलेज में रविवार रात कार्यक्रम की शुरुआत पर्णकुटी मे प्रभु राम की खड़ाऊं रखकर पूजन कर रहे भरत द्वारा 14 वर्ष की अवधि पूरी होने के चलते उनकी व्याकुलता से होती है। प्रभु राम के लौटने का कोई समाचार न मिलने से विश्वत भरत विलाप करते हैं। भरत के भावपूर्ण विलाप देख दर्शक गमगीन हो जाते हैं। और महिला दर्शक आंखों की फोरों से आंसू पोंछते देखी जाती हैं। तभी ब्राह्मण वेशचारी हनुमान वहां प्रकट होकर भगवान श्री राम के माता सीता और लक्ष्मण के साथ आगमन की सूचना देते हैं। अयोध्या में यह समाचार जान स्वागत की तैयारियां शुरू हो जाती है। और प्रभु राम के आगमन की सूचना गुरु वशिष्ठ समेत नगर वासियों को भी दी जाती हैं। उधर, पुष्पक विमान से भगवान श्री राम माता सीता एवं भइया लक्ष्मण के साथ अयोध्या पहुंचते हैं, जहां भरत मइया शत्रुम्न, माता कौशल्या, सुमित्रा और कैकेयी, गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र एवं नगर वासियों के साथ भावपूर्ण ढंग से उनका स्वागत करते हैं। खचाखच भरे मैदान में दर्शकों द्वारा गगनभेदी जयकारों के बीच प्रभु के स्वागत के बाद उनके राज तिलक का कार्यक्रम संपन्न होता है। मध्य रात के बाद शुरू हुए रंगारंग कार्यक्रम का भी दर्शक लुत्फ उठाते रहे। इस कार्यक्रम में लोग पुष्पक विमान देखने के लिए पहुंचते हैं।

**राम और भरत के चरित्र को जीवन में उतारें**

भरत विलाप कार्यक्रम में पहुंची विधायक सरोज कुरील ने यहां पर मौजूद लोगों को मर्यादा पुरुषोत्तम राम व भरत के जीवन चरित्र से सीख लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि राम व भरत का प्रेम भारतीय संस्कृति में आपस में मिल जुल कर रहने एवं त्याग व समर्पण का सर्वोत्कृष्ट उदहरण है। हम सबको इससे प्रेरणा लेकर जीवन में उतारना चाहिए। इस दौरान उन्होंने राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न की आरती उतार माल्यार्पण किया।

**आकर्षण का केंद्र रहा पुष्पक विमान**

भरत मिलाप कार्यक्रम में पुष्पक विमान मुख्य आकर्षण का केंद्र होता है। दशहरे के दूसरे दिन आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मैदान के दक्षिणी छोर पर दो मंजिली बिल्डिंग की छत के सहारे लोहे का तार मैदान के दूसरे छोर पर खड़े पेड़ पर बांधते हैं। इसी तार के सहारे पुष्पक विमान को मैदान पर उतारा गया। उसमें सवार राम, लक्ष्मण और सीता मैदान के बीच बनाए गए प्लेटफार्म पर उतरे, जहां मौजूद भरत, शत्रुघ्न और माताओं ने गुरुओं और अयोध्यावासियों के साथ उनका स्वागत किया।

# बुद्धिमान वही, जो ज्ञान को ग्रहण करे

**बिधनू।** कठारा गजापुर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत हुई। सुबह कलश यात्रा में 101 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर क्षेत्र का भ्रमण किया। यात्रा में बैंडबाजों और ढोल की गूंज के बीच भक्त खूब झूमे।

कथा के प्रथम दिन कथावाचक चन्द्रेश महाराज उर्फ चन्द्रदास ने श्रीमदभागवत के महात्म्य की कथा सुनाई। भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए ज्ञान वैराग्य, भक्ति और धुंधकारी प्रेत की मुक्ति कथा के साथ सप्ताह विधि का वर्णन किया। महाराज जी ने कहा कि महापुरुषों के वचनों से सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि बुद्धिमान व्यक्ति वही है, जो ज्ञान की हर बात को ग्रहण करे और अपने आचरण में उतारे। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा में दिए गए उपदेशों पर चलकर मनुष्य इस कलयुग में भी परमात्मा को प्राप्त कर सकता है। यहां आचार्य संजीव द्विवेदी, आचार्य महावीर शुक्ल, आचार्य रजोल शुक्ल, रामसेवक, उमाकांती, मनीष कुमार, दीपक श्रीवास्तव, नीरज सिंह आदि रहे।

## सार-संक्षेप



सोमवार को महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं को मिलेगी इंस्पायर स्कॉलरशिप

**घाटमपुर।** रामसारी महाविद्यालय ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय का पहला संघटक महाविद्यालय बनने की उपलब्धि प्राप्त की है। यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं को इंस्पायर स्कॉलरशिप का लाभ मिलेगा। यह निर्णय न केवल महाविद्यालय के लिए महत्त्वपूर्ण नहीं है, ब्लकि के यहां के छात्रों के लिए भी आशा की एक नई किरण है। नए दर्जे के साथ महाविद्यालय अब इंस्पायर स्कीम के तहत योग्य बीएससी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने में सक्षम होगा। यह योजना विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसे केंद्र सरकार की ओर से वित्तीय सहायता दी जाती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नवनीत त्रिपाठी ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह छात्रों के लिए एक शानदार अवसर है। छात्रों के उच्च शिक्षा की दिशा में प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस पहल के माध्यम से राजकीय महाविद्यालय छात्रों को न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करवाएगा ब्लकि उन्हें उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों और कार्यशालाओं का आयोजन भी करेगा।

### ककवन में पांच दिवसीय रामलीला शुरू

**बिल्हौर।** ककवन कस्बे की प्राचीन रामलीला सोमवार से शुरू हो गई। थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह की मौजूदगी में प्रभु राम की आरती उतारकर रामलीला का शुभारंभ किया गया। 19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली रामलीला में क्षेत्र के कलाकार भाग लेंगे। पांचवें दिन रावण के पुतले का दहन भी किया जाएगा। 1980 से लगातार दशहरा के बाद ककवन कस्बे के डीपीएसएन इंटर कॉलेज परिसर में रामलीला का आयोजन हो रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से ललित कुमार शुक्ला, प्रदीप कुमार मिश्रा, ओम नारायण शुक्ला के साथ समिति के सदस्यों का सहयोग रहता है।

## एक नजर

### बुजुर्ग की गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** क्षेत्र के भटौली गांव के रामकुमार ने बताया कि शनिवार को उसके पिता गयाप्रसाद (75) रूरा में दशहरा मेला देखने जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर बुजुर्ग की तलाश कराई जा रही है।

### जानवर बांधने में मारपीट

**रूरा।** क्षेत्र के इंद्ररुख गांव की प्रियंका अग्निहोत्री ने पुलिस को बताया कि उसके जानवर घर के बाहर बंधे थे। पड़ोसी विजय व उनके पुत्र श्यामजी ने खोलकर भगा दिया। शिकायत करने पर दोनों लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### अयोध्या के दीपोत्सव में ऑनलाइन जलाएं दीप

**कानपुर देहात।** अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने बताया कि दिव्य अयोध्या मोबाइल एप्लीकेशन एवं वेब पोर्टल शुरू किया गया है। दिव्य अयोध्या एप के माध्यम से डिजिटल दीप जलाने की व्यवस्था है।

# 53 करोड़ से चौड़ा होगा स्टेट हाईवे

## तीन मीटर चौड़ा किया जाएगा चौबेपुर-रसूलाबाद रोड, शासन को भेजा गया प्रस्ताव

एक्सक्लूसिव

गीतेश अग्निहोत्री, शिवली

**अमृत विचार।** स्टेट हाईवे-68 चौबेपुर से रसूलाबाद को दो लेन से उच्चीकृत कर थ्री-लेन बनाया जाएगा। अब 15 किलोमीटर सड़क को तीन मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसको बनाने में 53 करोड़ रुपये का खर्चा आएगा। शासन को प्रस्ताव को भेजा गया है। हरी झंडी मिलने पर रोड के दोनों तरफ डेढ़-डेढ़ मीटर चौड़ा किया जाएगा, जिससे कई जिलों के लोगों को आवागमन में सहूलियत होने लगेगी।



चौबेपुर-रसूलाबाद मार्ग की बढ़ेगी चौड़ाई। अमृत विचार

**15** किमी सड़क को तीन मी. चौड़ा किया जाएगा

**10** मीटर चौड़ी हो जाएगी सड़क, अभी 7 मीटर है

स्टेट हाईवे-68 चौबेपुर से रसूलाबाद करीब 46 किलोमीटर लंबा है। 14 किलोमीटर का हिस्सा कानपुर नगर में पड़ता है, जबकि शिवली से रसूलाबाद करीब 32 किलोमीटर हिस्सा कानपुर देहात जनपद में पड़ता है। वर्तमान में सड़क सात मीटर चौड़ी है। चौड़ाई बढ़ने पर सड़क 10 मीटर चौड़ी हो जाएगी।

पांडव नदी शिवली से बन्नापुर बंबा तक 15 किलोमीटर सड़क तीन मीटर और चौड़ी होगी। कानपुर नगर के हिस्से वाली सात किलोमीटर सड़क को भी चौड़ा करने का प्रस्ताव किया गया है। सड़क चौड़ी होने से वाहनों की गति और तेज हो जाएगी। इस सड़क से कानपुर, लखनऊ, दिल्ली, औरेया, बिधूना, माती सहित अन्य जगहों के लिए वाहन चलते हैं।

### पांडव नदी से बन्नापुर बंबा तक चौड़ी होगी सड़क

- स्टेट हाईवे-68 पर पांडव नदी से बन्नापुर बंबा तक 15 किलोमीटर सड़क तीन मीटर चौड़ी होगी, जिसमें चार किलोमीटर पांडव नदी से भेवान तक चार किलोमीटर अकबरपुर रनियां विधानसभा में पड़ता है, जबकि 11 किलोमीटर का हिस्सा रसूलाबाद विधानसभा में आता है।

"चौबेपुर-बेला रोड स्टेट हाइवे-68 के 15 किलोमीटर सड़क को 7 मीटर से 10 मीटर चौड़ा करने का प्रस्ताव भेजा गया है। 53 करोड़ से सड़क चौड़ा करने का प्रस्ताव किया गया है।

-आरके राय, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग खंड-एक

## बारा में महिला किसान दिवस का आयोजन आज

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. ने बताया कि 15 अक्टूबर को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व विस्तार शिक्षा संस्थान, गोहाटी असम के सहयोग से महिला किसान दिवस का आयोजन किसान कल्याण केंद्र बारा में किया जा रहा है।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी प्रतिभाग करेंगे। आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण वेबीनार के माध्यम से कराते हुए जनपद व विकासखंड स्तर पर महिला किसान दिवस के मनाए जाने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में 50 महिलाओं को उद्यमिता विकास तथा अन्य विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिला किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# पहलवान से मारपीट करने में 3 गिरफ्तार

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** बिना अनुमति दंगल आयोजित करने और दंगल में शामिल पहलवान के साथ मारपीट करने के वायरल हुए वीडियो पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुर गांव में दशहरा के चलते दंगल का आयोजन किया गया था। आयोजकों ने इसकी अनुमति पुलिस-प्रशासन से नहीं ली थी। दंगल में शामिल पहलवान अजीत सिंह निवासी ग्राम जसापुर थाना मंगलपुर में कुछ लोगों ने मारपीट कर दी थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

इस मामले में पहलवान की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वायरल वीडियो से आरोपियों की पहचान कर तलाश शुरू की थी। दरोगा कौशल कुमार ने बताया कि बिना अनुमति दंगल आयोजन व पहलवान से मारपीट में पवन गुप्ता, अंतू गुप्ता व राघव गुप्ता निवासीगण धर्मपुर गांव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने शुरू की थी छानबीन



कार्यालय में बैठक करते भाजपा नेता। अमृत विचार



बैठक में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

# लक्ष्य के अनुरूप सदस्यता न होने पर बिफरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- भाजपा सदस्यता अभियान को गति देने के लिए बैठक आयोजित

**अमृत विचार।** पार्टी के सक्रिय सदस्य बनाने के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय माती में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सदस्यता अभियान को गति देने पर जोर दिया गया।

भाजपा जिला प्रभारी अशोक राजपूत ने बताया कि 16 से 31 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलेगा। 1 से 4 नवंबर के बीच सक्रिय सदस्यता का सत्यापन तथा 5 नवंबर को जिले की सक्रिय सदस्यता सूची का प्रकाशन होगा। अभी तक जिले में 137000 डिजिटल ऑनलाइन सदस्य तथा 67000 ऑफलाइन सदस्य बनाए गए है। जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने इसके पूर्व प्रथम और द्वितीय चरण के प्राथमिक सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सदस्यता नहीं हुई है। लक्ष्य के अनुरूप सदस्यता न होने पर उन्होंने रोष प्रकट करते हुए 30 अक्टूबर तक बूथ सदस्यता तथा व्यक्तिगत सदस्यता के लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए कहा। इसके पूर्व प्रस्तावना सदस्यता अभियान के जिला संयोजक बंसलाल कटयार ने सभी मंडल अध्यक्षों से मंडल गठन के लिए आवश्यक सदस्यता करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, रसूलाबाद विधायक पूनम शंखवार, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश सचान, राजेंद्र सिंह चौहान, मदन पांडेय, राजेश तिवारी, श्याम सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक विनोद कटयार, नीरज पांडेय, बृजेंद्र सिंह, आरपी कुशवाहा, कमलेश कठेरिया, शिववीर भदौरिया, रागिनी भदौरिया, विकास मिश्र मीडिया प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# रसोइया ने हेड मास्टर पर लगाए कई आरोप

संवाददाता, मंगलपुर

- शिकायत के बाद पुलिस और विभाग की ओर से जांच शुरू

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत रसोईया ने प्रधानाध्यापक पर बिना सूचना कार्य से निकालने व शराब पीकर स्कूल आकर मानसिक प्रताड़ना व गालीगलौज करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस व खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच पड़ताल शुरू की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय डिलवल में रसोईया के तौर पर कार्यरत एक महिला ने सोमवार को विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक पर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 में सूचित कर बदतमीजी सहित गंभीर आरोप लगाए। जानकारी होने पर प्रधानाध्यापक स्कूल से चले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्कूल के स्टॉफ से जानकारी ली।

वहीं महिला रसोईया ने बताया कि उसको बिना पूर्व में कोई जानकारी या नोटिस दिए कार्य से निकाल दिया गया। आज वह पैसों के लिए विद्यालय में आई थी। उसने अपनी बात को प्रधानाध्यापक के समक्ष रखा। जिसपर वह गालीगलौज करने लगे।

आरोप है कि इसके पूर्व में भी वह आए दिन शराब के नशे में विद्यालय आते थे और उसके साथ बदतमीजी से बात करते हुए मानसिक शोषण करते थे। थाना प्रभारी मंगलपुर संजय गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिली है मामले में जांच प्रक्रिया चल रही है। वहीं संदलपुर के खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। एआरपी गौरव राजपूत को मौके पर भेजा गया है।

## सार-संक्षेप



सीएचसी हवासपुर में लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार

### मौसम में बदलाव से सीएचसी में बढ़े मरीज

**संदलपुर।** ब्लॉक क्षेत्र की सीएचसी हवासपुर के गांवों में बदलते मौसम के कारण बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। तेज बुखार, सर्दी, जुकाम और गले में दर्द जैसी संक्रमित बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। इसका सीधा असर अस्पतालों पर पड़ा है। जहां मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मुनीश कुमार ने बताया कि सोमवार को मलेरिया जांचों की संख्या 28 रही है। जिसमें से पॉजिटिव कोई नहीं है। जबकि ओपीडी की संख्या 225 रही। ज्यादातर मरीज बुखार, जुखाम, खांसी के आए हैं।



मूसानगर में भगवती जागरण की सजी झांकी। अमृत विचार

### चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है...

**मूसानगर।** कस्बे के मुख्य बाजार में रविवार की रात मां दुर्गा नवयुवक जागरण कमेटी के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती के जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें सजीव झांकियो ने लोगों का मन मोह लिया। जब कि भजन सुनकर लोग झूमते नजर आए। माता के जागरण के कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के भजन से हुआ। राधा कृष्ण झांकी, शिव तांडव बरसाने की होली, मां दुर्गा की झांकी प्रस्तुत की गई। जिसको देखकर दर्शक झूम उठे। पूरे समय तालियां गूंजती रहीं। अतुल मिश्रा जागरण एंड पार्टी के कलाकार शेफाली के भजन चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है... ने दर्शकों को भाव विभोर कर झूमने पर मजबूर कर दिया। कलाकार नंदिनी गुप्ता ने भी भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर रमेश ओमर, संतोष गुप्ता, प्रखर रमेश गुप्ता, प्रभात, आयुष शुक्ला, मनीष कुमार, वैभव, हिमांशु, हनी कौशल आदि मौजूद रहे।

### सोनू पहलवान ने राजस्थान के जल्लाद को हराया

क्षेत्र के बाघपुर रामलीला में सोमवार को विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के आसपास के जिलों के पहलवानों ने हाथ आजमाए। महिला पहलवानों की कुश्ती भी हुई। कानपुर नसेनिया के सोनू पहलवान ने राजस्थान के जल्लाद सिंह को चारो खाने चित्त कर पांच हजार रुपये की कुश्ती जीती। कुडनी के शिव सिंह ने बरेली के राजेश को पराजित किया। रामलीला कमेटी अध्यक्ष शंकर प्रसाद चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष ओंकारनाथ त्रिवेदी, सतीश चंद्र शुक्ला, पारस त्रिवेदी, अनुराग तिवारी, सुशील मिश्रा, कुसुम त्रिवेदी, संजय वर्मा, राजकुमार वर्मा, सुशील शुक्ला, मनु चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



बाघपुर मेले में हाथ आजमाते पहलवान।

# सड़क हादसे में विद्युत कर्मचारी की गई जान

संवाददाता, शिवली

- तेरहवीं से लौटते समय शिवली-रूरा रोड पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** शिवली-रूरा मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर आउट सोर्सिंग बिजली कर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

कानपुर नगर जनपद के चौबेपुर थाना क्षेत्र के तकीपुर (गदनापुर) गांव निवासी अजय कुमार यादव (40) आउट सोर्सिंग विद्युत कर्मी था जो इस समय पावर हाउस शिवली में तैनात था।सोमवार की दोपहर वह बाइक से रूरा थाना क्षेत्र के मक्कापुरवा गांव तेरहवीं में शामिल होने गया था और वहां से रात्रि में वापस लौट रहा था की रूरा शिवली मार्ग पर शिवली रूरा जोड़ के समीप विपरीत दिशा से चले आ रहे तेजरफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे वह उछलकर दूर जा गिरा और गम्भीर रूप से घायल हो गया।राहगीरों की सूचना पर पहुंचे कस्बा प्रभारी अरविंद तिवारी ने घायल युवक को सी यच सी भिजवाया।जहां मौजूद डॉ0 अंकिता चंद्रा ने युवक को मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक की पत्नी नीलम बदहवास हो गई।जबकि मृतक के पुत्र ओम जी,राम जी व बहन विमला देवी का रो-रो कर बुरा हाल था। क्राइम प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि हादसे में युवक की मौत हुई है। तहरीर पर केस दर्ज कर वाहन की तलाश की जाएगी।

## भेवान में अधेड़ ने फंदा लगाकर दी जान, जांच शुरू

**शिवली।** कोतवाली क्षेत्र के भेवान गांव में एक अधेड़ ने संदिग्ध हालत ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची प्राथमिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के भेवान गांव का रहने वाला महेंद्र उर्फ कल्लू (32) मजदूरी करता था। सोमवार की देर रात उसने अपने चाचा के घर में तीन के पाइप के सहारे फंदा लगाकर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे दरोगा ईशपाल सिंह ने प्रारंभिक छानबीन करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंस्पेक्टर अपराध संजीव कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया ग्रह कलह में आत्महत्या करने की बात सामने आई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# राम के वन से लौटने पर गूंजे जयकारे

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** कस्बे की रामलीला महोत्सव में रविवार रात प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का मंचन हुआ। पूर्व विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह उर्फ कल्लू यादव व भतीजे गजेंद्र यादव ने चारों भाईयों को तिलक लगाकर आरती उतारी। और प्रभु श्रीराम राजसिंहासन पर बैठे।

इसके बाद मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी ने कहा कि सिकंदरा रामलीला महोत्सव ऐतिहासिक मेला बन चुका है। जिसका लोग इंतजार करते हैं। उन्होंने कमेटी को 11 हजार रुपये की सहयोग राशि दी। श्रीराम का राज्याभिषेक होते ही पूरा रामलीला परिसर भक्तिमय वातावरण व प्रभु श्रीराम के जयकारों के उदघघोष से गूंज उठा। राज्याभिषेक मंचन के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम 14 साल का वनवास पूरा कर जानकी सहित अयोध्या लौट आते हैं।

प्रभु श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मन को सामने देखकर भाई भरत की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। पूरे विधि-विधान के साथ मुनि वशिष्ठ द्वारा तिलक लगाकर प्रभु श्रीराम राज्याभिषेक होते ही पुष्प की वर्षा होने लगी और पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।



आरती करते पूर्व एमएलसी दिलीप सिंह। अमृत विचार

- सिकंदरा कस्बे की रामलीला में प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का मंचन, दर्शकों की भीड़ उमड़ी

इस दौरान दीपेंद्र सिंह, दिनेश ठाकुर, शैलेंद्र यादव, अनुराग कटियार, मोना यादव, सत्यम यादव, रामू यादव, कप्तान पूर्व सैनिक, राजपाल प्रधान, अंकुश यादव, अंशु कटियार, सैय्यद सोहेल, प्रियम शुक्ला, प्रमोद पटेल, सुमित यादव, दीपू यादव, बिरजू शर्मा, हर्ष कटियार, अंकुश सिस्टम,शदाब सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सच सामने आएगा | अभियान चलाकर एक माह में जांच पूरी करने के निर्देश, अंत्योदय अन्न योजना की भी पड़ताल

# गृहस्थी राशन कार्डधारकों का होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिले के समस्त अंत्योदय अन्न योजना व पात्र गृहस्थी राशन कार्डधारकों का सत्यापन कराया जाएगा। शासन के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि अंत्योदय व पात्र गृहस्थी श्रेणी के राशनकार्ड सत्यापन का कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाएगा।

जिले में अंत्योदय योजना के कुल 51147 राशनकार्ड प्रचलित है। सत्यापन कार्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में तहसील स्तर पर संबंधित उपजिलाधिकारी नोडल अधिकारी होंगे। नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका, नगर पंचायत स्तर पर अधिशाषी अधिकारी नोडल अधिकारी होगें। यह नोडल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रा अंतर्गत अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के शत-प्रतिशत राशन कार्डों की जांच विशेष अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर करेंगे।

वार्डवार व ग्राम पंचायतवार अपात्रों को चिंहित कर आख्या जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से प्राप्त कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रा अंतर्गत अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के शत प्रतिशत राशन कार्डों की जांच विशेष अभियान चलाकर एक माह में पूर्ण कराएं।

### अंत्योदय राशन कार्ड की पात्रता शर्तें



- अंत्योदय राशनकार्ड धारक के पास अपनी जमीन, पक्का मकान न हो, भैंस, बैल, ट्रैक्टर ट्रॉली न हो। कोई निश्चित व्यवसाय, मुर्गी पालन, गोपालन न हो। शासन द्वारा कोई वित्त सहायता का व्यवसाय न हो। विद्युत कनेक्शन न हो। ऐसे परिवार जिसकी मुखिया विधवा हो या लगातार बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति या विकलांग व्यक्ति या 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्ति, जिसकी जीविकोपार्जन का कोई निश्चित साधन व समाजिक सहारा न हो। सभी आदिवासी, जनजातीय परिवार (आदिवासी जनजातीय लाभार्थी, जो विस्तारित अंत्योदय योजना में शामिल किए जाएंगे।

### पात्र गृहस्थी में ये माने जाएंगे अपात्र

- ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पात्र गृहस्थी राशनकार्ड के लिए आयकर दाता नहीं होना चाहिए। परिवार के किसी भी सदस्य के स्वामित्व में चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर, हारवेस्टर, एयर कंडिशनर, पांच केवीए या उससे अधिक क्षमता का जनरेटर नहीं होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे परिवार जिसके सदस्य के पास अकेले या अन्य सदस्य के स्वामित्व में 5 एकड से अधिक संचित भूमि है। ऐसे परिवार जिनके समस्त सदस्यों की आय 2 लाख प्रति वर्ष से अधिक है। एक से अधिक शस्त्र लाइसेंस, 100 वर्ग मीटर से अधिक का स्वअर्जित आवासीय प्लाट या उस पर स्वनिर्मित मकान आदि मानक होंगे।

## पति समेत तीन लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी औरैया जिले के वधा कटरा निवासी राहुल से 19 नवंबर 2019 को हुई थी। शादी में परिजनों ने वर पक्ष की मांग पर करीब 8 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन पति राहुल, सास मीरा देवी, चचिया ससुर सचिन शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे और दहेज में एक लाख रुपये लाने की बात को लेकर आए दिन उसे शारीरिक व मानसिक रूप से पीड़ित करने लगे। बीते वर्ष 20 अप्रैल को उक्त लोगों ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की और घर से भगा दिया। तब से वह अपने मायके में ही रह रही है। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# शिव धनुष टूटते ही पहुंचे परशुराम

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचार।** कस्बा की बाजार में श्री रामलीला समिति द्वारा कराई जा रही भव्य लीला के दूसरे दिन धनुष भंग का मंचन किया गया। लोगों ने लक्ष्मण-परशुराम के चुटीले संवादों का आनंद लिया।

कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता सतीश शुक्ला, रवि शुक्ला, चेयरमैन विटान दिवाकर, राम किशोर दिवाकर, विष्णु कुमार गुप्ता ने भगवान राम-लक्ष्मण की आरती की। जिसके बाद लीला में शिव धनुष टूटते ही परशुराम का आगमन होता है। परशुराम ने भगवान राम से कहा कि राम रमापति करधन ले, खींचेहूं चाप मिटे संदेहू। यह सुनते ही लोग श्री राम के जय जयकार करने लगे। मध्य रात के समय रावण-बाणासुर का तार्किक संवाद हुआ।

श्रीराम-सीता का विवाह होते ही फूलों की वर्षा होती है। धनुष टूटने पर परशुरामजी का आगमन होता है और वह क्रोधित होते हैं। श्रीराम की भूमिका में विशाल अग्निहोत्री, लक्ष्मण मनोज पांडेय, परशुराम त्रिभुवन चतुर्वेदी, व्यास आनंद शर्मा व रावण की भूमिका सुधांशु शर्मा ने निभाई। अतिथियों व चेयरमैन प्रतिनिधि रामकिशोर दिवाकर, समाजसेवी विष्णु कुमार गुप्ता, पप्पू शर्मा, सुरेश त्रिपाठी का कमेटी के जीतू यादव, सचिन शर्मा, सोनू गुप्ता, अश्विनी चौबे ने माल्यार्पण, पगड़ी व प्रतीक चिंह भेंट कर स्वागत किया।

मंच का संचालन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष व भाजपा के रनियां मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा ने किया। इस दौरान उमाशंकर गुप्ता, रोहित गुप्ता, सचिन शर्मा, दयाशंकर गुप्ता, अनिल पाल, रमाकांत कश्यप, राजकुमार मिश्रा, विनय कुमार शर्मा, तरुण शर्मा, सुरेश सक्सेना, श्रवण कुमार कुशवाहा आदि रहे।



अतिथियों का स्वागत करते कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### पेड़ से लटका मिला किशोर का शव, हत्या की आशंका

**पुरवा उन्नाव।** मवेशी चराने गए किशोर का पेड़ पर शव लटका देख भाई के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी श्याम मिलन संविदा पर विद्युत विभाग में लाइनमैन है। उसका 14 वर्षीय बेटा सत्यम कक्षा नौ का छात्र था। सोमवार को वह स्कूल से घर लौटा और खाना खाकर मवेशी चराने चला गया। करीब तीन बजे खेत पहुंचा उसका बड़ा भाई उत्तम खेत की ओर गया तो वहां सत्यम को नीम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटका देख उसकी चीख निकल गई। ग्रामीणों की मदद से फंदा काटकर परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता ने बेटे की हत्या कर शव लटकाए जाने की आशंका जताई है। एसएचओ राकेश गुप्ता ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ऑपरेशन के बाद युवक की गई जान, गलत इलाज का आरोप

**उन्नाव।** अचलगंज थानाक्षेत्र निवासी युवक की आपरेशन के एक सप्ताह बाद अचानक मौत हो गई। पत्नी के गलत इलाज की आशंका जताने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। अचलगंज थानाक्षेत्र के शिवपुर ग्रांट गांव निवासी रामबाबू (38) पुत्र राजाराम ने बीती 10 अक्टूबर को गांव लोहचा स्थित एक निजी अस्पताल में हाइड्रोसील का ऑपरेशन कराया था। इसके बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया था और घर पर उसका इलाज चल रहा था। रविवार देरशाम बाथरूम जाते समय अचानक वह गिर पड़ा। अचेत हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी फूलमती ने गलत आपरेशन की आशंका जताई है।

### प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी साठगांठ के चलते सिर्फ नोटिस भेज रहे, शुक्लागंज के इंद्रा नगर व कई घाट में गंगा में सीधे गिर रहे नाले

# तो इस बार महाकुंभ में प्रदूषित गंगा जल में लगेगी डुबकी

**हाल-ए-प्रदूषण विभाग**

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


इंद्रा नगर के सामने गंगा में गिरता नाले का पानी। अमृत विचार


इंद्रा नगर में निर्माणाधीन एसटीपी। अमृत विचार


डकारी का निर्माणाधीन एसटीपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगा नदी की स्वच्छता बनाए रखने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं लेकिन, जमीनी हकीकत इससे इतर है। मिश्रा कॉलोनी से इंद्रा नगर व जाजमऊ क्षेत्र तक कई छोटे-बड़े नाले सीधे गंगा में गिराए जा रहे हैं। इससे गंगा में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के अलावा जिला प्रशासन भी मौन है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब जनवरी माह में प्रयागराज में महाकुंभ होना है तो प्रशासन गंभीर क्यों नहीं है।

गंगा नदी जिले के करीब 80 किमी के क्षेत्रफल से होकर गुजरती है। इसमें एक बड़ा भू-भाग गंगाघाट क्षेत्र अंतर्गत आता है। इस क्षेत्र में मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ स्थित चंदन घाट तक दर्जनों नाले खुलेआम गंगा में गिर रहे हैं। विशेष रूप से मिश्रा कॉलोनी के सैकड़ों घरों का गंदा पानी सीधे गंगा में बहाया जा रहा है। नगर पालिका ने भी इन मकान मालिकों को नोटिस जारी कर कागजी कोरम पूरा कर लिया है। वहीं इंद्रा नगर क्षेत्र में एक बड़ा नाला भी सीधे गंगा में गिर रहा है। जिसके चलते गंगा का पानी अत्यधिक दूषित हो रहा है। जिला प्रशासन व पालिका समय-समय पर गंगा की स्वच्छता व जागरूकता कार्यक्रमों पर लाखों रुपये खर्च कर चुके हैं। लेकिन नालों को बंद कराने में उनकी नाकामी दर्शाती है। वहीं, जिले में गंगा को प्रदूषित करने के जिम्मेदारों पर प्रदूषण विभाग द्वारा भी कोई कार्रवाई न किया जाना उनकी संबंधित विभागों से साठगांठ को दर्शाता है।

> अभी बारिश हो रही थी, जिस कारण नाले का पानी सीधे गंगा में गिर रहा था। जल्द ही बायो रेमिडिएशन विधि से गंगा में गिरने वाले नालों में लिक्विड फॉर्म में मौजूद एंजाइम डाले जाएंगे। जिससे पानी शुद्ध होकर गंगा में जायेगा। जब तक एसटीपी नहीं बन जाता है, तब तक इसी तरह गंदे पानी को रोक जायेगा।
> –मुकेश कुमार मिश्रा, ईओ–नगर पालिका गंगाघाट।

> महाकुंभ को लेकर तैयारियां चल रही हैं। पालिका और जल निगम को नोटिस भेजी गई है। इसके साथ ही एसटीपी बना रही कार्यदायी संस्था को भी नोटिस भेजी गई है। कार्य विलंबित हो रहा है। महाकुंभ से पहले डकारी एसटीपी नहीं चालू हुआ तो कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।
> –अनिल माथुर, क्षेत्रीय अधिकारी–बोर्ड प्रदूषण उन्नाव।

- **14 जनवरी से प्रयागराज में शुरू होना है महाकुंभ**
- **डकारी और इंद्रा नगर एसटीपी का कार्य भी अधर में लटका**

> इंद्रा नगर एसटीपी में कार्यदायी संस्था द्वारा सुस्त गति से कार्य कराया जा रहा है। कई बार कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी गई है। जल्द ही कार्य पूरा कराया जायेगा।
> –अंकुर सक्सेना, जेई–जल निगम

### इन तारीखों को होगा महाकुंभ का शाही स्नान

- 14 जनवरी 2025, मकर संक्रांति
- 29 जनवरी 2025, मौनी अमावस्या
- 3 फ़रवरी 2025, बसंत पंचमी
- 12 फ़रवरी 2025, माघी पूर्णिमा
- 26 फ़रवरी 2025, महाशिवरात्रि

### इंद्रा नगर एसटीपी का कार्य भी अधूरा

गंगा को स्वच्छ बनाने के लिये इंद्रा नगर मुन्नू बगिया के पास 3 बीघा 8 बिस्वा जमीन पर 28 करोड़ की लागत से एसटीपी का कार्य वर्ष 2018 में शुरू हुआ था। लगभग 5 साल होने के बावजूद अभी कार्य अधूरा पड़ा है। जो 6 सालों में अभी तक पूरा नहीं हो सका है।

### डकारी एसटीपी भी नहीं हो सका चालू

नमामि गंगे परियोजना के तहत डकारी गांव में 38 करोड़ से 15 एमएलडी का कानपुर रीवर मैनेजमेंट प्रा. लि. संस्था की ओर से पांच साल पहले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य शुरू कराया गया था। एसटीपी का कार्य पिछले वर्ष जनवरी माह में पूरा होना था। लेकिन समय अवधि पूरी होने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका।

# व्यापारियों ने वेंडिंग जोन का जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)


कलक्ट्रेट परिसर में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राय को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के आईबीपी चौराहा से स्टेशन जाने वाले मार्ग में नगर पालिका व जिला प्रशासन द्वारा सड़क की दोनों पट्टी पर एक प्लेटफ़ार्म बनाते हुए ई-वेंडिग जोन का निर्माण कराया जा रहा है। जिस कारण वहां के व्यापारियों के लिए बड़ी दिक्कत को देखते हुए व्यापारियों ने अपनी समस्या व्यापार मंडल के ज़िलाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी को बताते हुए इस वेंडिग जोन का विरोध जताया।

इसे संज्ञान में लेते हुए ज़िलाध्यक्ष ने कहा कि किसी की दुकानों के सामने किसी भी स्तर पर आने-जाने वाले मार्ग को बाधित नहीं किया जा सकता। नगर पालिका द्वारा ई-वेंडिंग जोन के नाम पर सड़क किनारे ठेले लगवाकर कब्जा करवाना, चाहे कोई आम नागरिक हो या प्रशासन द्वारा किसी को इस तरह का कब्जा करने का अधिकार नहीं है। इसके साथ ही अध्यक्ष ने कहा कि बन रहे मॉडल स्टेशन का यह एकमात्र चौड़ा मार्ग है। जिससे यात्री स्टेशन तक अपने वाहन से पहुंच सकते हैं।

सोमवार को व्यापार मंडल ने नगर पालिका प्रशासन विरोधी नारे लगाते हुए कलक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट राजीव राय को ज्ञापन सौंपा। जिस पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा आश्वासन दिया गया कि व्यापारियों के साथ अन्याय नहीं होगा। जिस पर ज़िला महामंत्री निर्भय सिंह ने कहा कि यदि जल्द ही कार्य रोका न गया तो सभी व्यापारी सड़क पर उतरकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

इस दौरान कमल गुप्ता, बब्लू गुप्ता, पुनीत रम्भेवाल, नगर अध्यक्ष अनिल गुप्ता, रामजी गुप्ता, अजय गुप्ता, सरदार सनी सहित दो दर्जन से अधिक व्यापारी मौजूद रहे।

## महाकुंभः परिवहन विभाग ने शुरू की तैयारी

**उन्नाव।** प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू होने जा रहे महाकुंभ-2025 को लेकर परिवहन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए जहां श्रद्धालुओं को लगातार 45 दिन तक महाकुंभ स्थल तक पहुंचाने और वापस लाने की तैयारियां हो रही हैं। वहीं उन्नाव में भी 20 से 25 बसों को चुस्त-दुरुस्त क़र विभाग ने कमर कसना शुरू कर दिया है।

प्रयागराज में इस बार 13 जनवरी से महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जहां 26 फरवरी तक दूर-दूर देश-विदेश से श्रद्धालुओं का भीड़ रहेगी। इसे लेकर परिवहन निगम ने अपने सभी डिपो को हाई अलर्ट पर रखा है।

उन्नाव से सभी चालकों-परिचालकों की सूची बनाकर क्षेत्रीय कार्यालय भेजी जा रही है। जिनको प्रयागराज के लिए बसें एलॉट की जानी हैं। ऐसे में चालकों को दोबारा प्रशिक्षित करने के लिए भेजा जा रहा है। एआरएम रोडवेज गिरीश चंद्र ने बताया कि महाकुंभ को लेकर तैयारी की जा रही है। महाकुंभ में आवश्यकतानुसार विभाग द्वारा मांग करने पर बसें भेजी जायेंगी।


पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के साथ यात्रा में मौजूद चेयरमैन व अन्य।

# अहंकारी रावण का दहन होते ही गूंजा जय श्री राम

**नवाबगंज।** कस्बे में 76 वर्षों से चल रही रामलीला का मंचन रामलीला मैदान में कलाकारों द्वारा किया गया। जिसे देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ मौजूद रही। राम का तीर लगते ही लीला मैदान में रावण धराशायी हो गया। इसके बाद 65 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। वहां की गई आतिशबाजी का लोगों ने जमरकर आनन्द उठाया।

कस्बे में लगने वाले दशहरा मेला का आयोजन इस बार युवा कमेटी द्वारा कराया गया। शोभायात्रा में पुलिस अधिकारी व युवा साथ चल रहे थे। रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में माता सीता का हरण, मेधनाथ व लक्ष्मण युद्ध, कुंभकर्ण युद्ध हुआ। अंत में राम और रावण का युद्ध हुआ। राम ने रावण की नाभि में तीर मारकर रावण का अंत किया।

इसके बाद लीला मैदान में जयघोष होने लगा। फिर 65 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान मेला कमेटी अध्यक्ष राजेंद्र द्विवेदी, एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद, सीओ संतोष सिंह, चेयरमैन दिलीप लश्करी, कोतवाल अवनीश सिंह, अखिलेश गुप्ता, प्रदीप द्विवेदी, रंजीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

# करवा चौथ को लेकर बाजारों में छाई रौनक, खरीदारी में जुटीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)


शहर के धवन रोड पर खरीददारी करती महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** त्योहार आने से पहले ही शहर का कपड़ा बाजार खिल उठा है। करवाचौथ को लेकर शहर के बाजार में कपड़े व साड़ियों की दुकानें सज गई हैं। करवाचौथ पर महिलाएं बाजारों में खरीदारी के लिए जुटी हैं। पति की लंबी उम्र की कामना के लिए रखे जाने वाले करवा चौथ के व्रत का उत्साह महिलाओं के चेहरे के साथ बाजार में रौनक के रूप में दिखने लगा है।

करवाचौथ का त्योहार 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। शहर के धवन रोड, बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा आदि बाजार जगमग हैं। वहीं करवाचौथ परर खरीदारी को लेकर मार्केट में खासी भीड़ है। महिलाएं हार, बिंदिया, बिछुए व सोने, हीरे की अंगूठी की खरीदारी कर रही हैं। इसके साथ ही कपड़ों में लाल रंग व चाकलेटी कलर की साड़ियां महिलायें अधिक पसंद कर रही हैं। वही आर्टिफिशियल ज्वैलरी की भी जमकर खरीद हो रही है। सतरंगी सेट, दुल्हन सेट और साड़ियों की मैचिंग के सेट के साथ उपलब्ध हैं। चूड़ी विक्रेता शारुख व अफजल खान ने बताया करवा चौथ पर लाल, हरे, और पीले रंगों की चूड़ियों की मांग अधिक है। शहर के मुख्य बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने से ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर रखना पुलिस के लिए चुनौती बन रहा है।

### पूजा सामग्री की भी हो रही खरीदारी

- महिलाएं करवा चौथ व्रत के दौरान पूजा में प्रयोग होने वाले करवा, छननी, दीये आदि खरीद रही हैं। इसके अलावा कांच की लाल चूड़ियां, लहठी व चूड़ा भी खरीद रही हैं। महिलाएं करवा चौथ का व्रत रखेंगी और चांद को अर्घ्य देकर पति की दीर्घायु की कामना करेंगी। करवा चौथ पर्व पर मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है। ऐसे में महिलाएं मेहंदी भी खरीद रही हैं।

## जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**सोहरामऊ उन्नाव।** सोहरामऊ थानांतर्गत गांव आदमपुर बरेठी में जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में घायल युवक ने सोहरामऊ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

आदमपुर बरेठी निवासी आदित्य प्रताप पुत्र अभिमन्यु सिंह की भूमि के सामने पड़ी जमीन को आबादी का बता गांव के सुजीत, योगेंद्र पुत्र स्व. रामऔतार रावत घर की महिलाओं को लेकर कब्जा करने पहुंचे थे। जिस पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें आदित्य सिंह का सिर फट गया। घायल अवस्था में आदित्य ने सोहरामऊ थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर उसे मेडिकल के लिये नवाबगंज सीएचसी भेजा। दरोगा सुरेंद्र सिंह ने बताया कि दो पक्षों में जमीनी विवाद था। सोमवार को बिना पुलिस को सूचना दिये लेखपाल मौके पर नाप के लिए पहुंचे थे। तभी दोनों पक्ष में विवाद हो गया। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सार-संक्षेप



सपा कार्यालय में सभा को संबोधित करते जिलाध्यक्ष राजेश यादव।

### हर बूथ पर 10 लोगों की कमेटियां बनायें : जिलाध्यक्ष

**उन्नाव।** शहर के सिविल लाइंस स्थित सपा कार्यालय के सभागार में सोमवार को पार्टी की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष राजेश यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक माह में सभी विधानसभा अध्यक्षों की ज़िम्मेदारी है कि सभी बूथों पर कमेटी बनाना सुनिश्चित करें। साथ ही हर बूथ पर करीब 10 लोगों की कमेटियां भी बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मिशन–2027 के चलते विधानसभा चुनाव की चुनौती बड़ी है। मगर ये चुनौती इतनी भी बड़ी नहीं है कि प्रदेश में सरकार न बनाई जा सके। सपा ने सदैव गरीब व कमजोर समुदाय की आवाज उठाई है। प्रदेश में युवा बेरोजगार, घर की थाली महंगी, डीजल–पेट्रोल के दाम आसमान पर हैं फिर भी प्रदेश व केंद्र सरकार विकास के दावे पेश क़र रही है। बैठक में पूर्व सांसद अन्नू टंडन, पूर्व विधायक कृपा शंकर सिंह, सुंदर लाल लोधी, उदयराज यादव, बदलू खां, सुंदर लाल कुरील, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीके त्रिपाठी, आंचल वर्मा, अंकित परिहार, धर्मेंद्र यादव, राजेश कुमार साधु, नरेंद्र लोधी, राजकुमार लोधी, हरिकेश यादव आदि सपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन हेमंत पाल ने किया।

**आयोजन** — राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न चारों भाइयों का मिलन देख कर भाव विभोर हुए दर्शक

# श्रीराम के अयोध्या पहुंचने पर राज्याभिषेक साथ हुआ कन्याभोज

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)


शहर के वृंदावन गार्डन में आयोजित कन्याभोज में बैठीं कन्यायें। अमृत विचार


साकेत धाम की रामलीला में राम दरबार की आरती करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के आवास विकास कालोनी स्थित वृंदावन गार्डन में चल रही रामलीला के अंतिम दिन भरत-मिलाप, राजगद्दी और खाटू श्याम की झांकी के दृश्य का मंचन हुआ। राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न चारों भाइयों का मिलन देख दर्शक भाव विभोर हो उठे।

अंतिम दिन हुई रामलीला में लंका विजय के बाद श्रीराम विभीषण का राज्याभिषेक करते हैं। जिसके बाद हनुमान जी माता सीता और श्रीराम के अयोध्या पहुंचने की सूचना देने जाते हैं। कुछ देर बाद श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचते हैं। राम के आने की सूचना पर भरत व शत्रुघ्न उनकी प्रतीक्षा करने लगते हैं। श्रीराम-लक्ष्मण सजल नयनों से बाहें पसार कर दौड़ पड़ते हैं। भरत व शत्रुघ्न को जब उन्होंने गले लगाया तो लोग भाव विभोर हो उठे। इसके बाद गुरु वशिष्ठ राम का राज्याभिषेक करते हैं तो वहां पर मौजूद दर्शक पुष्प वर्षा करते हैं।

इसके बाद कमेटी ने कन्याभोज कराया। इस मौके मुख्य अथिति नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा व प्रखर गुप्ता को कमेटी के लोगों ने सम्मानित किया। रामलीला सोसायटी अध्यक्ष राकेश सिंह, संयोजक राम तनेजा, जीएस भदौरिया व महिला अध्यक्ष निम्मी अरोडा, रामलली दीक्षित, शर्मिला सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिव महापुराण कथा कल से, उमड़ेंगे श्रद्धालु

- **उन्नाव।** शहर में विभिन्न समितियों के संयुक्त प्रयासों से पीडी नगर स्थित प्रियदर्शिनी गेस्ट हाउस में 16 अक्टूबर से श्रीशिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। आयोजकों व सहयोगियों ने बताया कि मुजफ्फरनगर के महंत व राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज शिव की पावन कथा का गुणगान करेंगे। 15 अक्टूबर को कलश यात्रा इंद्रानगर स्थित बाबा बल्लभेश्वर महादेव मंदिर से पीड़ी नगर स्थित श्री बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर पहुंचेगी। वाराणसी के आचार्य उदित नारायण द्विवेदी के सानिध्य में इंदु प्रकाश अवस्थी, ज्ञानेंद्र सिंह, सत्येंद्र त्रिपाठी, डॉ. मनीष सेंगर, अभिषेक शुक्ला, बच्चन पांडेय, उमा शुक्ला, राजेश सेंगर ने शिवपुराण कथा के कलश यात्रा में शामिल होने के लिए महिलाओं की भागीदारी की अपील की।

### रामलीला में सीता स्वयंवर का हुआ मंचन

**उन्नाव।** शहर के साकेत धाम रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में कलाकारों ने धनुष भंग लीला का रोमांचकारी मंचन किया, जिसे देखने के लिये सुबह तक दर्शक जमे रहे और रातभर लीला का आनंद उठाया। सीता के स्वयंवर सभा में एक से बढ़कर एक वीर प्रतापी राजा और महाराजा पहुंचे। परंतु कोई भी शिव के धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाने की तो बात दूर धनुष को हिला भी नहीं पाए। तभी श्रीराम ने विश्वामित्र की आज्ञा पाकर धनुष भंग कर दिया, जिसके बाद सीता ने राम के गले में वरमाला डाली तो मौजूद दर्शको ने भी पुष्प वर्षा की। वहीं दूसरी ओर शिव धनुष टूटने पर परशुराम ने सीता स्वयंवर सभा में आकर क्रोध प्रकट करते हुए धनुष तोड़ने वाले को पूछा। कई घण्टे चले परशुराम और लक्ष्मण के मध्य रोमांचकारी संवाद हुआ। जिसे सुनकर दर्शक रोमांचित हो गए। वहीं इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष संजय राठी, महोत्सव संयोजक चंद्र प्रकाश अवस्थी, जगदीश माहेश्वरी, कृष्णप्रिय मोती श्याम, प्रमोद शुक्ला डॉ. मनीष सिंह सेंगर, विनोद शर्मा, संजीव गुप्ता राजा, इंदु प्रकाश अवस्थी, मनीष पांडेय, कौशल किशोर यादव, प्रेम मिश्रा, डॉ प्रभात सिन्हा, प्रचीन्द्र मिश्रा, राहुल कश्यप, अनिरुद्ध सौरभ व ऋषभ श्रीवास्तव सहित अन्य लोग रहे।



## एक नजर

### आज 5 घंटे बाधित रहेगी नगर की बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव ।** आज (मंगलवार) शुक्लागंज और मगरवारा सबस्टेशन को सप्लाई देने वाली 33 केवीए लाइन के अनुरक्षण कार्य के कारण नगर में बिजली आपूर्ति 5 घंटे के लिए बंद रहेगी। खंड अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि मेंटिनेंस वर्क के चलते शुक्लागंज के फीडर 1, 2, 3, 4 और 5 की बिजली सप्लाई सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी। यह कार्य मंगलवार को किया जाएगा, जिससे स्थानीय निवासियों को कुछ असुविधा हो सकती है। अधिकारी ने सभी से सहयोग की अपील की है।

### सीडीओ ने देखी निर्माणाधीन गौशाला, दिये निर्देश

**पुरवा ।** असोहा विकासखंड के गांव कांथा में पशुपालन विभाग द्वारा 1.65 करोड़ की लागत से करीब 400 मवेशियों की क्षमता वाली स्थाई गौशाला बनाई जा रही है। गौशाला का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोमवार को सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने गौशाला का निरीक्षण किया। इसमें सीडीओ ने वहां बनी टिनशेड, पेयजल व्यवस्था व कार्यालय आदि देखे। सीडीओ ने गौशाला में बने तालाब में चारो ओर बार्बेड वायर लगवाने के निर्देश दिये। सीडीओ ने सीवीओ को दो सप्ताह के अंदर गौशाला को क्रियाशील कराने को भी कहा। इस दौरान बीडीओ मुनेश चंद्र, प्रधान सुनील लोधी आदि मौजूद रहे।

### अपने जीवन में कम से कम 1 पौधा अवश्य लगायें

**पुरवा ।** लक्ष्मी फाउंडेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा क्षेत्र के तौरा गांव स्थित हनुमान मंदिर व तूरी गांव स्थित भरथली बाबा मंदिर प्रांगण में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। संस्था के चेयरमैन अनिल कुशवाहा ने संस्था के सहयोगियों के साथ मिलकर आधा सैकड़ा पौधे लगाए। उन्होंने बताया कि हम सभी को कम से कम एक एक पौधा अवश्य रोपित करना चाहिए। अनिल कुशवाहा ने रोपित किए गए पौधों की देखभाल के लिए संस्था के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी है। इस दौरान अजय, शिवम, शशांक, संतोष, मोहन, नंद किशोर, सुषमेष, बिदा, सचिन आदि मौजूद रहे।

### छापेमारी में पकड़ी गई अवैध विस्फोटक सामग्री

**शुक्लागंज उन्नाव ।** गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने रविवार को कटहा दलनारायनपुर क्षेत्र में बिना लाइसेंस के चल रही एक पटाखा दुकान में छापेमारी की। वहां पर पुलिस को भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री मिली, जिसे पुलिस ने तत्काल जब्त कर नष्ट करा दिया। मदनी नगर निवासी मोहम्मद तनवीर अवैध रूप से इस दुकान का संचालन कर रहा था, जिसमें दीपावली के त्योहार के मद्देनजर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और पटाखे रखे गए थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बड़ी संख्या में पटाखे बरामद किए और उन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया।

# हादसा : साइकिल सवार मजदूर को डंपर ने रौंदा

## मजदूरी कर वापस लौटते समय हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव




● सड़क पर शव पड़ा होने से लगा रहा जाम, पुलिस ने शव हटवाकर शुरू कराया यातायात

**अमृत विचार।** मजदूरी कर वापस लौट रहे मजदूर को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया, जिसस उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे परिजन शव देख कर बेहाल हो गए। सड़क पर शव पड़े होने की वजह से उन्नाव हरदोई मार्ग पर आधा घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस ने शव को किनारे हटवाया तब जाकर यातायात शुरू हो पाया।

माखी थाना क्षेत्र के डीहा गांव निवासी मुन्नू (46) पुत्र बाबू मजदूरी कर अपने परिवार की जीविका चलाता था। सोमवार देर शाम वह उन्नाव से काम निपटा कर वापस लौट रहा था। तभी थानाक्षेत्र उन्नाव हरदोई मार्ग पर थाना गांव की गौशाला के पास पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इससे वह उछल कर सड़क पर गिर गया और डंपर के पहिये के नीचे आकर कुचल गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीआरवी ने पीछा कर रऊकरना के पास डंपर को पकड़ लिया। इस बीच सडक पर शव पड़े होने तक दोनों ओर वाहनों की एक किमी तक कतार लग गई। पुलिस ने एक एक छोर से वाहनों को पास कराकर शव को सड़क से हटवाया। तब जाकर यातयात सामान्य हो पाया।

### ऑटो की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, रेफर

**औरास ।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मुंशी खेड़ा के मजरा शाहपुर तोंदा निवासी विजय पाल पुत्र राधेलाल सोमवार दोपहर बाद बाइक से सदर कोतवाली अंतर्गत नादाखेड़ा गांव में गोदभराई समारोह में शामिल होने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन से जा रहा था। वह बरादेव गांव के किनारे पहुंचा ही था कि तभी अनियंत्रित ऑटो ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से वह गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां उसकी हालत चिंताजनक है।

## दोपहर तक गली में पड़ा रहा कूड़ा वीडियो वायरल

**शुक्लागंज उन्नाव।** पालिका के वार्ड 15 के गांधी नगर में सोमवार को दिन में करीब 12 बजे तक कूड़ा सड़क पर फैला रहा, जिससे स्थानीय लोगों ने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं तब जाकर नगर पालिका के अधिकारियों की नींद टूटी। अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

नगर पालिका इस समय शासन के निर्देश पर वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चला रही है, जिसके तहत साफ-सफाई के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद, पालिका के जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों का सही तरीके से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला ने बताया कि वायरल फोटो की जांच के बाद पता चला कि गली में सवा 11 बजे तक कूड़ा नहीं उठाया गया था। इस मामले पर पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय एवं ईओ के निर्देश पर सफाई नायक छोटेलाल पाल का तीन दिन का वेतन काटा गया।

# स्कूटी से निकली महिला हुई लापता सई नदी किनारे मिली स्कूटी व पर्स

संवाददाता हसनगंज उन्नाव


नदी में महिला की तलाश करते गोताखोर, मौजूद कोतवाल व मोहान चेयरमैन।

**अमृत विचार।** घर से निकली महिला अचानक लापता हो गई। उसकी स्कूटी, पर्स व दुपट्टा सई नदी किनारे मिलने से उसके डूबने की आशंका पर गोताखोरों से पुलिस ने तलाश कराई। लेकिन उसका पता नहीं लग सका। पुलिस उसकी तलाश करवा रही है।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर पचगहना गांव निवासी चांदनी (27) पुत्री मदार बक्श सोमवार सुबह 9 बजे दवा लेने जाने की बात कहकर घर निकली थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे उसकी स्कूटी कस्बा मोहान के जलेश्वर नाथ मंदिर के पास स्थित सई नदी के पास खड़ी मिली। उसमें उसका मोबाइल फोन, दुपट्टा, फोन के कवर में रखे 2040 रुपये भी मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। मोहान चेयरमैन समरजीत यादव ने छह गोताखोरों को बुलाकर सई नदी में उसकी तलाश के लिए उतारा। लेकिन करीब तीन घंटे मशक्कत के बाद


चांदनी।

● पुलिस ने सई नदी में उतारे गोताखोर तलाश जारी

भी युवती का पता नहीं लगा। चांदनी की शादी 6 वर्ष पूर्व शुक्लागंज के चंपापुरवा में हुई थी। पति से अनबन के बाद दो साल से वह मायके में ही रह रही थी। वह तभी से घर पर ही दूध डेरी सहित चूनी-चोकर का व्यापार कर रही थी।

उसके पिता की बीते वर्ष मौत हो चुकी है। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि स्कूटी व मोबाइल फोन बाहर मिला है। उसे नदी में जाते किसी ने नहीं देखा है। फिलहाल गोताखोरों से नदी में उसकी तलाश की जा रही है। उसके पर्स में लखनऊ जिला के बालागंज स्थित खन्ना डायग्नोस्टिक सेंटर का एक पर्चा मिला है। जिसकी जांच करवाई जा रही है।


कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते विधायक श्रीकांत कटियार।

# केंद्र व प्रदेश सरकारों ने गरीबों का जीवन बदला

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव ब्योली इस्लामाबाद के आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में चयनित होने पर ब्लाक द्वारा बैठक आयोजित हुई। इसमें जन समस्याओं के निस्तारण हेतु विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। बैठक में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि आज ग्रामीण गांव में ही सरकार के विभिन्न विभागों के स्टालों पर अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं। कहा कि गांव में जिन मूलभूत सुविधाओं की कमी है वे अब आदर्श ग्राम घोषित होने से जल्द ही पूरी होंगी। सरकार की मंशा है कि लोगों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले और कोई गरीब सरकारी योजना से वंचित न रहे। उन्होंने दावा किया कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने गरीबों के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया है। बैठक में एडीओ पंचायत राकेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह, प्रमेश चौधरी, गुड्डू सिंह, अखिलेश सिंह व श्रवण तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पोनी रोड की हुई टेंडर प्रक्रिया स्वीकृत मिलते ही शुरू होगा कार्य

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


पोनी गांव के पास बाढ़ में इस तरह से उखड़ी पड़ी है सड़क। अमृत विचार

● उन्नाव पीडब्ल्यूडी ने पोनी रोड के निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजा है

● लगभग साढ़े 6 किलोमीटर का मार्ग पिछले कई वर्षों से खस्ताहाल पड़ा है

**अमृत विचार।** गंगाघाट थाने के सामने पोनी रोड तिराहा से लेकर आजाद मार्ग पोनी गांव तक का लगभग साढ़े छह किलोमीटर का मार्ग पिछले कई वर्षों से खस्ताहाल है। इस मार्ग की बदहाली के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हाल ही में उन्नाव पीडब्ल्यूडी ने पोनी रोड के निर्माण के लिए 11 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा है। विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है, जिससे समय की बचत हो सके और स्वीकृति मिलने के बाद तुरंत कार्य आरंभ किया जा सके। बाढ़ के दौरान लोहिया स्कूल, पीपर खेड़ा, निहाल खेड़ा और पोनी गांव के आसपास जलभराव होने से सड़क जगह-जगह उखड़ गई है और गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे स्थानीय निवासियों का निकलना मुश्किल हो गया है, जिस कारण लोगों को भरी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पोनी रोड के निर्माण की प्रक्रिया तेजी से चल रही है और स्थानीय लोगों को जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता शाहनुर्र रहमान ने बताया कि पोनी रोड दर्जनों गांवों का मुख्य मार्ग है। विभाग ने इस मार्ग की मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया है और इस सप्ताह मंजूरी मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि एक माह के अंदर कार्य आरंभ कर दिया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप


शहर में रूट मार्च करते एसपी दीपक भूकर व अन्य। अमृत विचार

### रूट मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

**उन्नाव ।** आने वाले त्योहारों पर किसी प्रकार का खलल न पड़े इसके लिए एसपी दीपक भूकर ने सड़क पर उतरकर फोर्स के साथ रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। रावण दहन व भरत मिलाप पर निकलने वाली शोभायात्रा व जुलूस-ए-गौसिया को देखते हुए सोमवार को एसपी दीपक भूकर ने फोर्स के साथ शहर में जुलूस के रूट का पैदल निरीक्षण कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। शहर के बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा, जामा मस्जिद, भूरी देवी, भरत मिलाप, कंजी, सिद्धनाथ मंदिर, तालिब सरांय में ड्यूटी प्वाइंट को चिन्हित कर वहां पर पर्याप्त फोर्स लगाने के निर्देश दिए। रूट मार्च में सीओ सिटी सोनम सिंह व एसएचओ प्रमोद मिश्रा मौजूद रहे। एसपी ने बताया कि त्योहारों को लेकर पूरे जिले में लगातार रूट मार्च किया जा रहा है। पुलिस व प्रशासन की टीम लगातार भ्रमण कर रही है। जिससे त्योहार शांति पूर्वक मनाएं जाएं।


सीओ का दायित्व निभाती छात्रा अदीबा सिद्दीकी। अमृत विचार

### एक दिन की सीओ बनी छात्रा ने समस्याओं का किया निस्तारण

**बांगरमऊ उन्नाव ।** स्थानीय आरआरडीएस इंटर कालेज में शिक्षारत कक्षा 11 की छात्रा को सोमवार को सीओ का एक दिन का चार्ज मिला। छात्रा ने सीओ की कुर्सी पर बैठकर करीब एक दर्जन फरियादियों की समस्याओं को सुना और तत्काल उनका निस्तारण भी किया। महिला मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को सीओ अरविंद कुमार ने मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आरआरडीएस इंटर कालेज की कक्षा 11 की छात्रा अदीबा सिद्दीकी को एक दिन के लिए अपना दायित्व सौंपा। इस दौरान छात्रा ने अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए करीब एक दर्जन फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनका निस्तारण भी किया। सीओ के दायित्व का निर्वहन कर रही छात्रा की निर्णय क्षमता देख सीओ व सभी पुलिस कर्मियों ने उसकी प्रशंसा की। छात्रा ने बताया कि सीओ का दायित्व निभाते समय उसे जनसमस्याओं के प्रति विशेष अनुभव हुआ है। इससे वह गौरवान्वित महसूस कर रही है।


जेसीबी से गंगा की धारा तक पहुंचने के लिये बनाया जाता रास्ता। अमृत विचार

### गंगा नदी तक जाने के लिए रास्ता बनाने का काम शुरू

**शुक्लागंज उन्नाव ।** गंगा का जलस्तर घटने के बाद श्रद्धालुओं को गंदे नाले के पानी से होकर गंगा स्नान के लिए जाना पड़ रहा था। इस स्थिति को देखते हुए स्थानीय पालिका ने श्रद्धालुओं की समस्याओं का समाधान करते हुए एक नया रास्ता बनाने का कार्य शुरू किया है। गंगा के नमामि गंगे घाट के सामने जल स्तर में कमी आई है, जिससे नाले का गंदा पानी घाट पर भर गया है। श्रद्धालुओं को इस गंदे पानी से होकर गंगा की मुख्य धारा तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। कई श्रद्धालुओं ने इस समस्या के बारे में शिकायत की। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने इस समस्या का संज्ञान लेते हुए जेसीबी मशीन लगवाकर रास्ता बनाने का कार्य शुरू करवा दिया है। इससे अब श्रद्धालुओं को साफ – सुथरे रास्ते से गंगा की मुख्य धारा तक पहुंचने में मदद मिलेगी। स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं ने पालिका के इस कदम की सराहना की है। उम्मीद है कि यह प्रयास न केवल श्रद्धालुओं की कठिनाइयों को दूर करेगा, बल्कि गंगा की स्वच्छता को भी बढ़ावा देगा।

# वॉटर लाइन ध्वस्त होने से कई गांवों की जलापूर्ति ठप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पोनी टंकी की वर्षों पुरानी वॉटर लाइन के ध्वस्त होने से क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों की जलापूर्ति 1 माह से ठप हो गई है। हाईवे के किनारे स्थित पोनी टंकी से करीब डेढ़ दर्जन गांवों को जलापूर्ति होती थी, लेकिन हाल ही में टंकी में आई खराबी के चलते जालिम खेड़ा में नया पंप हाउस बनाकर जलापूर्ति शुरू की गई थी।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि दशकों पुरानी भूमिगत वॉटर लाइन जगह-जगह से ध्वस्त हो गई है, जिससे पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कर्मी, बिझलामऊ, लखापुर, मंशा खेड़ा, प्रीतम खेड़ा, राम गंज, तुर्किया, बदरका, लोहरन खेड़ाजैसे गांवों में पानी की भारी कमी हो गई है। इस मुद्दे पर जेई जल कल, रामचंद्र ने बताया कि दशकों पुरानी वॉटर लाइन जगह-जगह फट गई है।

# जल भराव से उत्पन्न समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे को ज्ञापन सौंपते संस्थान के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** मंगलवार को सुबह 11 बजे हरि हर गौ एवं जन सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सभासद पंकज यादव के नेतृत्व में आधा सैकड़ा लोगों ने नगर पालिका पहुंचकर 5 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड नंबर 2 में निवास कर रहे लोगों के लिए दूषित जल भराव और गलियों में जल भराव से उत्पन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।

ज्ञापन को नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गंगाघाट द्वारा जिला अधिकारी को प्रेषित करते हुये पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे को सौंपा। जिसमें बताया गया कि दूषित जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण वार्ड के निवासियों को गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। मच्छरों के प्रकोप से नौनिहाल भी प्रभावित हो रहे हैं।

ज्ञापन देने वालों में मनीष कश्यप, सुनीता श्रीवास्तव, प्रेम, अंकित मिश्रा, नीरज यादव, कपूर चंद, जितेंद्र वर्मा, हर्ष कुमार और प्रेमदेवी सुषमा रानी शामिल रहे। नगर पालिका के अधिकारियों से समस्याओं के शीघ्र समाधान की अपेक्षा की गई है।

**मौसम की मार** | मौसमी बदलाव के कारण वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में तेजी से हुआ इजाफा, डॉक्टरों ने दिये एहतियात बरतने के निर्देश

# मौसम के बदलाव से बढ़ीं बीमारियां, मरीजों की लगी भीड़

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


पीएचसी में मरीजों की ओपीडी करतीं डॉ. रश्मि वर्मा। अमृत विचार


पीएचसी में मरीजों की लगी लाइनें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अक्टूबर महीने के आधे बीत जाने के साथ ही मौसम में बदलाव साफ दिखाई दे रहा है। सुबह-शाम सर्दी का एहसास होने लगा है और दोपहर में तेज धूप खिल रही है। इस मौसमी बदलाव के कारण वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।

सोमवार को शुक्लागंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी में रिकॉर्ड संख्या में मरीज पहुंचे। महिला चिकित्सक डॉ. रश्मि वर्मा ने बताया कि 301 मरीजों ने ओपीडी में अपना इलाज करवाया, जो कि पिछले कुछ दिनों में सर्वाधिक है। डॉ. रश्मि वर्मा के अनुसार, सुबह-शाम हल्की सर्दी और दोपहर में तेज धूप के कारण लोग लापरवाही बरत रहे हैं। तेज धूप में बाहर निकलने के बाद ठंडा पानी पीना या ठंडी हवा लगना जैसे कारण वायरल बुखार, जुकाम और खांसी जैसी बीमारियों को आमंत्रित करते हैं। उन्होंने बताया कि मौसम के बदलाव के कारण होने वाली बीमारियों से बचाव के लिए हमें अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव करने होंगे। गर्म कपड़े पहनना, गर्म पानी पीना, संतुलित आहार लेना और स्वच्छता का ध्यान रखना इन बीमारियों से बचाव के कुछ आसान उपाय हैं। यदि आपको किसी भी प्रकार की बीमारी महसूस होती है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्रति किया जागरूक:** परिवार नियोजन कार्यक्रम का दायरा बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना संचालित है। इसे लेकर बीघापुर में बीडीओ की अध्यक्षता मंज ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक हुई।

पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के भारत कुमार जैन ने उम्मीद परियोजना के अंतर्गत बाल विवाह के विरुद्ध अभियान व कार्यक्रम की प्रगति की रिपोर्ट पेश की। योजना का उद्देश्य बताते हुए कहा कि जिले में सीएचसी व पीएचसी में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना करना, आरोग्य मंदिर व उपकेंद्रों को परिवार नियोजन किट प्रदान करना, उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं व परामर्श के लिए स्वास्थ्य प्रदाताओं, एएनएम और आशाओं को प्रशिक्षित करना है। इसके साथ ही कम उम्र में विवाह, किशोर गर्भावस्था, नए तरीकों व पुरुष सहभागिता सहित गर्भ निरोधक विकल्पों के बारे में जानकारी देना है। बीडीओ विनोद मणि त्रिपाठी ने कहा कि सभी विभागों के साझा प्रयास द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे इसके लिए बैठकें होना आवश्यक है। परिवार नियोजन कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा हुई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. पंकज पांडेय ने कहा कि परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफ़लता के लिए सभी विभागों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सब मिलकर परिवार नियोजन के कार्यक्रमों और अधिक लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

अप्रशस्तानि कार्याणि यो मोहादनुतिष्ठति।
स तेषां विपरिभ्रंशाद् भ्रंश्यते जीवितादपि ॥

जो मोह –माया में पड़कर अन्याय का साथ देता है, वह अपने जीवन को नरक–तुल्य बना लेता है।

## संपादकीय

# जागरूकता बढ़ाना जरूरी

वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत इस वर्ष 127 देशों में 105वें नंबर पर है। इससे पता चलता है कि देश में कुपोषण की स्थिति बहुत गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, कुपोषण का तात्पर्य किसी व्यक्ति की ऊर्जा एवं पोषक तत्व ग्रहण में कमी, अधिकता या असंतुलन से है। जबकि सूचकांक में पड़ोसी देश नेपाल 68, श्रीलंका 56 और बांग्लादेश 84वें नंबर पर हमसे आगे हैं। सिर्फ पाकिस्तान 109 वें रैंक के आधार पर हमसे भी पीछे है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स, भूख को मापने और ट्रैक करने का एक उपकरण है। यह यूरोपीय एनजीओ ऑफ कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्टहंगरहिल्फ़ द्वारा तैयार किया जाता है। चिंता की बात है कि रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि इस मुद्दे से निपटने के उपायों में अधिक प्रगति के अभाव में दुनिया के कई सबसे गरीब देशों में भूख का स्तर कई दशकों तक उच्च बना रहेगा। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु के 35.5 प्रतिशत बच्चे स्टंटिंग के शिकार हैं। 19.3 प्रतिशत बच्चे वेस्टिंग के शिकार हैं। 32.1 प्रतिशत बच्चे अल्प-वजन के शिकार हैं। तीन प्रतिशत बच्चे अति-वजन के शिकार हैं। यह ऐसी स्थिति है जो किसी व्यक्ति के आहार में ऐसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों के अपर्याप्त सेवन से उत्पन्न होती है जो स्वास्थ्य, वृद्धि एवं विकास के लिए आवश्यक होते हैं। कुपोषण का मुद्दा देश में सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक भिन्नताओं के जटिल मिश्रण से जुड़ा हुआ है। कुपोषण मानव पूंजी के विकास में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे आर्थिक और सामाजिक प्रगति की संभावना सीमित हो जाती है। कुपोषण के कारण बाल्यावस्था और वयस्कता दोनों में कार्य उत्पादकता में कमी आ सकती है, जिससे देश का समग्र आर्थिक उत्पादन प्रभावित हो सकता है। इस व्यापक समस्या की बहुमुखी प्रकृति पोषण संबंधी संकेतकों में आगे और गिरावट रोकने के लिए तत्काल ध्यान देने और समर्पित संसाधनों का निवेश करने की मांग रखती है।

हालांकि भारत ने 2000 के बाद से अपनी बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय रूप से सुधार किया है। इसके बाद भी बाल कुपोषण एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है, जिसमें दुबलापन और बौनापन दोनों ही खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर हैं। देश में कुपोषण की चुनौती से निपटने के लिए पोषण अभियान, आंगनवाड़ी कार्यक्रम, और मिड-डे मील योजना चलाई जा रही है। फिर भी कुपोषण के उन्मूलन के लिए भारत को अपनी आबादी के स्वास्थ्य एवं सेहत को प्राथमिकता देनी चाहिए तथा इसमें निवेश करना चाहिए। इसके लिए सामाजिक जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है।

# किसे देनी पड़ रही है युद्ध की कीमत



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका–इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन–संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन–संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों–बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन–संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

इजराइल सिर्फ एक राष्ट्र ही नहीं बल्कि झूठ की फैक्ट्री है। दुनिया के जन-माध्यम इस फैक्ट्री के ज़रख़रीद गुलाम हैं। इजराइल-अमेरिका मिलकर सारी दुनिया को अहर्निश झूठे मसलों और झूठे प्रचार अभियान में व्यस्त रखते हैं। 7 अक्टूबर को विश्व के प्रमुख मीडिया घरानों ने हल्ला किया कि हमास ने इजराइल पर हमला किया। इसे मीडिया ने उसी तरह मुख्य खबर बनाया जैसा कि एक ज़माने में इराक़ और सद्दाम हुसैन के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, इसे मुख्य ख़बर बनाकर सारी दुनिया को ठगा और लूटा गया। इराक पर हमला करके उसके तेल के कुओं पर क़ब्ज़ा कर लिया गया और एक सुंदर राष्ट्र को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। पचास लाख से अधिक इराक़ी शरणार्थी बना दिए गए। सारे देश पर अमेरिका-नाटो की सेनाओं का कब्जा है पर आज तक इराक़ के जन-संहारक अस्त्रों का प्रमाण अमेरिका पेश नहीं कर पाया, उलटे सुरक्षा परिषद के जांच आयोग ने पाया कि इराक के पास कोई जनसंहारक अस्त्र नहीं है।

7 अक्टूबर को विश्व मीडिया में मुख्य ख़बर आई कि हमास ने इजराइल पर मिसाइलों से हमला किया है। इस प्रसंग में पहली बात यह कि गाजा पट्टी में शासन हमास का है लेकिन उसकी पूरी नाकेबंदी इजराइल ने की हुई है। गाजा पट्टी में इस्रायली नाकेबंदी के कारण वहां कोई भी चीज दाखिल नहीं हो सकती। चप्पे-चप्पे पर इस्रायली सैनिक रहते हैं। ऐसी अवस्था में इजराइल पर हमले के लिए हमास के अत्याधुनिक मिसायलें कहां से आईं? क्या वे गाजा पट्टी में इजराइल को हथियारों -मिसायलों का कोई ज़ख़ीरा मिला? मिसाइलों के लिए गोला-बारुद गाजा पट्टी में कहां से आया? हमले किस ठिकाने से किए गए? इन सब सवालों पर मीडिया ध्यान ही नहीं दे रहा। साथ ही इजराइली पीएम से भी ये सवाल नहीं पूछे गए हैं।

इन दिनों युद्ध और राजनीति में झूठ सबसे बड़ा अस्त्र है। अमेरिका-इजराइल झूठ के प्रचार अभियान को संगठित करने में माहिर हैं। याद करें वह क्षण जब अमेरिका के विदेश मंत्री कोलिन पावेल ने सुरक्षा परिषद में इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं, यह सफ़ेद झूठ बोला था, सारी दुनिया को मीडिया के ज़रिए मनवा लिया गया कि इराक के पास जन-संहारक अस्त्र हैं। यह भी कहा गया कि अमेरिका के पास ठोस जासूसी सूचनाएं और उनके आधार पर उसने यह राय बनाई है। इस झूठ के विक्रेता के रुप में यहूदी और ईसाई फंडामेंटलिस्टों और उनके गिरोहों-बुद्धिजीवियों की मदद ली गई। लेकिन आज तक वे इराक़ में जन-संहारक अस्त्र खोजने में असफल रहे। लेकिन इस झूठ के अस्त्र से इराक तबाह कर दिया गया। इजराइल के द्वारा अभी तक कोई ऐसा प्रमाण पेश नहीं किया गया है हमास ने हमला कैसे? कहां से? और किस तरह युद्धास्त्र जुगाड़ करके किया?

7 अक्टूबर से आज तक इजराइल ने गाजा पट्टी पर अंधाधुंध बमबारी करके अकल्पनीय मानवीय तबाही मचाई है। लेकिन वे सामान्य सी बात नहीं बता पाए कि हमास के पास हथियार कैसे आए और हमला कहां से किया गया? इजराइल लगातार ईरान, फ़िलिस्तीन और हमास के ख़िलाफ़ झूठ का प्रचार करता रहा है। इस प्रचार अभियान में ईसाई और यहूदी गैंग सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। तथ्य गवाह हैं कि विगत 75 साल में इजराइल ने फिलीस्तीनियों के ख़िलाफ़ बर्बर और जनसंहारक कार्रवाईयां की हैं। इनमें हज़ारों फ़िलिस्तीनियों की हत्या की गई और लाखों को शरणार्थी जीवन जीने के लिए मजबूर किया है।

विगत 7 अक्टूबर 2023 से शुरु किया हमास का 'अल-अक्सा फ्लड ऑपरेशन' विश्व मीडिया के प्रौपेगैंडा का सबसे बड़ा अस्त्र है। इसका लक्ष्य है इजराइल की बर्बरता-नृशंसता को वैधता प्रदान करना। मीडिया ने इस ऑपरेशन के बारे में बड़े ही नाटकीय और हाहाकार मचाने वाली शैली में यह दर्शाने की कोशिश की है कि इजराइल पीड़ित है, निर्दोष है। सभ्य है। इस फ्रेमवर्क में धड़ाधड़ मीडिया सामग्री परोसी जा रही है। यह प्रचार बुनियादी तौर पर गलत है।

असल में पीड़ित तो फिलीस्तीनी हैं। वे विगत 75सालों से इजराइली बर्बरता और कई जनसंहार के शिकार हुए हैं। इजराइल सभ्य राष्ट्र नहीं है। मीडिया के विभिन्न घरानों के फ़ुटेज जहां नरेटिव में इजराइली कहानी बता रहे हैं वहीं साथ ही फिलीस्तीनियों का नष्ट संसार भी दर्शा रहे हैं। बार-बार यह बात सामने आ रही है कि गाजा पट्टी में नागरिकों और रिहायशी बस्तियों पर बमबारी हो रही है। इसके साथ ही मीडिया के ज़रिए राजनीतिक ध्रुवीकरण और डिस-इनफॉर्मेशन अभियान भी चल रहा है। लेकिन इस युद्ध की क़ीमत किसे देनी पड़ रही है। युद्ध की क़ीमत फिलीस्तीन की जनता को देनी पड़ रही है।


फिलीस्तीन को लेकर हमारी जो विदेश नीति रही है। उसमें द्वि-राष्ट्र का सिद्धांत केन्द्र में रहा है। इसके अनुसार इजराइल और फिलीस्तीन दो राष्ट्र हैं। हमास इसे नहीं मानता। हमास तो फिलीस्तीन और इजराइल को मिलाकर विशाल इस्लामिक राष्ट्र बनाने की वकालत करता रहा है। भारत ने कभी इस धारणा को समर्थन नहीं दिया। दूसरी ओर अमेरिका-इजराइल नियंत्रित मीडिया कवरेज की विशेषता यह है उसमें जितने फ़ुटेज पत्रकारों के डिस्पैच के साथ आए हैं उनमें इजराइल के प्रति सहानुभूति पैदा करने की कोशिश की गई है। जबकि हक़ीक़त में इजराइल सहानुभूति का हक़दार नहीं है। इजराइल के प्रति मीडियाजनित सहानुभूति को इजराइल के यहूदी कट्टरपंथी शासक अपने हितों की रक्षा के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।

इजराइल पंथी जेहादी लोग हमास के बारे में वही सवाल कर रहे हैं जो बहुराष्ट्रीय मीडिया कंपनियों ने रटा दिए हैं, या फिर शस्त्र उद्योग के मालिकों ने तय किए हैं। वे सवाल कर रहे हैं कि क्या हमास का समर्थन करते हो? यह सवाल ही ग़लत है। सवाल यह होना चाहिए कि क्या फिलीस्तीन जनता का समर्थन करते हो?

फिलीस्तीन जनता एक ओर इजराइल के जुल्म की शिकार है वहीं दूसरी ओर गाजा पट्टी में हमास के चरमपंथ की क़ैद में है। फिलीस्तीनी जनता लोकतंत्र-धर्मनिरपेक्ष फिलीस्तीन राष्ट्र चाहती है। हमास उसकी पसंद नहीं है बल्कि हमास तो इजराइल-अमेरिका की सृष्टि है। हमास को फिलीस्तीन संघर्ष ने पैदा नहीं किया बल्कि हमास का जन्म फिलीस्तीन मुक्ति संघर्ष को नष्ट करने के लिए हुआ था। आज फिलीस्तीन की जनता दोनों ओर से परेशान और उत्पीड़ित है एक ओर चरमपंथी हैं दूसरी ओर इजराइल की फ़ासिस्ट सरकार है।

## प्रसंगवश

# भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक का जाना



डॉ. संजीव मिश्र
कानपुर

रतन टाटा महज उद्यमी नहीं थे। वे दुनिया में भारतीय उद्यमिता और समग्र भारतीय गौरवगान के ध्वजवाहक थे। देश की पहली अपनी कार बनाने, बिना सरकारी मदद के पहला सुपर कंप्यूटर बनाकर दुनिया में छा जाने से लेकर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीदने जैसे गर्व के पल देने वाले रतन टाटा के निधन से भारतीय मेधा की अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने टाटा समूह की श्रेष्ठ परंपराओं का अनुपालन करते हुए दुनिया में स्वाभिमान के साथ भारतीय उद्यमिता का परचम लहराया। वे आम आदमी की चिंताओं को समझने वाले उद्यमी थे। 1995 में रतन टाटा टाटा समूह और टाटा मोटर्स के अध्यक्ष थे और उन्होंने एक पूर्ण भारतीय कार 'इंडिका' बनाने का एलान कर दिया। वस्तुतः इस कार का नाम, इंडिका, देश के प्रति गर्व की अनुभूति करने वाला था। 'इंडिका' को चमकदार डिजाइन के साथ भारतीय परिवारों के लिए पर्याप्त स्थान सृजित करने की रतन टाटा की चुनौती का सामना भी करना था और इसमें सफलता भी मिली। टाटा इंडिका का उत्पादन शुरू हुआ तो रतन टाटा स्वयं उस पर नज़र रख रहे थे। जबर्दस्त मांग के साथ 1998 में 'इंडिका' बाजार में उतरते ही छा तो गई किंतु कई समस्याएं भी सामने आईं। इनसे निपटने के लिए एक बार फिर रतन टाटा सामने आए और तत्काल आवश्यक सुधारों के कंपनी के प्रयासों को अपनी देखरेख में मूर्त रूप दिया। उनकी मेहनत सफल हुई और पुरानी इंडिका की सभी समस्याओं का समाधान कर वर्ष 2001 में एक नई, मजबूत इंडिका सामने आई। अब 'हर कार में कुछ ज्यादा और 18 महीने से भी कम समय में एक लाख कारें बेचकर यह भारतीय इतिहास में सबसे तेज बिकने वाली कार बन गई थी। विख्यात लेखक हरीश भट की किताब टाटा स्टोरीज़ में रतन टाटा ने कहा था, 'मेरी मजबूत धारणा थी कि हमारे इंजीनियर अंतरिक्ष में उपग्रह भेज सकते हैं, तो अपनी कार भी बना सकते हैं। ...और जब हमने यह चुनौती स्वीकार की, हम बाहर निकले और जहां से भी जरूरी लगा, विशेषज्ञता अर्जित की। इस कार में जो भी था, हमारा था। इस कारण मेरे लिए इंडिका एक राष्ट्रीय उपलब्धि का महत्वपूर्ण पल भी बनी।'

रतन टाटा देशभक्ति के इसी भाव के साथ हर कदम पर आगे बढ़े। इक्कीसवीं सदी को भारत की सदी बताए जाने के बावजूद दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से 2007 तक, भारत के पास आईबीएम द्वारा विकसित डीप ब्ल्यू जैसा सुपर कंप्यूटर नहीं था, जिसने विश्व शतरंज चैंपियन गैरी कास्पोरोव को पराजित कर दिया था। यह शतरंज के बोर्ड पर संभावित 20 करोड़ स्थितियों का आंकलन एक सेकंड में कर सकता था। कुछ वर्ष बाद एक बार फिर आईबीएम द्वारा बनाए गए सुपर कंप्यूटर वाट्सन ने मनुष्यों के खिलाफ कठिन मुकाबले जीतने भी शुरू कर दिए। 1991 में बना भारत का पहला सुपर कंप्यूटर परम इस क्षेत्र के शीर्ष का हिस्सा कभी नहीं बन सका। रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने अब अपना, सबसे सशक्त सुपर कंप्यूटर बनाने की ठान ली थी। तय हुआ कि सुपर कंप्यूटर बनाया जाएगा और उसका नाम होगा 'एका', संस्कृत में जिसका अर्थ है, एक। यह नाम पहले स्थान पर रहने की इच्छाशक्ति का द्योतक था। संस्कृत शब्द के चयन के पीछे इस परियोजना में छिपा राष्ट्रीय गौरव का भाव मूल कारण था। समय के साथ यह सुपर कंप्यूटर 'एका' बनकर तैयार हुआ और 6 नवंबर 2007 में दुनिया भर के सुपर कंप्यूटर्स की रैंकिंग में चौथे स्थान से 'एका' ने एंट्री मारी। दुनिया की शीर्ष कंपनियों को खरीदकर भारतीय उद्यमिता का परचम लहराने के लिए भी रतन टाटा याद किए जाएंगे। चाय भले ही हर भारतीय की आत्मा में बसती हो, किंतु दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चाय कंपनी खरीद कर रतन टाटा ने पूरी दुनिया में डंका बजाया था। दरअसल टाटा समूह ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े टी बैग उत्पादक टेटली टी को खरीदने की पहली कोशिश 1990 में की थी और 1995 में तो टाटा समूह की एक शीर्ष टीम अधिग्रहण को मूर्त रूप देने लंदन भी पहुंच गई थी, किंतु तब बात नहीं बनी। रतन टाटा के नेतृत्व का ही करिश्मा था कि अंततः 2000 में यह चाय कंपनी टाटा की हुई और 27.1 करोड़ ब्रिटिश पौंड में हुआ टेटली टी को खरीदने का सौदा दुनिया भर के अखबारों की सुर्खियां बना। यह भारतीय कारपोरेट इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण था। टाटा समूह ने एक बार फिर इतिहास गढ़ा था।

# सतत ऊर्जा का खजाना है जैव ईंधन



सीमा अग्रवाल
देहरादून

ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं।

जैव ईंधन ऐसे नवीकरणीय ऊर्जा भंडार है जो जैविक सामग्री जैसे कृषि फसलें, अवशेष, पशु वसा और कचरे से उत्पन्न होते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ऐसे तो बायोफ्यूल कई श्रेणियों में मिलते है लेकिन एथनॉल जिसका उत्पादन गन्ना, मक्का या अन्य स्टार्चयुक्त फसलों से किया जाता है और बायोडीजल जिसको पशुवसा, वनस्पति तेलों या शैवालो से बनाया जाता है सबसे आम जैव ईंधन है। पिछले कुछ वर्षों में इनका उत्पादन और उपयोग वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ा है। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा फोरम के आंकड़े बताते है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर जैव ईंधन की मांग 200 बिलियन लीटर तक हो जाएगी।

रिसर्च से ज्ञात हुआ है कि जैव ईंधन को पारंपरिक जीवाश्म ईंधन जैसे पेट्रोल और डीजल के साथ मिलाकर प्रयोग करने से कार्बन उत्सर्जन कम होता है जो बढ़ते वैश्विक तापन और जलवायु परिवर्तन को रोकने का अच्छा साधन है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2018 में राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति बनाई जिसमे वर्ष 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) का और डीजल में वर्ष 2030 तक 5 प्रतिशत बॉयोडीजल मिश्रण का लक्ष्य रखा। सरकार का अनुमान है कि इससे जीवाश्म ईंधन का आयात कम होगा और विदेशी मुद्रा कोष का संचय भी किया जा सकेगा। वर्ष 2013-14 में भारत 38 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को करता था जो वर्ष 2023 तक आते आते 13 गुना बढ़ गया और वर्ष 2022-23 में भारत ने 502 करोड़ लीटर एथेनॉल की आपूर्ति तेल कंपनियों को की जिससे तेल के आयात पर होने वाले लगभग 24300 करोड़ की विदेशी मुद्रा बचाई जा सकी।

फरवरी 2024 में अंतराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इलेक्ट्रिसिटी 2025 नाम से एक रिपोर्ट प्रकाशित की जिसमे कहा गया कि वर्ष 2023 तक भारत की बिजली की मांग सात प्रतिशतबढ़ चुकी है और अभी आगे इसी तरह से बढ़ते हुए वर्ष 2026 तक चीन को पार करके आगे निकल जाएगी। ऐसी स्थिति में ऊर्जा के और विशेष तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तलाश और विकास बेहद जरूरी है और विशेषज्ञ ऐसी स्थिति में जैव ईंधन को एक बेहतर विकल्प के रूप में देखते हैं। जानकारों का मत है कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश और पर्यावरण के प्रति चिंतित देश के लिए जैव ईंधन प्रयोग के कई लाभ होगें पहला तो बायो फ्यूल ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को कम कर देगा। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा किये गए एक अध्ययन से पता चला है कि बायोफ्यूल पारंपरिक जीवश्म ईधनों की तुलना में ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन को 90 प्रतिशत तक कम कर सकते है।

उदाहरण के लिए बायोडीजल पेट्रोलियम डीजल की तुलना में लगभग 78 प्रतिशत कम कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जित करता है जबकि एथेनॉल कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को 40-50 प्रतिशत तक कम कर सकता है। कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में निरंतर गिरावट होने से भारत वर्ष 2070 तक अपने नेट जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल कर सकेगा।

गौरतलब है कि जैव ईंधन प्रयोग से किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी और सरकार को किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य को पूरा करने में सफलता मिलेगी। बायोफ्यूल के इस्तेमाल से वनरोपण में इजाफा होगा और सतत कृषि करने की शुरुवात होगी जिससे जैव विविधता का संरक्षण होगा और तेजी से हो रहा प्रजातियों का विलुप्तीकरण रुकेगा।

जैव ईंधन के प्रयोग से वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी रिसर्च बताती है कि जैव ईंधन के दहन से सल्फर डाई ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मेटर आदि प्रदूषकों का उत्सर्जन बहुत कम होता है इससे शहरी क्षेत्रों की वायु गुणवत्ता सुधारी जा सकती है।

जैव ईंधन के प्रयोग में तमाम चुनौतियों को देखते हुए विश्व की सभी सरकारें अंतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर इन चुनौतियों से लड़ने को नई नीतियों, संगठनों और कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है इनमे वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन (जी.बी.ए) उल्लेखनीय है जिसे भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान अक्टूबर 2003 में बनाया गया। यह गठबंधन अमेरिका, ब्राजील और भारत जैसे प्रमुख जैव ईंधन उत्पादक एवं उपभोक्ता देशों को एक साथ लाया है तथा 19 देश और 12 अंतर्राष्ट्रीय संगठन जी.बी.ए में शामिल होने की सहमति जता चुके हैं। अब देखना यह होगा कि भारत की अध्यक्षता में बना यह संगठन जैव ईंधन उत्पादन एवम विकास में आने वाली तमाम चुनोतियों को हल करके बायो फ्यूल को सतत ऊर्जा का खजाना बना पाएगा या नहीं।

## सोशल फोरम

# जीवन यापन की व्यवस्था




द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

हमारे देश में जीवनयापन की तीन व्यवस्था उपलब्ध है-संयुक्त परिवार, एकल परिवार तथा एकाकी जीवन। संयुक्त परिवार जीवनयापन की अत्यंत सुरक्षित और सुविचारित व्यवस्था है, नुकसान कम-फायदे अधिक। जबकि एकल परिवार में रहना चुनौतीपूर्ण होता है, बेशक जिम्मेदारियां कम रहती हैं लेकिन संकट आने पर सहारे भी कम हो जाते हैं। वहीं पर एकाकी जीवन वह विकल्प है जिसमें मनुष्य अपनी शैली में जीता है, जो चाहता है- करता है और जो नहीं चाहता उसे न करने के लिए स्वतंत्र रहता है। यह शैली पारिवारिक दायित्वों से मुक्त रहती है और अक्सर सामाजिक दायित्वों से जुड़ती है। मुझे 37 वर्षों तक संयुक्त परिवार में रहने का अवसर मिला, उसके पश्चात अब तक एकल परिवार में हूं। मैंने संयुक्त परिवार में अपने जीवन का सर्वाधिक समय बिताया जिसमें मुझे निम्न कमियां नज़र आईं-मनुष्य को अपनी क्षमता और प्रतिभा को विकसित करने के अवसर कम मिलते हैं। जो भी उम्र में बड़ा होता है वह अपने निर्णय को लागू करवाने के लिए प्राधिकृत होता है, कम उम्र वालों की बात नहीं सुनी/मानी जाती। जिसके हाथ में परिवार का आर्थिक नियंत्रण रहता है वह अप्रत्यक्ष रूप से 'अपने एकल परिवार' की व्यवस्था बनाता है और संयुक्त परिवार के अन्य सदस्यों के हितों की उपेक्षा करता है।

जीवनयापन करना कोई कठिन बात नहीं है, जिसने पेट दिया है- वह उसे भरेगा भी! कोई भी मनुष्य जीवन को यूं ही नहीं जीना चाहता। सबके अलग-अलग सपने होते हैं, लक्ष्य होते हैं, अभिलाषाएं होती हैं जिन्हें हासिल करने के लिए वह कोशिश करना चाहता है- हासिल हो, न हो! मैं परिवार से मिल-जुल कर जीना चाहता था जिसमें मेरी खुशियां भी साथ में रहना और जीना चाहती थी। अंततः समझ में यह आया कि यदि अपनी मस्ती में जीना चाहते हो, स्वतंत्र होकर रहना चाहते हो तो संयुक्त परिवार आपके लिए सही 'प्लेटफार्म' नहीं है, उससे अलग हो जाना चाहिए। अगर सार्वजनिक जीवन जीना चाहते है तो 'परिवार व्यवस्था' से ही दूर हो जाना चाहिए जैसा साधु-संन्यासी या सेवाभावी करते हैं।

–फेसबुक वॉल से

# भाषा-बोली के बारे में




ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

'हरि अनंत हरि कथा अनंता' की भांति भाषा-बोली की कथाएं भी अनंत है। 'कोस-कोस पर पानी बदलेः चार कोस पर बानी', वाले भारत में तो इनकी कथाएं अनंत से भी अधिक हैं। जैसे कुदरत के खेल निराले होते हैं, वैसे ही भाषा के बोल निराले होते हैं। किसी भी भाषा या बोली के किसी शब्द विशेष की विचिकित्सा एवं विश्लेषण में बुद्धि भी प्रखर बनती है और अनिर्वचनीय आनंद की भी प्राप्ति होती है।

हमें ज्ञान प्रदान कराने वाली सभी भाषाएं शिशुओं को स्तनपान कराने वाली माताओं के समान हैं। हमें सभी भाषाओं का सम्मान करना चाहिए, भले ही वह हमारे वैचारिक या सांस्कृतिक विरोधी की ही भाषा क्यों न हो।

हर भाषा के शब्दों में यत्किंचित विलक्षणता पाई जाती है। हम हिंदी के 'राम' शब्द को ही लें। 'र' और 'म' मात्र दो अक्षरों से बनने वाले, 'राम' शब्द का उपयोग ईश्वर के नाम या भगवान के पर्यायवाची, 'राम' के रूप में हो, संबोधन-अभिवादन के अर्थ में, 'राम-राम' के रूप में हो, संसार की नश्वरतासूचक अंतिम उद्बोधनस्वरूप, 'राम नाम सत्य' नामक उद्‌घोष के रूप में हो, 'रमता जोगी' की कहावत के रूप में हो, अथवा 'रमा' के रूप में हो, हर रूप में रम्य है। यह शब्द की रम्यता-कम्यता किसी भी भाषा के समान ध्वनि सूचक शब्द से नहीं की जा सकती। इसी प्रकार अन्य भाषाओं में अनेक ऐसे शब्द हो सकते हैं, जिनकी विलक्षणताएं दूसरी भाषाओं के उसी ध्वनि-साम्य के शब्दों में नहीं खोजी जा सकती। उदाहरण के लिए, उर्दू के शब्द, 'चाहिए' को देखना चाहिए। 'चाहिए' शब्द 'चाह', जिसे हिंदी में,' इच्छा' 'आकांक्षा' या फिर 'आवश्यकता' और इंग्लिश में 'वान्ट' 'लांग' या फिर 'नीड' कह सकते हैं, से बना है। जब हम कहते हैं, 'आपको कार्यक्रम में जाना चाहिए', तो इसका भावार्थ यह होता है, कि लोग चाहते हैं कि उस कार्यक्रम में आपकी उपस्थिति हो, वहां आपका पहुंचना लोगों की चाहत है, आपका वहां पहुंचना लोगों को अच्छा लगेगा, जब तक आप नहीं पहुंचेंगे कार्यक्रम में कमी बनी रहेगी तथा कार्यक्रम मंश या कार्यक्रम को आपकी जरूरत है इत्यादि-इत्यादि। 'चाहिए' के आकर्षण के कारण ही इसे हिंदी वाले भी अपना कंठहार बनाए हुए हैं। यह शब्द हिंदी में इतना घुल-मिल गया है, कि इस अकेले शब्द को हिंदी-प्रयोग से निकाल दिया जाए, तो हिंदी का संपूर्ण कार्य-निष्पादन अपूरणीय क्षति तक बाधित हो जाएगा। इसी प्रकार उर्दू का ही शब्द, 'हालांकि' है। इसे हिंदी में 'यद्यपि' तथा इंग्लिश में 'आलदो' कहते हैं, पर जितनी आनंददायक विलक्षणता 'हालांकि' में है,उतनी अन्य किसी में नहीं है। हालांकि 'आलदो' की तुलना में 'यद्यपि' (यदि+अपि) भी अधिक विलक्षण है। 'हालांकि' में समाहित भावगत विलक्षणता को देखिए- यह शब्द एक अक्षर वाले, 'हां', 'ला' तथा 'कि' शब्दों से बना है। इन तीनों ही एकाक्षर शब्दों के भिन्न-भिन्न विलक्षण अर्थ हैं। 'हां' सकारात्मकता तथा 'ला' नकारात्मकता सूचक है। (उर्दू में 'ना' के लिए,'ला' शब्द आता है। लामकां, लापता इत्यादि) और 'कि' शब्द से बात शुरू की जाती है। वार्तालाप में 'हालांकि' शब्द का प्रयोग (भी) उस विचित्र स्थिति में किया जाता है, जब बात को कहने की जरूरत होती है, पर कहते हुए बनता भी नहीं है और अंततः बात को 'कि' से शुरू भी करना पड़ता है।

# सूचना के अधिकार का प्रचार-प्रसार



डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी
हल्द्वानी

सूचना अधिकार अधिनियम को लागू हुई इसी माह में 19 वर्ष हो चुके हैं, जिसके माध्यम से आम जनता को सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों से आवश्यक जानकारियां, जनहित की जानकारियां एवं भ्रष्टाचार को उजागर करने में महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त होती रही हैं। सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से तमाम आरटीआई कार्यकर्ताओं ने जहां जनहित के मुद्दे उठाकर एवं विभागों से अलग-अलग तरीके के भ्रष्टाचार की पोल खोली है, वहीं दुर्भाग्य से कुछ हमारे आरटीआई कार्यकर्ता सूचना अधिकार के माध्यम से प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से ब्लैकमेलिंग करते हुए गैरकानूनी आमदनी भी कर रहे हैं, जिसे किसी भी दिशा में उचित एवं स्वीकार योग्य नहीं कहा जा सकता।

हाल में ही उत्तराखंड के राज्यपाल द्वारा लोक सूचना अधिकारी एवं अपील अधिकारियों को राजभवन में सम्मानित किया गया। जनहित के मामले उठाने वाले, आरटीआई कार्यकर्ताओं को सम्मानित किए जाने से चाहिए जहां एक ओर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ेगा वहीं दूसरी ओर ईमानदार कार्यकर्ता जोर-शोर से जनहित के मामले उजागर करने में अपनी सक्रियता दिखाएंगे।

आज आवश्यकता इस बात है कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के पाठ्यक्रम में सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की विषय वस्तु को शामिल किया जाए। युवाओं को इसके बारे में जानकारी दी जाए, ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रचार प्रसार किया जाए, ताकि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 ,जिस उद्देश्य के लिए लागू किया गया, धरातल पर वह अपने उद्देश्यों और अपने दायित्व के प्रति सफल साबित हो सके। हम सब जानते हैं कि सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है, इससे जवाब देय और जिम्मेवार व ईमानदार शासन प्रशासन की स्थापना होती है। तमाम सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी के साथ जहां कार्य करते हैं, वहीं सरकारी कागजों पपत्रों का रखरखाव भी व्यवस्थित तरीके से संपन्न होता है। जरूरी है कि सूचना अधिकार का प्रचार/प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष वरीयता के साथ किया जाए।

# बाइकों की भिड़ंत में दो लोगों की मौत, तीन गंभीर घायल

**फर्रुखाबाद।** दो बाइकों की भिड़ंत में एक मजदूर की मौत हो गयी जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सिरोली चौराहा के पास बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र ग्राम करनपुर गंगतारा निवासी सर्वेश (50) गांव के ही युवक रघुवीर (30) के साथ बाइक से मजदूरी कर वापस घर जा रहे थे। ग्राम हथियापुर के पास सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार सादाब (22), हिमांशु उर्फ ईशू (20) की बाइक से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें सर्वेश व उसका साथी रवि व दूसरी बाइक सवार ग्राम मंझना निवासी सादाब व हिमांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना स्थल पर लोग जमा हो गये। लोगो ने 108 एंबुलेंर्स को सूचना दी। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के ईएमटी ने सभी घायलों को सीएचसी बरौन में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने सर्वेश को मृत घोषित कर दिया। तीनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिसके बाद 108 एंबुलेंस से तीनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया है। एक अन्य हादसे में थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सिरोली निवासी मान सिंह का 20 वर्षीय पुत्र नीरज अपने साथी गोविंद के साथ बाइक से सिरोली चौराहा के पास आया था। तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमे नीरज और गोविंद घायल हो गया। स्थानीय लोग अस्पताल ले गए वहां डॉ अभिषेक चतुर्वेदी ने नीरज को अमृत घोषित कर दिया।

# औलाद न होने पर किया बच्ची को अगवा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट


घटना की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक, पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- 5 गिरफ्तार, बच्ची सकुशल घटना में बच्ची के पिता की भी संलिप्तता आ रही सामने

**अमृत विचार।** एसओजी व थाना मारकुंडी की संयुक्त टीम ने नवजात बच्ची के अपहरण की घटना का खुलासा कर दिया। चार दिन की बच्ची को सकुशल बरामद कर इसके अपहरण के आरोप में महिला सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि डोडामाफी थाना मारकुंडी निवासी सुनील कुमार ने 11 अक्टूबर को रिपोर्ट थी कि 10 अक्टूबर को पत्नी ने बहन के घर बच्ची को जन्म दिया। अगले दिन एक कार से महिला समेत चार लोग वहां पहुंचे और टीकाकरण के नाम पर बच्ची को अस्पताल ले चलने और वहां 50 हजार रुपये की सहायता राशि दिलाने का झांसा देकर साथ ले गए। कर्वी में पटेल तिराहे के पास उसे फोटोकापी के लिये भेजकर वे लोग नवजात बच्ची को लेकर फरार हो गए। एसपी ने इस संबंध में संयुक्त टीम बनाई। टीम ने टिकरिया रेलवे फाटक के सीसीटीवी फुटेज चेक किए। और उससे वाहन का नंबर पता कर लिया। पता चला कि वाहनमालिक संतोष कुमार मिस्त्री पुत्र गुलाब सिंह पटेल निवासी मुजाहिदपुर मूरतगंज थाना संदीपन घाट (कौशांबी) का है। पुलिस ने इसे पकड़ा तो इसने बताया कि 11 अक्टूबर को उसके गांव निवासी अमित कुमार पुत्र शिबबाबू गाड़ी ले गया था। पुलिस ने अमित को धर दबोचा। अमित ने कड़ाई से पूछतांछ में बताया कि वह चालक था।

### अस्पताल से बच्ची बरामद

एसओजी एवं थाना मारकुंडी की टीमों ने तत्काल अनामिका अस्पताल के पास से सुधीर सिंह उर्फ डाक्टर व जसवंत प्रजापति को गिरफ्तार कर बच्ची बरामद कर ली। बाइक को भी बरामद किया। आशा गुड्डू देवी को मारकुंडी तिराहा मानिकपुर से गिरफ्तार किया।

### बच्ची को खरीदने की कही बात

अमित ने बताया कि वाहन में उसके साथ अनामिका अस्पताल मूरतगंज की देखरेख करने वाला सुधीर सिंह उर्फ डाक्टर पुत्र दयाराम निवासी मलाकनगर थाना चरवा, साथी जसवंत प्रजापति पुत्र रामसुचित प्रजापति निवासी रामनगर थाना फूलपुर (प्रयागराज) बाइक से मानिकपुर आए थे। वहां आशा कार्यकर्ता गुड्डू देवी निवासी गोपीपुर को लेकर टिकरिया रेलवे स्टेशन पहुंचे थे, एक नवजात बच्ची को उसके पिता से 10 हजार रुपये में खरीदा था। बच्ची अनामिका अस्पताल में सुधीर सिंह की देखरेख में है।

# पत्नी, 2 बेटियों की हत्या के दोषी को साथी समेत उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



- दोनों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी

**अमृत विचार।** पत्नी और दो बेटियों की गला रेतकर मौत के घाट उतारने वाले हत्यारे और उसके साथी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोनों को 50-50 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि शिवरामपुर चौकी अंतर्गत चकला गुरुबाबा गांव निवासी हत्यारोपी के पिता दयाराम ने नौ मार्च 2018 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घटना को अंजाम देने वाला अजीत रैदास फेरी लगाकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुहाग का सामान बेचता था। उसकी पत्नी मैना देवी की भी रैपुरवा रोड में एक खोमचे में सुहाग के सामान की दुकान थी। परिजनों के अनुसार, अजीत पत्नी के चरित्र को लेकर शक करता था। इससे परिवार में कई बार विवाद हुआ था। आठ मार्च 2018 की शाम खाना खाने के बाद वह परिवार समेत अपने घर में सो रहा था। इस दौरान अर्द्धरात्रि को एक बार फिर अजीत और पत्नी मैना के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। तैश में आकर अजीत ने धारदार चाकू से पत्नी का गला रेत दिया। साथ ही निर्दयता की सारी हदें पार करते हुए कमरे में सो रहीं सात वर्षीय पुत्री पिंकी और पांच वर्षीय पुत्री नंदनी का भी गला रेत दिया। पास में ही सो रहा अजीत का बेटा अंकित जाग गया और पिता का भयावह रूप देखकर मौके से भाग खड़ा हुआ। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा अजीत सीधे शिवरामपुर चौकी पहुंचा और वहां मौजूद सिपाहियों को अपने कृत्य के बारे में बताया। इससे चौकी में हडकंप मच गया। अजीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में हत्यारोपी अजीत रैदास और उसके साथी चकला गुरुबाबा गांव के ही निवासी राममिलन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने पत्नी और दो बेटियों की हत्या के दोषी अजीत रैदास और राममिलन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों को 50-50 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

# कालपी में सिर कूंचकर युवक की हत्या

## जोधर नाले के पास कंबल से लिपटा मिला शव, शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, उरई


मौके पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने शुरू की विधिक कार्रवाई

**अमृत विचार।** कालपी में अज्ञात युवक का कंबल में लिपटा शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की हत्या सिर कूंच कर की गई है। खबर मिलते ही सीओ कोतवाल फॉरेंसिक टीम सहित मौके पर पहुंचकर साक्ष्यों को एकत्रित कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

कालपी कोतवाली क्षेत्र में जोल्हूपुर-हमीरपुर हाईवे स्थित लमसर गांव से निकले जोधर नाले के समीप घटोई बाबा मंदिर के पास एक अज्ञात युवक का शव कंबल से लिपटा मिला। मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष बताई जा रही है।

शव की जानकारी तब हुई जब स्थानीय लोग घटोई बाबा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने कपड़े व कंबल में अज्ञात युवक का शव देखा। तत्काल आसपास के लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही सीओ देवेंद्र कुमार पचौरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार पाठक फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। बाद में अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्यों को संकलित कर युवक के शिनाख्त के प्रयास किए। प्रथम दृष्टया चेहरे पर चोटों के निशान देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस मामले में पुलिस ने जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बारे में कालपी के सीओ डॉक्टर देवेंद्र पचौरी ने बताया कि अज्ञात युवक का शव मिला है। शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया, है जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

# कलेक्ट्रेट पहुंचे बुजुर्ग ने खाया जहरीला पदार्थ

संवाददाता फतेहपुर

- बुआ-फूफा पर 20 लाख रुपये हड़पने का आरोप कार्रवाई न होने से परेशान

**अमृत विचार।** एक बुजुर्ग दिव्यांग ने अपने बुआ और फूफा पर लाखों रुपये के जेवर और नकदी हड़पने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस में शिकायत की। जब थाना पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की तो न्याय के लिए कलेक्ट्रट परिसर पहुंचा और जहर खा लिया। बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

असोथर थाना कस्बे के रहने वाले दिव्यांग उमाकांत मिश्रा सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा और जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देने के बाद बाहर आकर कलेक्ट्रेट के गेट के पास जहर खा लिया। इस पर एडीएम वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और बुजुर्ग से जानकारी करने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एडीएम अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि जब उन्हें जानकारी हुई तो बुजुर्ग से पूछने से जहरीला पदार्थ खाना की बात कही गई। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि एक बुजुर्ग ने कलेक्ट्रेट परिसर पर के गेट के बाहर नींद की गोली अधिक मात्रा में खा ली थी। जिन लोगों को 20 लाख रुपये देने की बात कही है जांच पड़ताल में पैसे के लेन देन की कोई लिखा पढ़ी नहीं है।

# पंजाब जा रही डबल डेकर बस पलटी, 37 घायल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसा सोमवार शाम करीब 6 बजे किलोमीटर संख्या 163.600 पर हुआ। बस बिहार से यात्रियों को लेकर भटिंडा (पंजाब) जा रही थी। बस में करीब एक सैकड़ा यात्री सवार थे। हादसे में 37 यात्री घायल हो गए। 10 घायलों को मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। दो गंभीर घायलों को कानपुर रेफर कर दिया गया है।

बिहार से यात्रियों को बैठाकर डबल डेकर बस भटिंडा (पंजाब) के लिए रवाना हुई थी। रविवार की शाम जब बस आगरा-लखनभ एक्सप्रेस-वे पर तालग्राम थाना क्षेत्र के बेहटा गांव के पहुंची, पंजाब के पटियाला थाना क्षेत्र के तिरुपति चाउन निवासी चालक कुल्दीप सिंह ने नियंत्रण खो दिया। इससे बस एक्सप्रेस-वे के डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

हादसे की सूचना मिलते ही तालग्राम थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उधर, सूचना पर यूपीडा के अधिकारी राजेंद्र कनौजिया कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और राहत बचाव कार्य शुरू किया। एंबुलेंस से सभी घायलों को तालग्राम सीएचसी और मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल रोशन कुमार यादव और श्याम नंदन को मेडिकल कालेज से कानपुर रेफर कर दिया गया।

### ये घायल तालग्राम सीएचसी में भर्ती

राजेश (26) पुत्र सिकंदर, लखन (27) पुत्र राजू साधन, भूपेंद्र (28) पुत्र महेश, बबलू (21) पुत्र सुखन, दिलीप यादव (47) पुत्र ब्रह्मदेव यादव, मंगल यादव (48) पुत्र कमिश्वर यादव, देवन (44) पुत्र जग्गू, जयप्रकाश (29) पुत्र सरवन शर्मा, रंजीत (22) पुत्र राजकिशोर, विमल (36) पुत्र करंती रित्री, लालू यादव (35) पुत्र कपिल देव, नुनुलाल (55) पुत्र नेतिक, संजीत यादव (36) पुत्र राजेंद्र यादव, मंटू यादव (36) पुत्र रामगोविंद, नीरज (22) पुत्र ज्ञानचंद्र, गुलशन यादव (32) पुत्र सरवन यादव, शुभम (19) पुत्र सरवन शर्मा, वीरभान (36) पुत्र करंती रित्री, सोम ऋषि (30) पुत्र ऋषि।

# सफाई करते समय दीवार गिरी, दबने से किशोरी की मौत

**ताखा, इटावा।** ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव नगरिया यादवान में दीपावली के त्योहार को देखते हुए सफाई करते समय एक कच्ची दीवार गिर गई। मलबे में दबने से एक किशोरी की मौत हो गई। उसकी मां और बहन गंभीर रूप से घायल हो गई।

तहसील क्षेत्र के गांव नगरिया यादवान निवासी तार बाबू की पत्नी तारबाबू की पत्नी रचना सोमवार की सुबह अपनी दो बेटियों शिवा (17) सलोनी (12) घर की साफ सफाई करने लगी। जब वह तीनों सफाई कर रही थी तभी अचानक कच्ची दीवार भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। जिससे काम कर रही तीनों मलवे में दब गई। जानकारी होने पर आसपास के लोग दौडकर मौके पर पहुचे और मलवे में दबी मां व बेटियों को निकालने में जुट गए। शिवा के पैर मिट्टी से बाहर निकले थे उसे लोगों ने बाहर निकाल लिया। बाकी रचना और सलोनी पूरी मिट्टी में दबी हुई थी ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से दोनों को बाहर निकाला तो सलोनी की मौत हो चुकी थी वहीं रचना की हालत गंभीर बनी हुई थी घायल मां रचना व बेटी शिवा को पीजीआई सैफई इलाज के लिए भिजवाया।


स्पा सेंटर पर जांच-पड़ताल करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

# स्पा सेंटर में छापेमारी कर डीवीआर कब्जे में लिया

संवाददाता फर्रुखाबाद

- मिजोरम की दो लड़कियां भी स्पा सेंटर पर काम करते मिलीं

**अमृत विचार।** थाना कादरी गेट क्षेत्र स्थित एक स्पा सेंटर पर सोमवार शाम को सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान केंद्र में एक मैनेजर सहित कुल 5 महिलाएं मिली। स्पा सेंटर में लगे कैमरों की डीबीआर सहित काफी सामान पुलिस ने कब्जे में लिया है।

थाना कादरी गेट क्षेत्र के ठंडी सड़क स्थित एक स्पा सेंटर में गलत गतिविधियों की शिकायत लगातार पुलिस को प्राप्त हो रही थी। सोमवार शाम को सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय के नेतृत्व में अजय शर्मा, महिला थाना अध्यक्ष पूनम अवस्थी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थाना अध्यक्ष हरिनंदन ओझा, थाना अध्यक्ष कादरी गेट अमोद कुमार सिंह द्वारा छापेमारी की गई। इस दौरान स्पा सेंटर में मौजूद लड़कियों से पूछताछ की गई। स्पा सेंटर में बने कॉटेज में जाकर देखा गया। पुलिस ने स्पा सेंटर के कमरों की डीवीआर सहित काफी सामान को कब्जे में लिया है। वहीं पुलिस के आलाधिकारियों ने कोई आधिकारिक बयान अभी तक मामले पर नहीं दिया है।

# बैंक व साहूकार के कर्ज से परेशान किसान ने दी जान

**महोबा।** कोतवाली चरखारी के ग्राम सबुआ में कर्ज से परेशान एक किसान ने खेत में ही लगे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने बताया कि किसान के ऊपर दो लाख से अधिक कर्ज था। इधर उरद, मूंग और तिल की फसल बर्बाद हो जाने से वह कर्ज को लेकर चिंतत रहता था।

ग्राम सबुआ निवासी हरि सिंह (45) ने इस साल करीब छह बीघा खेत में खरीफ फसल की बुवाई की थी। किसान ने फसल बुवाई के लिए साहूकारों और पूर्व में बैंक से कर्ज लिया था। इस साल तिल और उर्द मूंग की अच्छी फसल देखकर किसान खासा खुश था लेकिन अचानक बेमौसम बारिश ने किसान के अरमानों पर पानी फेर दिया। बारिश से किसान की फसल बर्बाद हो गई जिससे वह परेशान रहने लगा था। रविवार को वह अपने खेत में लगे एक पेड़ में रस्सी डालकर फांसी पर झूल गया। थोड़ी देर बाद किसानों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची और किसान को नीचे उतारकर सीएचसी चरखारी पहुंचाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर विधिक कार्रवाई की।

## सार-संक्षेप

### बालक की हत्या में दोषी महिला और उसके 2 पुत्रों को उम्रकैद

**औरैया।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तृतीय सैफ अहमद ने थाना एरवा कटरा क्षेत्र के ग्राम कढ़ैया में 8 वर्ष पूर्व 10 वर्षीय बालक को अपने घर में ले जाकर हत्या करने की दोषी महिला गंगा देवी व उनके दो पुत्रों को आजीवन कारावास की सजा दी है। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी कर रहे सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार पोरवाल ने बताया ग्राम बर्रू आहार थाना किशनी जिला मैनपुरी निवासी वादी नरेंद्र सिंह यादव ने थाना एरवा कटरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया 6 जून 2016 को उसकी पत्नी बेबी अपने 10 वर्षीय पुत्र संदेश को लेकर मायके गई थी। 10 जून 2016 को उसका पुत्र संदेश दोपहर के समय चचिया ससुर स्व. शौकीन सिंह के घर गया था। शाम को पता चला कि बालक संदेश की शौकीन के घर में मृत्यु हो गई। वादी ने लिखा कि उसके ससुर व चचिया ससुर के बीच जमीन विवाद को लेकर रंजिश थी। वादी ने चचिया सास गंगा देवी पत्नी शौकीन सिंह व उसके दो पुत्र महिपाल व जयपाल के विरुद्ध पुत्र की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हालांकि पुलिस ने विवेचना में इन तीनों को निर्दोष मानते हुए अंतिम आख्या कोर्ट में पेश की तथा दो अन्य अभियुक्त मुनीश उर्फ खजांची तथा राखी उर्फ रेखा के विरुद्ध चार्जशीट पेश की थी। कोर्ट में जब मुकदमे का विचारण हुआ तो वादी की मांग पर अन्तिम आख्या वाले तीनों आरोपियों को तलब किया गया। कोर्ट ने पाया कि अन्तिम आख्या वाले तीनों आरोपी गंगादेवी व उसके पुत्र महिपाल, जयपाल ने हत्या की है। इस पर सत्र न्यायाधीश ने 04 अक्टूबर को निर्णय सुनाते हुए मुनीश उर्फ खजांची व राखी उर्फ रेखा को दोषमुक्त कर दिया था। गंगा देवी, महिपाल व जयपाल को दोषी सिद्ध कर जिला कारागार इटावा भेज दिया था। एडीजे सैफ अहमद ने गंगा देवी 75 व उनके पुत्र महिपाल व जयपाल को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया और सभी पर 20- 20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया।

### पूर्व प्रधान प्रतिनिधि सहित 8 नामजद, 3 अज्ञात पर रिपोर्ट

**गुरसहायगंज।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज और मारपीट के बाद खूनी संघर्ष हो गया था। मामले में दोनों से महिलाओं सहित लगभग आठ लोग घायल हुए थे। उपचार के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी महिला ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 12 अक्टूबर की दोपहर बाद वह ग्राम मैकीपुर्वा हार स्थित अपने पैतृक खेत पर ट्रैक्टर से जुताई करा रही थी। तभी ग्राम भवानीपुर निवासी पूर्व प्रधान प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, दुर्गेश, रघुराज सिंह, रवीन्द्र प्रताप, टिंकू, धीरेन्द्र, मानवेन्द्र सिंह अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ धारदार हथियार व लाठी-डंडा लेकर आए और गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर महेन्द्र सिंह के इशारे पर रवि और टिंकू महिला को उठा ले गए और जमीन पर गिराकर छेड़छाड़ करने लगे। इसी बीच महिला की मां और भाई को आता देख आरोपित उसे छोड़ मां और भाई पर हमलावर हो गए। आरोपियों ने महिला को जान से मारने की मंशा से सिर में राड से हमला कर दिया। इसका सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो गया। हालांकि इस वीडियों की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। उधर, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ने भी महिला व उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पंखा चलाने को लेकर सास ने बहू को घर से निकाला

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा स्थित ब्लाक चौराहे के पास सोमवार को बहू के पंखा चला देने पर सास - बहू में जमकर तू-तू मैं- मैं हो गई। पंखा चलाने को लेकर दोनो के बीच दो घंटे तक बहस चली। सास ने बहू को घर से निकाल दिया। लोगों के समझाने पर बहू घर जा सकी। ब्लाक चौराहा निवासी बहू रश्मी और सास शारदा में पंखा चलाने को लेकर दोपहर 12 बजे झगड़ा हो गया। सास ने पंखा चलाने को लेकर बहू को रोका लेकिन सास बहू में बात इतनी बढ़ गई कि सास और बहू में तू -तू मैं-मैं शुरू हो गई। इसके बाद सास शारदा अवस्थी ने बहू को घर से निकाल दिया। रोते हुए बहू बाहर निकलते ही आस पास के लोगों ने जब बहू को रोते हुए देखा तो लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई, फिर सास -बहू में घंटों घर के बाहर हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। बहू मामले की शिकायत करने थाने जा रही थी तभी लोगों के काफी समझाने के बाद बहू को घर के अंदर जाने दिया गया।

### ट्रैक क्लियर न होने से खड़ी रही ट्रेन, 50 मिनट बंद रही क्रॉसिंग

**कंचौसी, औरैया।** कंचौसी पूर्वी क्रासिंग और कंचौसी रेलवे स्टेशन के बीच डीएफसी ट्रैक पर सुबह लगभग 6 बजे एक मालगाड़ी के खड़े हो जाने से 50 मिनट तक क्रासिंग बंद रही। क्रॉसिंग बंद होने से लोगों को जाम के झाम से जूझना पड़ा। बाद में सूचना पर पहुंची पुलिस ने मालगाड़ी जाने के बाद कड़ी मशक्कत से जाम को खुलवाकर वाहनों को पास कराया। इटावा से कानपुर जा रही मालगाड़ी न्यू कंचौसी रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह लगभग 6 बजे ट्रैक क्लियर न होने के चलते कंचौसी पूर्वी क्रासिंग और कंचौसी रेलवे स्टेशन के बीचों बीच डीएफसी ट्रैक पर खड़ी हो गई। इस बीच क्रासिंग बंद होने के चलते कंचौसी-झींझक रोड, नहर पुल पर ट्रक, स्कूली वाहन और बाइक सवार लोग जाम में फंसे रहे। क्रॉसिंग के आसपास लंबा जाम लग गया। मालगाड़ी के ट्रैक पर खड़े होने के चलते 50 मिनट तक रेलवे क्रॉसिंग बंद रही।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**उरई।** आटा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार भाग रहा ट्रैक्टर ग्राम चमारी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दबकर चालक की मौत हो गई। घटना से वहां अफरातफरी मच गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी महिला नीलम देवी पत्नी अशोक कुमार कौशिक बीती 23 नवंबर को ट्रैक्टर से उरई लौट कर आ रहा थ। इसी दौरान जब उसका ट्रैक्टर आटा थाना क्षेत्र के ग्राम चमारी के पास पहुंचा तभी ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबकर चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने क्रेन के जरिए ट्रैक्टर को सीधा करवाया और चालक को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। लेकिन जब तक चालक थी मौत हो गई।

**नई व्यवस्था** हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा की तैयारियां तेज

# मेरिट के आधार पर होगा केन्द्रों का निर्धारण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

यूपी बोर्ड

- जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम करेगी मेरिट का निर्धारण

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार केन्द्र निर्धारण के लिए मेरिट की व्यवस्था रखी गई है। जिला प्रशासन द्वारा गठित टीमें विद्यालयों का निरीक्षण करेंगी और मेरिट तैयार करेंगी। उसी के आधार पर केन्द्रों का निर्धारण किया जाएगा।

जिला स्तर और प्रदेश स्तर में जो विद्यार्थी टॉप-10 मेरिट में आए हैं। उन स्कूलों को भी अंक मिलेंगे। जिले में माध्यमिक शिक्षा विभाग के 403 विद्यालय हैं। इनमें राजकीय स्कूल, एडेड स्कूल और वित्तविहीन इंटर कॉलेज शामिल हैं। बोर्ड सचिव द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार आधारभूत सुविधाओं के अलग-अलग अंक निर्धारित किए गए हैं। इसमें इंटरमीडिएट स्तर के स्कूल को 20 अंक, हाईस्कूल स्तर के विद्यालय को 10 अंक, राजकीय माध्यमिक स्कूल को 50 अंक, अशासकीय सहायता प्राप्त स्कूल को 40 अंक और स्ववित्तपोषित माध्यमिक स्कूल को 20 अंक मिलेंगे। प्रति शिक्षण कक्ष के पांच अंक है। इसमें वह कमरे शामिल हैं, जिनका उपयोग परीक्षा कक्ष के लिए किया जाएगा। यदि एक ही परिसर में एक प्रबंधक ने किसी अन्य बोर्ड से भी मान्यता ली है तो उसे इसमें शामिल नहीं किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरे लगे होने पर 10 अंक, वर्ष 2024 में परीक्षा केंद्र होने पर 20 अंक, पिछले साल हाईस्कूल उत्तीर्ण प्रतिशत 90 या उससे अधिक होने पर 10 अंक, 2024 में ही इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 90 या इससे अधिक होने पर 10 अंक, स्मार्ट कक्षा संचालित होने पर 10 अंक अतिरिक्त मिलेंगे। पिछले साल हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में जिला स्तरीय टॉप-10 छात्र-छात्राओं की सूची में स्थान लाने पर 10 अंक और राज्य स्तरीय टॉप-10 विद्यार्थियों की सूची में स्थान लाने पर विद्यालय को 20 अंक मिलेंगे। शासन के निर्देशों के अनुरूप इस बार परीक्षा केंद्रों का निर्धारण किया जाएगा। गठित टीम स्कूलों का सत्यापन करेगी।

# सिक्योरिटी गार्ड की ट्रेन से गिरकर मौत

**उरई।** ट्रेन में सफर करते समय माल गोदाम के पास ट्रेन से गिरकर सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिहौनी निवासी संतोष सिंह राजावत 35 वर्ष झांसी यूनिवर्सिटी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। रविवार को वह ग्वालियर जाने के लिए दोपहर को गांव से निकला था। ट्रेन में दरवाजे के पास बैठे होने के कारण वह अचानक से पुराने माल गोदाम के पास अनियंत्रित होकर नीचे आ गिरा, जिससे सिर में गहरी चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने जब उसे पटरी किनारे देखा तो इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पहचान होने के बाद खबर उसके परिजनों को दी।

# डंपर की भिड़ंत में 1 चालक की मौत और दूसरा घायल

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- एक डंपर गिट्टी लादकर आ रहा था जबकि दूसरा डंपर गिट्टी लेने कबरई जा रहा था

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के चन्दपुरवा गेट के निकट हाईवे पर दो डंपरों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिससे एक डंपर के चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने एक चालक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

उन्नाव जनपद के अचलगंज थानाक्षेत्र के लालीहार गांव निवासी राजेंद्र (37) पुत्र राजकुमार डंपर में गिट्टी लादकर कानपुर की ओर जा रहा था। वही इसी जनपद के इसी थानाक्षेत्र के सत्तूखेड़ा निवासी राजेंद्र (40) पुत्र श्रीकृष्ण यादव गिट्टी लेने के लिए कबरई की ओर जा रहा था।

रविवार की रात करीब 1:00 बजे इन दोनों की चंदपुरवा गेट के पास आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इन्हें केबिन से निकलकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां राजेंद्र पुत्र राजकुमार निवासी हमीरपुर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं राजेंद्र पुत्र श्रीकृष्ण को गंभीर हालत में सदर अस्पताल भेजा गया। डंपरों की टक्कर से थोड़ी देर हाईवे पर आवागमन बाधित रहा।

# 8 लाख दीये आए, राजधानी के कारीगर सजाएंगे रामपथ

## 150 आदिवासी भी प्रज्ज्वलित करेंगे दीये, 30 अक्टूबर को होगा मुख्य आयोजन

अयोध्या कार्यालय



रामकथा पार्क के पास लाइटों को तैयार करते इलेक्ट्रीशियन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव होगा, जिसकी भव्यता मंदिर से लेकर सरयू के तट तक दिखाई देगी। मुख्य रूप से 30 अक्टूबर को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। राम की पैड़ी सहित अन्य 55 घाटों पर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 28 लाख से अधिक दीप बिछाए जाएंगे। दीपों को प्रज्ज्वलित करने के लिए अवध विश्वविद्यालय के 30 हजार वालंटियर के साथ झारखंड के 150 आदिवासी भी शामिल होंगे। अयोध्या के जयसिंहपुर गांव के रहने वाले कुम्हार के साथ सोहावल क्षेत्र सहित कुम्हार के बस्तियों से दीए जुटाए जाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। 24 घंटे में आठ लाख से अधिक दीये राम की पैड़ी के पास बने स्टोर रूम में पहुंचा दिए गए हैं। कुम्हार राकेश कुमार बताते हैं कि इस बार हम लोगों को 10 लाख दीये देने का आर्डर मिला है। स्टोर प्रभारी अतुल भारती ने कहा कि दीयों को लाने के लिए आठ वाहनों को लगाया गया है।

दीपोत्सव में अयोध्या के धर्मपथ और राम पथ को लाइटों से जगमग किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ताज रेडियो एंड इलेक्ट्रिक कंपनी को लाइटिंग की व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। 50 से अधिक इलेक्ट्रीशियन राम कथा पार्क के पास कैम्प कर लाइटों को तैयार करने का कार्य कर रहे हैं। इलेक्ट्रीशियन अरविंद कुमार बताते हैं कि रामपथ और धर्मपथ के साथ लगभग 2 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में भव्य लाइटिंग की व्यवस्था के लिए तैयारी की जा रही है। डेकोरेटिव वाल, इलेक्ट्रिक गेट और आर्टिफिशियल इलेक्ट्रिक लाइटों से पिलर को तैयार किया जा रहा है। 25 अक्टूबर तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### 11 सूचना व सात पर्यटन विभाग की रहेंगी झांकियां

दीपोत्सव को चार चांद लगाने के लिए अयोध्या के साकेत महाविद्यालय में रामायण कालीन प्रसंग का मंचन करने के लिए 18 झांकियां बनाई जा रही हैं, जिसमें 11 झांकियां सूचना विभाग और सात झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की जाएगी। यह झांकियां 30 अक्टूबर को रामपथ पर सुबह 9 बजे साकेत महाविद्यालय से निकलकर राम कथा पार्क तक जाएंगी। झांकियों नारद मोह, पुत्रेष्टि यज्ञ, राम जन्म, दशरथ कैकई संवाद, राम वन गमन, केवट प्रसंग, राम विवाह प्रसंग, धनुष यज्ञ, अशोक वाटिका, ताड़का वध, लक्ष्मण मूर्छित, रावण सीता का हरण, राम-रावण युद्ध, लंका विजय, राम का राज्याभिषेक शामिल रहेंगी। पर्यटन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि दीपोत्सव में विभिन्न प्रकार की झांकियों का भी आयोजन किया जाएगा। सूचना और पर्यटन विभाग के द्वारा झांकियों को तैयार करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

# जातीय मंदिरों को भी बनाया जाएगा दीपोत्सव का हिस्सा

अयोध्या कार्यालय

- ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने जातीय मंदिरों के संतों के साथ की बैठक

**अमृत विचार:** दीपोत्सव में इस बार 37 जातीय मंदिर भी रोशन होंगे। मंदिरों के व्यवस्थापकों व स्वामियों के साथ सोमवार को कारसेवकपुरम में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बैठक की। बताया गया कि जातीय मंदिर को हर बार दीपोत्सव का हिस्सा नहीं बनाया जाता था। साथ ही मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों में भी साधु-संतों की जो सूची बनती थी उसमें से जातीय मंदिर नदारद रहते थे। चंपत राय ने बताया कि इस बार दीपोत्सव में अन्य मठ-मंदिरों की तरह ही जातीय मंदिरों में भी दीए, तेल, बाती व दीये की व्यवस्था कराई जाएगी। बैठक में अचानक प्रभारी मंत्री सूर्यप्रताप शाही भी पहुंचे और जातीय मंदिरों के महंतों व व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। बैठक में महंत वैदेही बल्लभ शरण, महंत जयराम दास, महंत सीताराम दास, राममंदिर के ट्रस्टी डॉ.अनिल मिश्र, प्रांत प्रचारक कौशल किशोर, गजेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। इसके पूर्व विभिन्न जातीय मंदिरों के संत महंतों से मुख्यमंत्री योगी ने भी मुलाकात कर अयोध्या के विकास की धारा में जोड़ने के लिए आश्वासन दिया था। महंत वैदेही बल्लभ शरण ने बताया कि सभी समाज के संतों के सम्मान के लिए बुलाया गया था। कहा कि हर वर्ष अलग अलग संतों के साथ संघ और राम मंदिर मुलाकात करता है, इसलिए यह एक औपचारिक मुलाकात थी।

# थाना प्रभारी व 6 पुलिस कर्मियों समेत 22 पर केस

सलोन,रायबरेली

- न्यायालय के आदेश पर जमीन पर कब्जा कराने और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** न्यायालय के आदेश पर तत्कालीन थाना प्रभारी सहित एक दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों व विपक्षियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हुआ है। मामला जमीन विवाद से संबंधित बताया जा रहा है। वादिनी ने विपक्षियों सहित तत्कालीन थाना प्रभारी संजय कुमार त्यागी के साथ छह पुलिस कर्मी नामजद समेत 22 लोगों पर अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा कराने और मारपीट का आरोप भी लगाया है। इसमें पॉलिकाकर्मी समेत 14 अज्ञात हैं।

गीता देवी उर्फ सीता देवी पत्नी इंद्रपाल निवासी बाबा का पुरवा मजरे केवली महिमा का जमीनी विवाद विद्यावती पत्नी राजेश कुमार व कड़ेदीन पुत्र रामदास से दीवानी न्यायालय में विचाराधीन था। आरोप है की प्रतिपक्षी गण ने पुलिस के सहयोग से उसकी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा करना चाहा। जिसमें पुलिस ने प्रतिपक्षियों का पूरा सहयोग किया और उसकी बेटी से दुर्व्यवहार किया था।वही पुलिस ने जबरन सुलह समझौते का उसपर दबाव भी बनाया था।

वादिनी ने मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को वीडियो व पत्र भेज कर शिकायत की थी। उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। वादिनी ने न्यायालय का सहारा लिया। न्यायालय ने थाना पुलिस को विपक्षियों सहित एक दर्जन पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए है। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत हुआ है। प्रकरण की जांच की जा रही है।

# विदेशी श्रद्धालु को फर्जी पास मामले में दर्ज हुई रिपोर्ट

**अयोध्या:** एक सप्ताह पूर्व विदेशी श्रद्धालु को रकम लेकर फर्जी शयन आरती पास उपलब्ध कराए जाने के मामले में पुलिस ने अब रिपोर्ट दर्ज की है। शिकायत श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दी गई है।

गौरतलब है कि न्यूजीलैंड के शहर ऑकलैंड से अपनी बेटी के साथ 7 अक्टूबर को राम जन्मभूमि में दर्शन करने आए एक दंपत्ति को प्रति व्यक्ति 1200 लेकर शयन आरती पास उपलब्ध कराया था। जांच में पास फर्जी मिला था। उस समय दंपति ने बताया था कि वह लखनऊ- गोरखपुर हाइवे स्थित एक नामी होटल में रुके हैं और वहां पर उन्होंने होटल के एक कर्मी से रामलला की शयन आरती देखने की इच्छा को प्रकट की थी। जिसके बाद एक व्यक्ति ने 1200 रुपये प्रति व्यक्ति के हिसाब से भुगतान करने पर पास बनवा देने का दावा किया था। जिसके बाद उन्होंने पत्नी, बेटी व चालक के शयन आरती पास के लिए 4800 रुपए देकर यह पास हासिल किया था। मामला विदेशी श्रद्धालु से जुदा होने के चलते भीतरखाने हलचल मच गई थी।

# विसर्जन जुलूस में उपद्रवियों का हंगामा, दो हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- मस्जिद के सामने जुलूस रोक किया हुड़दंग

**अमृत विचार :** पूर्व में हो चुकी घटना से पुलिस ने सबक नहीं लिया और रविवार को टिकैतनगर के अशांत इलाके कस्बा इचौली में फिर माहौल बिगड़ने से बच गया। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को निकला जुलूस एक मस्जिद के सामने रुका और वहीं पर अंबीर गुलाल उड़ाने के साथ ही अराजक तत्व हुड़दंग करने लगे। इस दौरान पुलिस शांत मुद्रा में खड़ी रही, वहीं दूसरे समुदाय में तनाव व्याप्त हो गया। फटकार पड़ने पर सक्रिय हुई पुलिस ने चार दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दो को हिरासत में ले लिया। फिलहाल मौके पर शांति बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार यह मामला टिकैतनगर थाना अंतर्गत मिश्रित आबादी वाले कस्बा इचौली का है। यह कस्बा संवेदनशील क्षेत्र में शामिल है। हुआ यह कि तहसील प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन को लेकर निकलने वाले जुलूस के लिए लिखित अनुमति दी, जिसमें कहा गया कि मज़ार के पास से गांव के उत्तर तक जुलूस निकालने के लिए 45 मिनट का समय तय है। रविवार को दोपहर बाद दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए तय रास्ते से जुलूस निकाला गया लेकिन पुलिस ने पूर्व की घटना से कोई सबक नहीं लिया। जुलूस में शामिल उपद्रवियों ने क़स्बा इचौली में एक मस्जिद के सामने काफी देर तक डीजे रोककर अंबीर गुलाल उड़ाया और हुडदंग किया। डीजे पर सवार एक युवक ने मस्जिद पर गुलाल फेक दिया। जिसके बाद मौके पर विवाद शुरू हो गया। काफी देर बाद मामला शांत हुआ। जुलूस वहां से बिना देर किए रवाना कर दिया गया। घटना का वीडियो वायरल हो गया। जिसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। इस प्रकरण में मस्जिद के मुतवल्ली मोहम्मद रफीक ने पुलिस से शिकायत की। जिस पर टिकैतनगर थाना के एसएसआई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने दो आरोपियों रवि मौर्य व अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि तीन वर्ष पहले मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान अराजकतत्वों द्वारा एक मज़ार पर भगवा झण्डा लगाने का मामला प्रकाश में आया था। क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट जटाशंकर मिश्र ने बताया कि 4 दर्जन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### पांच दिन से लापता बच्ची की हत्या कर शव दफनाया

**करनैलगंज, गोंडा :** करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के सकरौरा पश्चिमी मोहल्ले में एक बच्ची की हत्या कर उसका शव दफना दिया गया। सोमवार को उसका शव मोहल्ले के एक मड़हे में गड़ा हुआ पाया गया। बच्ची पांच दिन से लापता थी और पुलिस तथा परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे थे। सोमवार को दुर्गंध उठने की शिकायत पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वह अवाक रह गयी। बच्ची का शव मिलने से उसके परिवार में कोहराम मचा है। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के सकरौरा पश्चिमी स्थित लोहिया पुल के पास छप्परनुमा मकान में रोशन अली का परिवार रहता है। रोशन अली ठेला चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। पांच दिन पूर्व गुरुवार को दिन में 11 बजे उसकी 7 वर्षीय बेटी शहनुमा अपने घर के पास स्थित एक दुकान पर कुछ सामान लेने गई हुई थी। लेकिन काफी समय बाद वह वापस नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्ची नहीं मिली तो रात में परिजन कोतवाली जाकर घटना की तहरीर दिया। जिसके बाद से पुलिस बच्ची की तलाश कर रही थी। सोमवार सुबह मोहल्ले में ही स्थित एक मड़हे से दुर्गंध उठता देख कुछ लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मड़हे के नीचे जमीन की खोदाई करायी तो नीचे मासूम शहनुमा का शव गड़ा हुआ था। शव बरामद होने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह पुलिस टीम के साथ घटना स्थल का जायजा लिया।

# कुंडा विधायक राजा भैया की पत्नी भावनी सिंह की भूमि सरकार में निहीत की गई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**0.555** हेक्टेयर है भूमि

**2006** में भूमि खरीदी गई थी

- जिला प्रशासन ने की कार्रवाई, बेतालघाट ब्लॉक के सिल्टोना गांव में थी भूमि
- 25 जून 2024 को कलेक्टर कोर्ट ने दिए कब्जा करने के आदेश

> भावनी सिंह पत्नी रघुराज प्रताप सिंह निवासी 5 मदरी हाउस शाहनवाज रोड लखनऊ के नाम पर सिल्टोना गांव में 0 .555 हेक्टेयर भूमि थी, जिस प्रयोजन के लिए ली गई थी, वह प्रयोग नहीं हो रहा था। कलेक्टर कोर्ट ने 25 जून को इसको सरकार में निहीत करने के आदेश दिए थे। इसके बाद भूमि पर भौतिक रूप से कब्जा लेने के साथ ही दस्तावेजों में भी अंकन कर लिया गया है।
>
> –बिपिन पंत, उपजिलाधिकारी कोश्याकुटौली

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने कुंडा के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भावनी सिंह की बेतालघाट ब्लॉक के सिल्टोना गांव में .555 हेक्टेयर भूमि को सरकार में निहीत कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, यह भूमि कृषि प्रयोजन के लिए ली गई थी, लेकिन पिछले दो वर्षों से उस पर कृषि नहीं हो रही थी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बाहरी लोगों की भूमि की जांच करने के निर्देश दिए थे। इसमें स्पष्ट था कि भूमि जिस प्रयोजन के लिए ली गई है, उसी में प्रयोग की जाएगी। यदि प्रयोजन के विपरीत मिलती है तो उसको सरकार में निहीत किया जाएगा। सीएम के निर्देशों के बाद नैनीताल जिले में इस तरह की बड़ी कार्रवाई हुई। जिला प्रशासन ने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के कुंडा विधानसभा सीट के बाहुबली विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भावनी सिंह की भूमि को सरकार में निहीत कर बाहरी लोगों की जमीनों की जांच शुरू कर दी है।

अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक 17 अगस्त 2006 को विधायक राजा भैया की पत्नी भावनी सिंह निवासी 5 मदरी हाउस शाहनवाज रोड लखनऊ ने सिल्टोना गांव में .555 हेक्टेयर भूमि क्रय की और जिसकी रजिस्ट्री हुई थी। दाखिल खारिज में यह भूमि सात खसरों में दर्ज है। यहभूमि विशेष श्रेणी 1 (ग) में दर्ज थी। इस भूमि को कृषि प्रयोजन के लिए लिया गया था, लेकिन पिछले दो वर्षों से कृषि नहीं हो रही थी। इस पर जिला प्रशासन ने भूमि को राज्य सरकार में निहीत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इसका मामला कलेक्टर कोर्ट में चला था। इसके विरोध में भावनी सिंह ने 27 जुलाई 2012 को राजस्व बोर्ड में अपील की थी। बाद में इसकी रिमांड बैक करते हुए कलेक्टर कोर्ट में भेज दिया था।

# आयोग के दखल पर दर्ज हुआ बाल विवाह का केस

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- बाल संरक्षण आयोग सदस्य ने की परिजनों से मुलाकात

**अमृत विचार :** घुंघटेर थाना क्षेत्र में नाबालिग के विवाह प्रकरण को लेकर बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने सोमवार को पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की और न्याय का दिलासा दिया। इस मामले में आयोग के दखल के बाद विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

आयोग के सदस्य श्याम त्रिपाठी ने पीड़िता एवं परिजन से उनके घर जाकर भेंट की तथा हरसम्भव सहायता का आश्वासन दिया। पीड़िता के विद्यालय प्राचार्य, प्रबन्धक, नानी और भाई से संपूर्ण प्रकरण की जानकारी एकत्र कर विवेचना कर रहे निरीक्षक से पीड़िता को अविलंब न्यायालय बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

घुंघटेर थाना अंतर्गत बीते 7 नवंबर को बालिका के बाल विवाह की शिकायत न दर्ज करने पर थाने के एक दरोगा को सस्पेंड कर दिया गया था। प्रकरण में हस्तक्षेप के पश्चात 10 अक्टूबर को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुक़दमा दर्ज किया गया। निरीक्षण टीम ने रोशनाबाद प्राथमिक विद्यालय, गणेशपुर प्राथमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र निन्दूरा, वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया।

प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील और शैक्षणिक व्यवस्था की खराब दशा देख टीम ने आला अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। कहाकि इस तरह की लापरवाही बच्चों के खाने में कतई नहीं होनी चाहिए। इस दौरान सदस्य श्याम त्रिपाठी ने आयोग की तरफ से न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# दुर्गा प्रतिमा के गले से 10 हजार रुपये के नोटों की माला चोरी

**कुमारगंज, अयोध्या :** क्षेत्र के सिधारी बाजार में नवदुर्गा पूजा समिति पंडाल में रविवार रात चोरों ने मां दुर्गा की प्रतिमा के गले से करीब दस हजार रुपए की नोटों की माला चोरी कर ली।

खण्डासा पुलिस चौकी क्षेत्र के सिधारी बाजार स्थित हनुमानगढ़ी के पास नवदुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल में दुर्गा प्रतिमा स्थापित की गई थी। रविवार रात करीब 1:30 बजे तक बाजारवासी समिति के सदस्यों द्वारा भजन कीर्तन किया गया। सुबह जब लोगों ने पंडाल का पर्दा खोला तो प्रतिमा को देखकर दंग रह गए। पुलिस कमेटी के सदस्यों से पूछताछ करते हुए हनुमान मंदिर समेत आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने घटना की निंदा की। चौकी प्रभारी प्रशांत शर्मा ने बताया कि दुर्गा प्रतिमा रखने वाले कमेटी को पहले ही अवगत कराया गया था कि उनके वॉलिंटियर रात में निगरानी करेंगे, लेकिन वॉलंटियर सो गए थे।

# विकसित भारत बनने में युवाओं की भूमिका अहम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कुलाधिपति बोलीं, अंडर 100 में हो रुहेलखंड विश्वविद्यालय की रैंक

**अमृत विचार:** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। ये युवा ही आगे बेहतर राष्ट्र का निर्माण करेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने पर कुलपति और शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि एनआईआरएफ में टॉप-100 में आने के प्रयास किए जाएंगे।

अटल सभागार में प्रवेश से पहले राज्यपाल, मुख्य अतिथि बीआर अंबेडकर एनआईटी जालंधर के निदेशक प्रो. बिनोद कुमार कन्नौजिया, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और कुलपति प्रो. केपी सिंह ने विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत की। सुबह 11:35 बजे शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सांस्कृतिक क्लब की छात्राओं ने वंदे मातरम्, विश्वविद्यालय के कुलगीत और पर्यावरण गीत गाया।

राज्यपाल से समारोह की औपचारिक शुरुआत की अनुमति लेने के बाद कुलपति प्रो. केपी सिंह ने प्रगति आख्या प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने शैक्षिक सत्र 2023-24 में सभी प्लेटफार्म पर मिली रैंकिंग की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में अब तक आठ से अधिक इंटरनेशनल एमओयू साइन किए हैं। इन देशों में अमेरिका, यूक्रेन, नेपाल, इजराइल, ताइवान शामिल हैं। वर्तमान में तमाम प्रशासनिक और सैन्य अधिकारी पार्ट टाइम पीएचडी कोर्स में अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि राज्यपाल की प्रेरणा से विवि की ओर से संचालित दिव्यांग विशेष स्कूल में आर्ट स्ट्रीम के बाद साइंस स्ट्रीम लाया गया है।

**उपचुनाव** अयोध्या से नया राजनीतिक संदेश देने के प्रयास में भारतीय जनता पार्टी

# भाजपा मिल्कीपुर में उतारेगी खांटी प्रत्याशी

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी, अयोध्या से नए परिवेश में नया राजनीतिक संदेश देने के प्रयास में है। यह संदेश मिल्कीपुर से दिए जाने की तैयारी है। इसके लिए मिल्कीपुर उपचुनाव में पार्टी खाटी सांगठनिक प्रत्याशी उतारना चाहती है। इसको लेकर संघ, भाजपा सहित आनुषांगिक संगठन गंभीर मंथन में हैं। एक-एक दावेदार की पूरी कुंडली खंगाली जा रही है।

भाजपा, मिल्कीपुर उपचुनाव के जरिए दो संदेश देना चाहती है। एक तो वह लोकसभा चुनाव की हार को इत्तेफाकिया साबित करना चाहती है दूसरा भाजपा के राजनीति को नई दिशा से जुड़ा है। भाजपा अब संगठन के लोगों पर ही दांव लगाएगी। यह भविष्य के लिए बड़ा संकेत हो सकता है। यह दोनों संदेश ही मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव से दिए जाने की तैयारी है। उच्चपदस्थ सांगठनिक सूत्रों की मानें तो अंदरखाने में इन दोनों बिंदुओं पर खास फोकस है।

### सपा ने तय कर दिया है प्रत्याशी

- मिल्कीपुर में चुनावी घमासाम तेज है। सपा ने प्रत्याशी तय कर दिया है। कांग्रेस कदमताल करके ताकत दिखा रही है। बसपा मजबूत प्रत्याशी देना चाहती है। ऐसे में भाजपा चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के पहले ऐसा प्रत्याशी घोषित करना चाहती है जिस पर आर्थिक न सही सामाजिक रूप से लोगों की निगाह टिके। विवाद से परे हो। जिला संगठन के पदाधिकारी प्रत्याशी चयन को लेकर इसे हाईकमान की बात कहते हैं। जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडेय कहते हैं कि संगठन जिसे भी प्रत्याशी बनाएगा। पार्टी यहां उसको पूरी तन्मयता से लड़ाएगी।

मिल्कीपुर विधानसभा सीट अनसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। कैडर का प्रत्याशी आने से साल 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संगठन से प्रत्याशी तय किए जाने का संकेत निकलेगा। कार्यकर्ताओं को सहेजने में सुविधा होगी। टिकट की दौड़ में तो कई नेता है। इनमें पूर्व विधायकों से लेकर जिपं सदस्य, संगठन के पदाधिकारी और अतीत में दूसरे दलों से आए नेता तक शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि प्रदेश में कई राउंड की चर्चा के बाद मामला दिल्ली दरबार तक पहुंच गया है। यहां संघ, भाजपा के साथ ही आनुषांगिक संगठन भी मंथन में शामिल हैं। मिल्कीपुर के प्रत्याशी को लेकर गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगया जा सकता है कि पार्टी के एक राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी ने अयोध्या में संगठन से जुड़े जनप्रतिनिधियों को लेकर टिप्पणी कर दी। मतलब संगठन से प्रत्याशी दिए जाने से है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो दावेदारों की पूरी पृष्ठभूमि तलाशी जा रही है। इसके लिए आनुषांगिक संगठन से कई दावेदारों को लेकर अपनी विंग के जरिए जानकारी ली गई। संघ की पृष्ठभूमि आईटीसी, ओटीसी के साथ

- मंथन में भाजपा समेत कई आनुषांगिक संगठन शामिल

संगठन व भाजपा से जुड़े होने की अवधि, दल बदल करने के साथ ही अन्य बिंदु शामिल रहे। संगठन ऐसा प्रत्याशी लाना चाहती है भले ही उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो लेकिन कैडर का हो। भले ही चुनाव संगठन को ही लड़ना पड़े।

सूत्र बताते हैं कि प्रत्याशी की सूची में से अन्य के साथ एक ऐसे नाम पर फोकस है। जो राजनीति में आने के बाद सपा-बसपा की आंधी के दौरान भी पार्टी छोड़कर नहीं गया, जबकि उसे तमाम तरह के प्रलोभन दिए गए। वह संगठन का पदाधिकारी भी है। राजनीति में क्षण-प्रतिक्षण बदलाव के मद्देनजर नाम का खुलासा उचित नहीं है, लेकिन इस पर सहमति बनाने की कोशिश है। दिल्ली के तार अयोध्या के आनुषांगिक संगठनों से सीधे जुड़े हैं। सोमवार को भी इसको लेकर दिल्ली में चर्चा हुई।

# प्रार्थना की आड़ में धर्मांतरण मामले में तीन हुए गिरफ्तार

**मसौधा अयोध्या :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के सिड़िहिर नरसिंहपुर मजरे मझौलिया गांव में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से ईसाई धर्म से जुड़े तमाम प्रचार प्रसार सामग्री, पुस्तकों सहित ढोल मंजीरा बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी पूरा कलंदर देवेंद्र सिंह ने बताया कि धर्म समपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सिड़िहिर नरसिंहपुर मजरे मझौलिया गांव के निकट तालाब के पास से जूनियर निवासी ग्राम पूरे बसावन खां थाना जगदीशपुर अमेठी, रामयश निवासी ग्राम मझौलिया सिडहिर नरसिंहपुर थाना पूरा कलंदर और एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से ईसाई धर्म से संबंधित दर्जनों पुस्तकें, प्रचार प्रसार से सम्बन्धित पुस्तकें व मोबाइल फोन सहित अन्य कई वस्तुएं बरामद की गई हैं।

# परिवारवाद और जमींदारी को बढ़ाने वाले लोगों की जमात है इंडी गठबंधन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** धार्मिक यात्रा पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा अयोध्या पहुंचे। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न किया, जिसके बाद हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में भी दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सनातन की संतानों का सबसे पवित्र तीर्थ स्थल अयोध्या है जहां विराजमान श्रीराम सभी के प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री के द्वारा नए मंदिर का उद्घाटन किया गया और आज पूरे भारत के अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। इसलिए इस धरती को नमन करने और मर्यादा का जो अध्याय शुरू हुआ है वह आगे बढ़े यही कामना के लिए रामलला के दरबार में आए हैं। हरियाणा में भाजपा की जीत पर कहा कि यह जीत हनुमान जी के आशीर्वाद से संभव हुई है। वहीं विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब ऐसे विचारधारा के लोग कमजोर



हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन करते बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा।

पड़ रहे हैं क्योंकि अब उनके समापन का समय आ चुका है। विधानसभा का चुनाव अपने समय पर होगा।

वही इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह इंडी गठबंधन के लोग परिवारवाद और जमीदारी को बढ़ाने वाले लोगों की जमात हैं। यह जनता की गाढी कमाई को लूटकर भ्रष्टाचार की अकूत संपत्ति को बचाने के लिए गठबंधन को तैयार किया है, लेकिन भाजपा के हनुमान से इंडी गठबंधन डर गया है, उसकी लंका जलना तय है कोई रोक नहीं पाएगा। बिहार को लेकर कहा कि मर्यादा संस्कृति, संस्कार और विरासत देश के महान सम्मान और स्वाभिमान को बढ़ाता है जिसकी शुरुआत अब बिहार में होगी।

# जन-जन की आवाज सरकार तक पहुंचाता है अमृत विचार : ब्रजेश पाठक

## उप मुख्यमंत्री ने राजधानी के 23 चिकित्सकों को अमृत विचार यूपी कॉन अवार्ड 2024 से किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उदासी से घिरे मरीजों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वाले चिकित्सकों को हिन्दी दैनिक 'अमृत विचार' ने 'यूपी आईकॉन अवार्ड' से सम्मानित किया। चिकित्सक सम्मान का यह आयोजन सोमवार को गोमती नगर स्थित होटल सागर सोना में किया गया। मौका था उन ख्यातिलब्ध चिकित्सकों को सम्मानित करने का जो मरीजों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं।

इस अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अमृत विचार शुरू से ही जन-जन की आवाज सरकार तक पहुंचाने के काम में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। एक तरफ यह समाचार



पत्र सरकार तक जनता की समस्याएं सरकार तक पहुंचाता है तो दूसरी तरफ यह सरकार की नीतियों को भी आमजन तक पहुंचाने की कोशिश शिद्दत के साथ कर रहा है। अमृत विचार पत्रकारिता को मिशन के अंदाज में करता दिखाई दे रहा है।

लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने इस मौके पर कहा कि अक्सर अखबारों में देखने को मिलता है कि मरीज को बेड नहीं मिला। मरीज को स्ट्रेचर पर ही अपना इलाज कराना पड़ा। जबकि इस बात को इस अंदाज में भी लिया जा सकता है कि बेड नहीं था तो भी चिकित्सक ने उसके इलाज में देरी नहीं की। मरीज के अस्पताल पहुंचते ही उसे इलाज मिल गया। चिकित्सकों के बेहतर कार्य की प्रशंसा की जानी चाहिए। इस मौके पर अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी ने कहा कि सामाजिक सरोकार पर हमारा विशेष फोकस रहता है। लेकिन सच यह भी है कि अखबार रोजगार भी देता है। उन्होंने कहा कि यदि हिन्दी अखबारों की स्थितियों पर सरकार ध्यान दे दे तो हिन्दी पत्रकारिता निश्चित तौर पर नए सोपान गढ़ेगी व समाचार पत्रों का बहुत भला होगा।

सम्मान का क्रम शुरू हुआ तो अमृत विचार के समूह सम्पादक शंभू दयाल वाजपेयी ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को राम मंदिर का मॉडल भेंट किया। उन्होंने मॉडल को माथे लगाया और ऐसे आयोजन में बुलाए जाने पर संस्थान का आभार जताया। इस मौके पर डॉ. विभोर महेन्द्रू, डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. अभिषेक शुक्ला, डॉ. वीरेन्द्र यादव, डॉ. ब्रज भूषण वर्मा, डॉ. आर एन वर्मा, डॉ. अहिताश्मुल राशिद, डॉ. सुनील रावत, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. अजमत अली, डॉ. हिमाली झा, डॉ. जाहिद खान, डॉ. गौरव, डॉ. सुशील यादव,, डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. गंगा राम यादव, डॉ. विक्रांत सिंह, डॉ. सुमित सामंत, डॉ. अनुराग दीक्षित, डॉ. संजीव अवस्थी, डॉ. सैय्यद नाजिम अली, समता बाफिला, डॉ. अजय कुमार सिंह, रोहित मेहरोत्रा, पंकज श्रीवास्तव, शरद सिंह, रिषभ श्रीवास्तव, अटल प्रताप सिंह, रिजवान अली, अमित श्रीवास्तव, वीर विक्रम चौहान, सचिन यादव, अमन गुप्ता, मुकेश शुक्ला और हर्षित श्रीवास्तव को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद श्वेता सिंह और पवन कुमार ने सरस्वती वंदना पर मनभावन नृत्य प्रस्तुत किया। चिकित्सकों ने कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर लखनऊ के कार्यकारी संपादक अनिल त्रिगुणायत, महाप्रबंधक त्रिनाथ शुक्ला के अलावा अमृत विचार परिवार के अजय दयाल, डीपी शुक्ला, धीरेंद्र सिंह, पदमाकर पांडेय, नीरज मिश्र, विकास तिवारी, आरपी सिंह आदि मौजूद रहे।



लखनऊ के गोमतीनगर में आयोजित समारोह में अमृत विचार यूपी कॉन अवार्ड से सम्मानित चिकित्सकों के साथ विधायक नीरज बोरा। अमृत विचार



दीप प्रज्जवलित कर समारोह की शुरुआत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। साथ में हैं समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी।



अमृत विचार यूपी कॉन 2024 समारोह में उपस्थित अतिथि।



डॉ. आरके ठकराल को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी।



सम्मान समारोह में उपस्थित चिकित्सक व अन्य।



डॉ. रिजवान को सम्मानित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

- **पहली बार किसी अखबार ने चिकित्सकों के बारे में सोचा : डॉ. नीरज बोरा**

### समाज से जुड़ाव की चाहत ने बनाया चिकित्सक

समाज से जुड़ने का महज एक ही तरीका है कि असहाय और गरीबों की सेवा की जाए, बस यही चाहत चिकित्सा के क्षेत्र में ले आई। पिता की भी इच्छा थी कि समाज के लिए कुछ करूं। यही सोच आज मुझे सम्मान दिला रही है। आज का दिन इसलिए भी खास है कि आज ही मेरी बेटी का एमबीबीएस में दाखिला हुआ है।

**-डॉ. सुनील वर्मा**, निदेशक, इंटरनल मेडिसिन, मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ

### बड़े भाई की बीमारी ने बना दिया डॉक्टर

मेरा जन्म जौनपुर के एक किसान परिवार में हुआ था। शुरुआती शिक्षा गांव में ही हुई, हाईस्कूल में था कि तभी बड़े भाई बीमार पड़ गए। उनकी हालत गंभीर होती जा रही थी। इलाज के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा था। इसी बीच बड़े भाई ने कह दिया कि काश हमारे घर में भी कोई डॉक्टर होता, बस यही बात दिल में घर कर गई और वहीं से विचार बदला और शुरू हुआ डॉक्टर बनने का सफर। बड़े भाई की इस बात से जीवन को नई दिशा मिली।

**-डॉ. वीरेंद्र यादव**, हैरिटेज हॉस्पिटल

### मरीजों को गुणवत्तापूर्ण जीवन देना प्राथमिकता

चिकित्सा क्षेत्र मेरी पहली पसंद है। शुरुआत से ही इसी क्षेत्र में मेरी रुचि थी, जो बाद में शौक बन गई। लोगों का जीवन तभी अच्छा होता है, जब उनका स्वास्थ्य अच्छा हो। यही वजह है कि लखनऊ में करीब 12 वर्ष से कैंसर पीड़ित मरीजों को बेहतर इलाज देने का काम कर रहा हूं।

**-डॉ. विभोर महेंद्रू**, कैंसर रोग विशेषज्ञ, लखनऊ

### दिव्यांगता ने बना दिया डॉक्टर

आज मैं एक अस्पताल चलाता हूं। जिसमें कई डॉक्टर मेरे साथ काम करते हैं और हमारा एक ही उद्देश्य है कि जो भी मरीज गरीब और परेशान हो उनका तत्काल और बेहतर इलाज हो और चिकित्सा सुविधा मिले। यह सोच मेरे अंदर दिव्यांगता होने के कारण आई।

**-डॉ. सर्वेश त्रिपाठी**, हनुमंत पॉली क्लीनिक, लखनऊ

### अपनी मिट्टी से नहीं छूटा मोह, लौट आये स्वदेश

रायबरेली जिले के गुरुबख्शगंज में शुरुआती पढ़ाई हुई। टाट पट्टी पर बैठकर तख्ती पर लिखा करते थे। पिता शिक्षक रहे। पिता को देखकर ही सामाजिक सेवा का भाव मन में आया और इसी बीच इंटर की पढ़ाई भी पूरी हो गई थी। उसके बाद मेडिकल की तैयारी शुरू कर दी। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में एडमिशन मिल गया। बाद में फ्लोशिप पर विदेश चला गया। 2019 में लखनऊ मेदांता आ गया। इसके पीछे की वजह अपनी मिट्टी का मोह ही था। **-डॉ. धर्मेंद्र सिंह**, आर्थोपेडिक एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, मेदांता



समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार। सभी फोटो :प्रमोद कुमार

---

शासन-सत्ता

**बहराइच में बवाल**


# तोड़फोड़ और आगजनी के बीच उपद्रवियों को खदेड़ती रही पुलिस

## पांच घंटे तक चला उपद्रव, चपेट में आए कई इलाके, जिले में हाई अलर्ट, प्रमुख स्थानों पर पुलिस तैनात

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच

**अमृत विचार :** बहराइच के महाराजगंज कस्बे में सोमवार की सुबह शुरू हुई हिंसा की चपेट में बेड़नापुर, भगवानपुर, रमपुरवा बाजार, गौरीशंकरपुरवा समेत कई इलाके आ गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पांच घंटे तक उपद्रव किया। राहगीरों को भी नहीं बख्शा, उनकी पिटाई कर दी। उपद्रवी तोड़फोड़ और आगजनी करते रहे और पुलिस लाठी भांजकर उन्हें खदेड़ती रही। इस दौरान इलाकाई लोग घरों में कैद रहे।

महाराजगंज हिंसा के बाद पूरे बहराइच जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। प्रमुख स्थानों पर पुलिस व पीएसी के जवान तैनात कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने अपील की है कि लोग संयम बरतें, कोई समस्या नहीं है। छोटी छोटी बात को लेकर कोई विवाद न करें। एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि बाबागंज, नानपारा, रूपईडीहा, मोतीपुर में भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। फोर्स लगातार गश्त कर रही है। पीएसी भी तैनात की गई है।



महाराजगंज में उपद्रव के बाद पीएसी के साथ मार्च करती पुलिस।



महाराजगंज में उपद्रवियों द्वारा फूंकी गई बाइक।



महाराजगंज में उपद्रवियों द्वारा लगाई आग बुझाता दमकलकर्मी।



उपद्रव के दौरान आरोपी को दबोचते पुलिसकर्मी।



हिंसा पर नियंत्रण की रणनीति बनातीं डीएम और एसपी।

### छत पर भगवा लहराने के 25 मिनट बाद हुई हत्या

**अमृत विचार, लखनऊ/बहराइच :** महसी तहसील इलाके के महाराजगंज बाजार में एक संप्रदाय से जुड़े व्यक्ति की छत पर धार्मिक झंडा लगा था। उसे रामगोपाल ने हटाया और भगवा झंडा लगा दिया। नारेबाजी भी की। स्थानीय लोगों के मुताबिक भगवा झंडा लगाने के 25 मिनट बाद ही रामगोपाल की हत्या कर दी गई। भगवा झंडा फहराने से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस तरह के वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो की जांच करवाई जायेगी। इसके बाद ही घटना के कारणों का पता चल सकेगा।

**वीडियो हुआ वायरल जांच कर रही पुलिस**



वायरल वीडियो का अंश।

#### मौके से भाग गए एसडीएम, नहीं दी गाड़ी

रामगोपाल को अस्पताल ले जाने के लिए लोगों ने जब एसडीएम से गुहार लगाई तो वह भाग गए। बाइक से किसी तरह से रामगोपाल को अस्पताल ले जाना पड़ा। एसडीएम की इस हरकत से परिजन आक्रोशित हैं। चचेरे भाई ने बताया कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही से वारदात हुई। रामगोपाल को अस्पताल पहुंचाने के लिए एसडीएम से मदद मांगी गई तो उन्होंने अपनी गाड़ी देने से मना कर दिया। वहां से भाग गए। परिजन ने कहा कि अगर एसडीएम अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचा देते तो शायद जान बच जाती। सोमवार को जब एसडीएम गांव पहुंचे तो आक्रोशित लोगों ने खदेड़ दिया।

### महाराजगंज में डटे मंडल-प्रदेश स्तर के अधिकारी

महाराजगजं में ही जिले, मंडल और प्रदेश के अधिकारियों ने कैंप कर दिया है। सोमवार दोपहर तीन बजे तक बवाल चलता रहा। उपद्रव पर नियंत्रण के लिए एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश , आईजी केएस प्रताप सिंह, डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह, मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील, डीएम मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम, सीओ महसी, बस्ती सीओ मौजूद रहे।

### एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने शुरू की पुलिस लाइन में बैठक

महाराजगंज कस्बे में जुए उपद्रव के संबंध में एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता ने जिले और मंडल के अधिकारियों के साथ सोमवार शाम को पुलिस लाइन में बैठक शुरू कर दी है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर रामानंद कुशवाहा, जिले के पुलिस क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे।

### हिंसा में 12 घायल, अधिक लोगों के चोटिल होने की आशंका

हिंसा में घायल हुए सुधाकर तिवारी (45), सत्यवान (40), अखिलेश वाजपेयी (55) विनोद मिश्रा (60), लाल विश्वकर्मा (55) समेत 12 से अधिक लोग घायल हो गए। इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनुमान जताया जा रहा है कि घायलों की संख्या इससे कहीं अधिक है। ज्यादातर का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### बाबागंज में पुलिस ने जुलूस रोका, लोगों में नाराजगी

**अमृत विचार, बाबागंज :** बाबागंज में हिंदू समाज के लोगों द्वारा निकाले गए जुलूस को चौकी इंचार्ज और रूपईडीहा थाने की पुलिस ने रोक दिया। इससे लोगों में नाराजगी दिखी। हालांकि प्रत्यक्ष रूप से किसी ने विरोध नहीं जताया।

# पांच घंटे तक तहसील मुख्यालय पर शव रखकर प्रदर्शन-हंगामा

## आरोपियों को फांसी और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की कर रहे थे मांग | विधायक ने मुख्यमंत्री योगी से कराई बात, उनके आश्वासन पर दोपहर दो बजे हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता, बहराइच/लखनऊ

**अमृत विचार :** विसर्जन यात्रा के दौरान हुए बवाल के दौरान रेहुआ मंसूर गांव के रामगोपाल मिश्रा की मौत के बाद उसका शव लेकर परिजन और ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय महसी पर सुबह से दोपहर तक करीब पांच घंटे प्रदर्शन किया। वे आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने और उनके मकान पर बुल्डोजर चलाने की मांग कर रहे थे। स्थानीय भाजपा विधायक द्वारा फोन पर कराई गई बातचीत में मुख्यमंत्री योगी के आश्वासन पर ही वे शांत हुए और दोपहर बाद दो बजे अंतिम संस्कार हुआ। मुखाग्नि बड़े भाई ने दी।

रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकलने के दौरान महसी के महाराजगंज बाजार में हुए बवाल के दौरान हुई मौत के बाद रविवार देर रात रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सुबह 7.30 बजे शव घर पहुंचा। इसके बाद हजारों की भीड़ शव लेकर तहसील मुख्यालय महसी पहुंच गई। यहां पर सभी ने शव रखकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को बुलवाने, आरोपियों के विरुद्ध बुलडोजर की कार्यवाई करने और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करने लगे। दोपहर तक प्रदर्शन चलता रहा।

भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर वार्ता कर मांग के बारे में बताया। विधायक ने सभी मांग पूरी होने की बात परिवार के लोगों से कहीं। डीएम मोनिका रानी और पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने भी परिवार के लोगों को आश्वासन दिया। इसके बाद शांत हुए ग्रामीण दोपहर 12.30 बजे शव लेकर गांव पहुंचे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दोपहर दो बजे शव का अंतिम संस्कार हुआ। बड़े भाई हरि मिलन मिश्रा ने शव को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान गांव के लोगों की काफी भीड़ रही। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। मालूम हो कि मृतक राम गोपाल की शादी छह माह पूर्व ही हुई थी। पिता काफी बुजुर्ग हैं।



डीएम-एसपी से जानकारी लेते एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश और सचिव गृह संजीव गुप्ता ।

### विधायक सुरेश्वर सिंह बोले, जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलेगा

रामगोपाल मिश्रा के अंतिम संस्कार में पहुंचे भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि जरूरत पड़ी तो आरोपियों के घरों पर बुलडोजर भी गरजेगा। अभी संयम रखने की जरूरत हैं। सरकार इस मामले में लगातार निगरानी कर रही है। जिसकी लापरवाही होगी उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि रामगोपाल उनके बेटे जैसा था। परिवार के साथ भाजपा और वह स्वयं खड़े हैं।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800–2850 आर.आर.21. 2900–2950 गेहूंफारम 3050–3100 जौ 2300 –2400 ज्वार 2000 –4000 बाजरा 2250–2300 मकाई 2400 –2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 –7000 अरहर 7500 –8200 मसूर 5500 –5600 मटर 3300 –3400 उड़दहरा 11500 –12000 उड़दकाला 7500 –8500 मूंग 7500 –8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14900–15000 अरहरस्पेशल 11500–11600 चनादाल 8700–8800 मटरदाल 4300–4400 मसूरमलका 7350–7400 मसूरदाल 7550–7600 उड़ददाल 9000– 13500 उड़द धोवा 10000– 12500 मूंगदाल 8500 –9700 मूंग धोवा 9500–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01. 10500–11000 सेला 3000 –4000 बासमती न02. 7000 –8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600–1700 मैदा 1670–1720 सूजी 1700–1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570–1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900–6000 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 10500– 11000 मूंगफलीदानाषिवपुरी 9400– 11500 बटाली 8500 –11000 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14700–14800 अलसी 125600– 12600 अण्डी 14000–14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1975–1984 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600–2625 अलसी 4800–4900 अण्डी 1400– 1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1975–1963 मयूर 1975–1963 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 4000–4100 मंगलौरलड्डू 4700–4750 देशीभेली 4400–4500 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200–4260 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000–60100

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93400 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 78150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 58250–58450 |

# खुदरा मुद्रास्फीती नौ माह के उच्चतम स्तर 5.49% पर

## खाद्य कीमतों में तेजी के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में आया उछाल

- आरबीआई की नीतिगत ब्याज दर में भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल

नयी दिल्ली, एजेंसी

विशेष रूप से खाद्य कीमतों में तेजी के चलते देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितंबर 2024 में उछल कर 5.49% पर पहुंच गयी। यह खुदरा मुद्रास्फीति का नौ माह का उच्चतम स्तर है और इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नीतिगत ब्याज दर में निकट भविष्य में कटौती की उम्मीद धूमिल हो सकती है।

अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति 3.65% थी। आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति को 4% या हद से हद 2% ऊपर-नीचे की सीमा में बनाए रखना



चाहता है। सितंबर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति क्रमशः 5.87 और 5.05% रही। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार सितंबर, 2024 में मुद्रास्फीति दर में उछाल मौसम की स्थिति के कारण विशेष रूप से सब्जियों और अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों के ऊंचा बने रहने के साथ साथ तुलनात्मक आधार के प्रभाव के कारण भी है।

### आरबीआई की थी घोषणा

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति पिछले महीने के 5.66 से बढ़कर 9.24% हो गई। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने पिछले सप्ताह नीतिगत रेपो दर को नौवीं बार 6.50% पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया, जबकि कुछ तिमाहियों में दर में कटौती की चर्चा थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि सितंबर के लिए खुदरा मुद्रास्फीति में खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में तेजी से बड़ा उछाल देखा जा सकता है। आरबीआई का कहना कि 2023-24 में प्याज, आलू और चना दाल (ग्राम) के उत्पादन में कमी का बाजार पर प्रभाव बना हुआ है।

# एसएमई : देश के आर्थिक विकास के लिए प्रेरक

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आधार हैं। ये उद्यम नवाचार, रोजगार सृजन और समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एसएमई में निवेश से उच्च विकास की संभावनाएं, विविधता और अर्थव्यवस्था को समर्थन मिलता है। इन निवेशों के साथ जोखिम भी होते हैं, जैसे आर्थिक अस्थिरता और प्रतिस्पर्धा। सही शोध और रणनीति के साथ, नए निवेशक एसएमई में अवसरों का लाभ लेसकते हैं इस पर आइये गौर करें ...

- **सूक्ष्म उद्यम :** जिनमें 10 कर्मचारी और सालाना टर्नओवर निश्चित सीमा (जैसे 2 करोड़) होता है।
- **लघु उद्यम :** जिनमें 10 से 50 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर लगभग 10 करोड़ तक होता है।
- **मध्यम उद्यम :** जिनमें 50 से 250 कर्मचारी होते हैं और टर्नओवर 10 से 50 करोड़ के बीच होता है।

### कंपनियां

- विनिर्माण
- सेवा उद्योग
- कृषि
- खुदरा
- आईटी और टेक्नोलॉजी



### निवेश के लाभ

- **उच्च विकास की संभावना :** एसएमई अक्सर नवाचार के लिए प्रेरित होते हैं और इसलिए उनमें विकास की अच्छी संभावनाएं होती हैं।
- **निवेश में विविधता :** छोटे और मध्यम उद्यमों में निवेश करने से आपका पोर्टफोलियो विविध हो सकता है।
- **स्थानीय अर्थव्यवस्था का समर्थन :** एसएमई स्थानीय समुदायों में रोजगार पैदा करते हैं और आर्थिक विकास में मदद करते हैं।

### जोखिम

- **आर्थिक अस्थिरता :** छोटे उद्यम अक्सर आर्थिक परिवर्तनों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।
- **सीमित संसाधन :** इसमें पूंजी, तकनीकी और मानव संसाधनों की कमी होती है।
- **प्रतिस्पर्धा :** बड़े कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो सकता है।

### कैसे करें निवेश

- **शोध करें :** एसएमई के व्यापार मॉडल, मार्केटिंग रणनीतियों और वित्तीय स्थिति का विश्लेषण करें।
- **नेटवर्किंग :** स्थानीय व्यापार संघों, निवेश फोरम और प्रदर्शनी में भाग लें।
- **मूल्यांकन :** निवेश से पहले व्यवसाय योजना को अच्छी तरह से समझें।

## सोना फिर 78,700 के उच्चस्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों और व्यापारियों की सतत लिवाली के कारण सोमवार को सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। हालांकि, वैश्विक स्तर पर सोने में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को सोना 78,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी 500 रुपये बढ़कर 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले बंद भाव में यह 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# सीमा पार धन प्रेषण की लागत व समय कम करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी



- आरबीआई के गवर्नर ने की वकालत, आईओएम के रिपोर्ट अनुसार, भारत का धनप्रेषण 111 अरब डॉलर

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने सोमवार को विदेश भेजे जाने वाले धन में लगने वाले समय और लागत को कम करने की वकालत की, जो भारत सहित कई विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है। अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) द्वारा जारी विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पिछले वर्ष भारत का धनप्रेषण अन्य सभी देशों से आगे बढ़कर 111 अरब डॉलर हो गया।

बैंक ऑफ इंग्लैंड के अनुमान के अनुसार, वैश्विक सीमा पार भुगतान का मूल्य 2027 तक 250 लाख करोड़ डॉलर से अधिक होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सीमा पार श्रमिकों द्वारा भेजे जाने वाले धन की महत्वपूर्ण मात्रा, पूंजी के सकल प्रवाह का बढ़ता आकार और सीमा पार ई-कॉमर्स के बढ़ते महत्व ने इस वृद्धि में उत्प्रेरक का काम किया है। दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन में कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण शुरुआती बिंदु है। हमारा मानना है कि ऐसे धन प्रेषणों की लागत और समय को महत्वपूर्ण रूप से कम करने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था से तलाशी जा सकती है। भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के विस्तार के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। इनमें प्रोजेक्ट नेक्सस भी शामिल है, जो चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत की घरेलू त्वरित भुगतान प्रणालियों (आईपीएस) को जोड़कर सीमा पार खुदरा भुगतान को सक्षम करने के लिए बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है।

# चीन के मुकाबले 5 वर्ष में भारतीय बाजार ने दिया अच्छा रिटर्न : सेबी

मुंबई, एजेंसी

- घरेलू शेयर बाजार ने लगातार 15% रिटर्न दिया, जबकि चीन में यह शून्य
- सेबी ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण ने सोमवार को निवेशकों से कहा कि घरेलू शेयर बाजार ने पांच साल में लगातार 15% रिटर्न दिया है, जबकि चीन में यह शून्य है और कई मामलों में तो गिरावट रही है। नारायण ने कम जोखिम पर अधिक रिटर्न देने वाले भारतीय बाजार को सोने पे सुहागा बताते हुए निवेशकों के लिए सावधानी के कुछ क्षेत्रों को भी चिह्नित किया और उन्हें जोखिमों के प्रति सचेत रहने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों में चीन के बाजारों के बारे में काफी चर्चा हो रही है। लेकिन पांच साल में भारतीय बाजार ने लगातार लगभग 15% सालाना का रिटर्न दिया है। वहीं चीन इसके आसपास भी नहीं हैं। वहां रिटर्न शून्य है। वास्तव में हांगकांग जैसे कुछ मामलों में निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा है। नारायण ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निवेशक जागरूकता सप्ताह की शुरुआत के कार्यक्रम में कहा कि 2023-24 भारत के लिए उल्लेखनीय वर्ष था। इसमें सूचकांकों ने 28% का रिटर्न दिया है।



## एक नजर

### असम : चार करोड़ मूल्य की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में गुवाहाटी के उपनगरीय इलाके में सोमवार को ट्रक से चार करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई और इस सिलसिले में असम पुलिस के विशेष कार्य बल ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। नागालैंड से गुवाहाटी की ओर मादक पदार्थ ले जाने की सूचना पर पुलिस ने जोराबाट के निकट अभियान चलाया और ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान पुलिसकर्मियों ने 537.2 ग्राम हेरोइन से भरे साबुन के 45 डिब्बे बरामद किए, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत चार करोड़ से अधिक है।

### कोविड-19 रोधी टीकों के दुष्प्रभाव वाली याचिका रद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 रोधी टीका लगाने से खून में थक्का बनने जैसे दुष्प्रभाव होने का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के इरादे से दायर की गई है। इस पर कार्रवाई के लिए मुकदमा दायर करें। इसका क्या उपयोग है? कृपया यह भी समझें कि अगर आप टीका नहीं लेते हैं तो इसका क्या दुष्प्रभाव होगा।

### कोर्ट से केंद्र ने कहा- चारधाम परियोजना 75 प्रतिशत पूर्ण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि सामरिक रूप से अहम उत्तराखंड की चारधाम परियोजना के तहत आवंटित ठेके का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इसके तहत चीन तक यातायात के लिए सड़क बनाई जा रही है। सामरिक रूप से अहम 900 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड के चार पवित्र धामों यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ को साल पर चालू रहने वाली सड़कों से जोड़ना है। केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत द्वारा गठित निगरानी समिति ने उच्चतम न्यायालय को दो रिपोर्ट दाखिल की हैं।

### आबकारी मामला: अभिषेक की जमानत मंजूर की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत अर्जी सोमवार को मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने अंतरिम जमानत के पहले के आदेश को नियमित जमानत में तब्दील किया। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध नहीं किया।

# कांग्रेस चला रही भू हड़प आंदोलन

## राहुल खरगे के जमीन आवंटन अनुरोध को वापस लेने पर भाजपा ने घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष के बेटे राहुल ने सिद्धारमैया की पत्नी के भूखंड लौटाने के बाद ये कदम उठाया
- भाजपा ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया

भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व भूमि सौदों से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त है और पोल खुलने के बाद उसे नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए। भाजपा ने कांग्रेस पर ऐसे समय हमला किया जब कर्नाटक में सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल एम. खरगे ने बहु-कौशल विकास, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र के लिए बेंगलुरु में पांच एकड़ जमीन आवंटन के अनुरोध को वापस ले लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे राहुल का यह कदम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती द्वारा मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण को 14 भूखंड लौटाने के बाद आया है। लोकायुक्त पुलिस ने इस मामले को लेकर सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये फैसले नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की प्रतिकूल रिपोर्ट और कानूनी कार्यवाही पर लिए गए हैं और एक तरह से यह उसके नेताओं की स्वीकारोक्ति है कि भू आवंटन गलत था।

त्रिवेदी ने सिद्धारमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर जमीन घोटालों का आरोप लगाया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछा कि उनकी मोहब्बत की दुकान अब अवैध प्रॉपर्टी डीलर की दुकान में कैसे तब्दील हो गई?

### भूमि हड़पने का कार्य कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर

त्रिवेदी ने खरगे और सिद्धारमैया के परिवार द्वारा जमीन लौटाने का उल्लेख करते हुए कहा कि यह उनकी स्वीकारोक्ति है। सत्ता का दुरुपयोग करके भूमि को हड़पने का कार्य कर्नाटक में कांग्रेस में सर्वोच्च स्तर पर हो रहा था। उन्होंने कांग्रेस से सवाल किया कि सिर्फ जमीन लौटाने से काम नहीं चलेगा। नैतिकता के आधार पर जिन्होंने जमीन वापस की, क्या उन्हें इस्तीफा नहीं देना चाहिए? त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महात्मा गांधी और विनोबा भावे के भूदान से जुड़ी पार्टी अब सोनिया और राहुल गांधी की प्रेरणा से भू हड़प आंदोलन चला रही है। जमीन को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और कमलनाथ तथा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार समेत अन्य के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं।

## उप्र के सीएम ने भी अपने मुकदमों को वापस लिया था : परमेश्वर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने 2022 में हुबली में हुए दंगे के आरोपियों पर से मुकदमे वापस लेने का सोमवार को बचाव करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी खुद पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया था। उत्तरी कर्नाटक के हुबली में 16 अप्रैल 2022 को दंगे के दौरान पुलिस पर पत्थरबाजी की आरोपी भीड़ पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ भाजपा फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन कर रही है। इस बारे में सवाल किए जाने पर परमेश्वर ने यह टिप्पणी की।



सूत्रों ने बताया कि परमेश्वर को अंजुमन-ए-इस्लाम द्वारा दी गई अर्जी के बाद मंत्रिमंडल ने 43 मामलों को वापस लिया, जिनमें हुबली का मामला भी है। परमेश्वर ने कहा कि मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद अदालत को जानकारी दी गई है। अगर अदालत इसे स्वीकार कर लेती है तो मामले वापस हो जाएंगे। हम सतर्कता से प्रक्रिया का पालन करेंगे। हम मामले केवल इसलिए वापस नहीं लेंगे क्योंकि किसी ने ऐसा करने के लिये कहा है।

# मेक इन इंडिया अब बनकर रह गया फेक इन इंडिया : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र सरकार का किया घेराव, बोली- इसके उद्देश्य साबित हुए जुमले

कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि मेक इन इंडिया की शुरुआत के समय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने इसके जो उद्देश्य बताए थे वे जुमले साबित हुए हैं और मेक इन इंडिया अब फेक इन इंडिया बन गया है। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि पिछले दशक में हमारे देश का आर्थिक नीति निर्माण स्थिर, पूर्वानुमान एवं समझदारी से भरा नहीं रहा है।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया कि मेक इन इंडिया की घोषणा के साथ प्रधानमंत्री ने चार उद्देश्य तय किए गए थे। उनकी स्थिति क्या है, इसे लेकर पड़ताल- पहला जुमलाः भारतीय उद्योग की विकास दर बढ़ाकर 12-14% प्रति वर्ष करना। हकीकत में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर औसतन 5.2% है। दूसरा जुमला : 2022 तक औद्योगिक क्षेत्र में 10 करोड़ नौकरियां पैदा करना। हकीकत : श्रमिकों की संख्या 2017 में 5.13 करोड़ थी, जो गिरकर 3.56 करोड़ हो गई। तीसरा ्र : 2022 तक और 2025 तक निर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को जीडीपी के 25% ले जाएंगे। हकीकत में विनिर्माण का हिस्सा 2011-12 में 18.1 प्रतिशत था। यह गिरकर 14.3 प्रतिशत रह गया है।

# आईएएस और मंत्री से जुड़े लोगों के परिसरों पर ईडी ने मारा छापा

रांची, एजेंसी

### जल जीवन मिशन घोटाला

- योजना में अनियमितताओं को लेकर धनशोधन के मामले में रांची में कई स्थानों पर हुई कार्रवाई

ईडी ने झारखंड में जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं को लेकर धनशोधन के मामले की जांच में सोमवार को रांची में कई स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि रांची में 20 से अधिक जगहों पर तलाशी ली जा रही है तथा चाईबासा और पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी कुछ स्थानों पर छापे मारे गए।

उन्होंने कहा कि ईडी पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के स्टाफ में शामिल आईएएस अधिकारी मनीष रंजन, उनके भाई, कुछ सरकारी अधिकारियों, ठेकेदारों और व्यापारियों के परिसरों की भी तलाशी ली। रंजन भूमि, सड़क और भवन विभाग के सचिव हैं तथा ईडी उनसे पहले भी धनशोधन के अलग मामले में पूछताछ कर चुका है, जिसमें उसने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा चुनाव आने से ये जारी रहेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी भाजपा के सक्रिय सदस्य झारखंड का दौरा कर रहे हैं।

# अनशन जारी, दो और डॉक्टरों की हालत बिगड़ी

### आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

आरजी कर अस्पताल की घटना के बाद मांगों को लेकर चिकित्सकों का आमरण अनशन सोमवार को 10वें दिन भी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि इस बीच दो और चिकित्सकों की तबीयत बिगड़ गयी और उनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पुलस्थ आचार्य को पेट में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि पुलस्थ



मांगों को लेकर रैली निकालते डॉक्टरों के साथ लोग।

क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती हैं। हमने इलाज के लिए चिकित्सा बोर्ड का गठन किया है। कोलकाता मेडिकल कॉलेज की एक और चिकित्सक तान्या पंजा की भी दोपहर को तबीयत बिगड़ गयी है, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत है। वहीं प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने सोमवार को धर्मतला के पास डोरिना चौराहे से यह मार्च निकाला जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए।

## वक्फ पर संसदीय समिति की बैठक का किया बहिष्कार

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति की बैठक का सोमवार को बहिष्कार करते हुए आरोप लगाया कि समिति नियम-कानून के अनुसार काम नहीं कर रही है। कांग्रेस के गौरव गोगोई और इमरान मसूद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के असदुद्दीन ओवैसी, सपा के मोहिबुल्लाह और आप के संजय सिंह जैसे विपक्षी सांसद बैठक से बाहर निकल गए और इसकी कार्यवाही को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। सावंत ने कहा कि विधेयक पर गौर कर रही संयुक्त समिति नियमों के मुताबिक काम नहीं कर रही है। अन्य सांसदों ने आरोप लगाया कि समिति के समक्ष उपस्थित व्यक्ति को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जैसे वरिष्ठ सदस्यों पर आरोप लगाने की अनुमति दी गई।

## मोदी पर टिप्पणी : थरूर पर मानहानि की कार्यवाही को लेकर रोक बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मानहानि मामले में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक सोमवार को चार सप्ताह के लिए बढ़ा दी। यह मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाकर कथित शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी के विरुद्ध दायर मानहानि याचिका से जुड़ा है।



न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने दिल्ली पुलिस और शिकायतकर्ता को थरूर की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। पीठ ने निर्देश दिया कि मानहानि की कार्यवाही पर रोक अंतरिम आदेश जारी रहेगा।

# बीएनएस में आईपीसी की धारा 377 के समान प्रावधान बाहर करने के खिलाफ याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में, वह निर्देश नहीं दे सकता

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से अप्राकृतिक यौन संबंध के अपराधों के लिए दंडात्मक प्रावधानों को बाहर करने के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। बीएनएस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) का स्थान लिया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह मुद्दा संसद के क्षेत्राधिकार में आता है और वह इस मामले में कोई निर्देश नहीं दे सकती। पीठ ने याचिकाकर्ता को सरकार से संपर्क की अनुमति देते हुए कहा कि हम संसद को कानून बनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। आईपीसी की धारा 377 के तहत दो वयस्कों के बीच गैर-सहमति से अप्राकृतिक यौन संबंध, नाबालिगों के साथ यौन क्रियाएं और पशुगमन को दंडित किया जाता है।

## तेलंगाना के मंदिर में मूर्ति को तोड़ने से तनाव

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सिकंदराबाद जिले के मोंडा मार्केट में मुथ्यालम्मा मंदिर में शरारती तत्वों के मंदिर में मूर्तियों को तोड़ने के बाद जिले में तनाव व्याप्त है। घटना की जानकारी के बाद लोग ने गुस्सा और रोष व्यक्त किया। पुलिस ने स्थिति को देखते हुए बल तैनात किया है। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद पुलिस आयुक्त सीवी आनंद के साथ स्थिति का आकलन करने के लिए मंदिर का दौरा किया। किशन रेड्डी ने पुलिस अधिकारियों से घटना का ब्योरा भी मांगा।

# मुंबई में प्रवेश करने वाले हल्के मोटर वाहनों पर नहीं लगेगा टोल शुल्क

मुंबई, एजेंसी

- महाराष्ट्र सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लिया निर्णय

महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में प्रवेश के लिए सभी पांच टोल बूथ पर हल्के मोटर वाहनों के लिए टोल शुल्क पूरी तरह समाप्त करने की सोमवार को घोषणा की और यह फैसला आज मध्यरात्रि से लागू हो जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल के मुंबई में सोमवार सुबह हुई बैठक में टोल शुल्क समाप्त करने की अनुमति देने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि टोल बूथ पर यातायात जाम से टोल शुल्क समाप्त करने की मांग थी। एक अधिकारी ने बताया कि यह कदम आगामी राज्य विधानसभा चुनाव से पहले लिया गया है। टोल शुल्क समाप्त करने से दिवाली से पहले मुंबई आने और जाने वालों को राहत मिलेगा।यात्री पांच बूथ दहीसर, एलबीएस रोड-मुलुंड, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे-मुलुंड, एरोली क्रीक ब्रिज और वाशी पर टोल दिए बिना यात्रा कर सकेंगे।





# विराट में अब भी बाकी है रनों की भूख : गंभीर

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में 16 से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होगा पहला टेस्ट



बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा है कि उनमें रनों की भूख पहले की तरह ही बरकरार है एवं खेल के शीर्ष पर एक दशक से अधिक समय के बाद भी बल्ले से रन बनाने की उनकी इच्छा कम नहीं हुई है।

टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने 16 अक्टूबर से चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले कोहली के समर्पण की जमकर तारीफ की। विराट टेस्ट क्रिकेट में 9,000 रन बनाने के उल्लेखनीय मुकाम हासिल करने के काफी करीब है। गंभीर ने विराट के शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा मुझे श्रीलंका में उनके डेब्यू टेस्ट में उनके साथ ओपनिंग करना याद है। उनकी भूख हमेशा बनी रहती है, और यही बात उन्हें विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है। विराट अपने दृढ़ निश्चय के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने लगातार यह साबित भी किया है कि सफलता के लिए उनकी भूख खत्म नहीं होती है। गंभीर ने इस बात पर जोर देते हुए कहा वह हमेशा अधिक रन बनाने के लिए भूखे रहते हैं और उनकी यह भूख कभी कम नहीं होती। मुझे यकीन है कि वह भारत में आगामी श्रृंखला और ऑस्ट्रेलिया दौरे में बल्ले से ज्यादा रन निकालने के लिए उत्सुक होंगे। उन्होंने कहा कि भारत तीन मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज़ के लिए तैयार है उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का चुनौतीपूर्ण दौरा होगा। विराट का अनुभव और टीम के लिए उनका समर्पण महत्वपूर्ण साबित होगा। विराट ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 114 मैच खेलते हुए 8871 रन बनाए है जिसमें 29 शतक और सात दोहरा शतक शामिल है। उन्हें 9000 रन का बैरियर पार करने के लिए 140 रन की जरुरत है।

### जितना जोखिम, उतना फायदा, बल्लेबाजों पर कोई लगाम नहीं



**बेंगलुरु।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजों पर लगाम नहीं लगाएंगे क्योंकि जितना अधिक जोखिम लिया जाएगा उतना ही फायदा भी होगा। भारत ने हाल में बारिश से प्रभावित कानपुर टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ इसी तरह का रवैया अपनाया था। इस मैच में बारिश के कारण दो दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी लेकिन भारत ने आखिर में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। गंभीर ने कहा कोई ऐसा दिन भी होगा जब हमारी टीम 100 रन पर आउट हो जाए लेकिन हमें इसे स्वीकार करना होगा। हम अपने खिलाड़ियों को जोखिम से भरी क्रिकेट खेलने के लिए समर्थन जारी रखेंगे। हम इसी तरह से आगे बढ़ना चाहते हैं तथा कैसी भी परिस्थिति हो परिणाम हासिल करना चाहते हैं। गंभीर ने हालांकि तुरंत ही कहा की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना उनकी टीम के लिए आगे भी महत्वपूर्ण बना रहेगा। मैंने चेन्नई में कहा था कि हम एक ऐसी टीम चाहते हैं जो एक दिन में 400 रन बनाए तथा दो दिन तक बल्लेबाजी करके मैच ड्रॉ करा सके। इसे ही आगे बढ़ना कहा जाता है। इसे परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना कहा जाता है। यही टेस्ट क्रिकेट है। अगर आप हमेशा एक ही ढर्रे पर बने रहते हैं तो फिर आगे नहीं बढ़ सकते। गंभीर को विश्वास है कि उनके खिलाड़ी अपनी सीमा से आगे निकलने के टीम के रवैये पर कायम रहते हुए किसी भी परिस्थिति से पार पाने की क्षमता रखते हैं।

### जरूरी है अश्विन और जडेजा के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी : रचिन रविंद्र



**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने सोमवार को कहा कि अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के दोहरे खतरे से निपटना भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगा। अश्विन और जडेजा ने टेस्ट में मिलकर 800 से अधिक विकेट हासिल किए हैं। यह दोनों वर्तमान में विश्व क्रिकेट में सबसे अनुभवी गेंदबाजी जोड़ियों में से एक हैं। रचिन ने कहा वे लंबे समय तक एक क्षेत्र में गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं। मेरा मतलब है आप दो स्पिनरों को देखते हैं जो लगातार खेलते हैं। अश्विन और जडेजा दोनों बहुत ही कुशल गेंदबाज हैं। आप जानते हैं कि वे बल्लेबाजी भी कर सकते हैं जिससे प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए परिस्थितियां थोड़ी कठिन हो जाती है। वे निरंतर अच्छी गेंदबाजी करते हैं। खासकर दुनिया के इस हिस्से में उनके खिलाफ अच्छा संघर्ष होगा। हम जानते हैं कि भारत घरेलू परिस्थितियों में अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की गुणवत्ता में कितना अच्छा है। इससे पता चलता है कि किसी टीम के लिए यहां आकर जीतना कितना कठिन है।



### खेल के शानदार विचारक हैं कोच गौतम गंभीर : स्टार्क

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने गौतम गंभीर की रणनीतिक सूझबूझ की सराहना करते हुए कहा कि भारत के कोच खेल के शानदार विचारक हैं जो टीम की जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं और तकनीक तथा क्षेत्ररक्षण सजाने में समायोजन के माध्यम से लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। एक खिलाड़ी के रूप में स्टार्क ने इस साल की शुरुआत में इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के तत्कालीन मेंटर गंभीर के साथ काम किया था। गंभीर के मार्गदर्शन में केकेआर ने सबसे प्रभावशाली सत्रों में से एक का आनंद लिया और 10 साल के अंतराल के बाद खिताब जीता। स्टार्क ने कहा कोलकाता में अपने अनुभव से बोलते हुए, वह खेल के शानदार विचारक हैं। वह हमेशा प्रतिद्वंद्वी के बारे में सोचते हैं और गेंदबाजी आक्रमण के रूप में उन्हें कैसे आउट करना है या बल्लेबाजी आक्रमण के रूप में कैसे रन बनाना है। हमेशा टीम की एकाग्रता के बारे में है और तकनीक या क्षेत्ररक्षण सजाने या किसी भी चीज में छोटी-छोटी चीजों पर कैसे ध्यान दिया जाए।



## खेल डायरी

### कुसाले को महाराष्ट्र सरकार ने किया सम्मानित

**मुंबई।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले को सोमवार को महाराष्ट्र सरकार ने दो करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया। राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कुसाले और अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कुसाले ने पेरिस ओलंपिक की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की गोला फेंक एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड तोड़कर रजत पदक जीतने वाले एथलीट सचिन सरजेराव खिलारी को इस अवसर पर तीन करोड़ रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को भी 20 से 30 लाख रुपये तक के चेक देकर सम्मानित किया गया।

### डल्लास काउब्वॉयज ने तेंदुलकर को किया सम्मानित



**ह्यूस्टन।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का यहां डल्लास काउब्वॉयज एनएफएल मैच के दौरान टीम के मालिक जैरी जोंस ने दस नंबर की जर्सी भेंट करके सम्मान किया। अमेरिकी में क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता में तेंदुलकर ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के जरिए योगदान दिया है। एनसीएल के सह मालिक तेंदुलकर अमेरिका में नये दर्शकों तक क्रिकेट को पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं। एनएफएल के सबसे मशहूर केंद्रों पर उनका सम्मानित होना क्रिकेट और अमेरिकी खेलों को करीब लाने की दिशा में अहम कदम है। एनसीएल में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ी जुड़े हैं। इनके अलावा सुनील गावस्कर, वसीम अकरम, विवियन रिचर्ड्स जैसे लीजैंड इसके मेंटर में से हैं।

### उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के चेयरमैन बने नीरज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह को उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन की विशेष आम सभा (एसजीएम) में सर्वसम्मति से चेयरमैन चुन लिया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी के विस्तार के साथ विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष अभिषेक प्रकाश (आईएएस) की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान विशेष रुप से उपस्थित उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने नीरज सिंह को चेयरमैन बनाने का प्रस्ताव किया जिसका पूरी कार्यकारिणी ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। सचिव प्रमोद कुमार ने बैठक के एजेंडा की जानकारी दी और कार्यकारिणी के विस्तार व कमेटियों के गठन पर मुहर लगाई गई। बैठक में सचिव प्रमोद कुमार व कोषाध्यक्ष डा.रोहित पाण्डेय ने जानकारी दी कि खेल के प्रसार में योगदान को देखते हुए बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के अध्यक्ष अतुल अग्निहोत्री को वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं बाक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ के सचिव सहदेव सिंह समन्वय समिति के चेयरमैन बनाये गए है।

### दिल्ली हाफ मैराथन में कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद

**नई दिल्ली।** इथोपिया के दो बार के 5000 मीटर के विश्व चैंपियन मुक्तार इदरिस के यहां 20 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष एलीट वर्ग में युगांडा के 10,000 मीटर के ओलंपिक चैंपियन जोशुआ चेपटेगई को कड़ी टक्कर देने की उम्मीद है।पेरिस ओलंपिक में 10 हजार मीटर का खिताब जीतने वाले 28 साल के चेपटेगई दिल्ली हाफ मैराथन में पदार्पण करेंगे। वह 10 हजार मीटर में तीन बार के विश्व चैंपियन हैं और हाफ मैराथन में उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 59 मिनट 21 सेकेंड है। चेपटेगई 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों में वर्तमान विश्व रिकॉर्ड धारक हैं और 15 किमी की दूरी का सर्वश्रेष्ठ समय भी उनके नाम है। उन्होंने भारत में टीसीएस विश्व 10के (10 किमी) बेंगलुरू में 2014 में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था और दूसरे स्थान पर रहे थे। चेपटेगई को इदरिस से चुनौती मिलेगी जो 2022 के बाद दिल्ली हाफ मैराथन में वापसी करेंगे। उन्होंने 2020 में दिल्ली हाफ मैराथन में 59 मिनट चार सेकेंड के प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ चौथा स्थान हासिल किया था। महिलाओं के एलीट वर्ग का नेतृत्व 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की 10,000 मीटर चैंपियन ग्रेट ब्रिटेन की इलिश मैकोलगन करेंगी। मैकोलगन के नाम 10 किमी की रोड रेस का यूरोपीय रिकॉर्ड है।

### पाकिस्तान के खिलाफ वनडे में अगुवाई करेंगे कमिंस

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस पाकिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच की शृंखला में फिर से अपने देश की अगुवाई करेंगे। पिछले साल नवंबर में भारत में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला अवसर होगा जबकि कमिंस वनडे टीम की कमान संभालेंगे। टेस्ट टीम में कमिंस के नियमित साथी तेज गेंदबाजों जोश हेज़लवुड और मिशेल स्टार्क को भी ऑस्ट्रेलिया की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टी-20 शृंखला में रन बनाने के लिए जूझने वाले सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर मैकगर्क को एक और मौका दिया है। मैकगर्क स्कॉटलैंड के खिलाफ दो मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे जबकि एक मैच में उन्होंने 16 रन बनाए थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 30 गेंद पर 50 रन बनाए लेकिन इसके बाद उन्हें पांच मैचों की शृंखला के लिए नहीं चुना था। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पहला मैच चार नवंबर को मेलबर्न, दूसरा मैच आठ को एडिलेड ओवल तथा तीसरा और अंतिम मैच 10 को पर्थ में खेला जाएगा।

## एचआईएल नीलामी: बेल्जियम के विक्टर 40 लाख रुपये में बिके

- सूरमा हॉकी क्लब ने लगाई सबसे ऊंची बोली, थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख रुपये में खरीदा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) खिलाड़ी नीलामी 2024-25 के लिए दूसरे दिन सोमवार को पहले हाफ में सूरमा हॉकी क्लब ने सबसे ऊंची बोली लगाकर बेल्जियम के विक्टर वेगनेज को 40 लाख रुपये में खरीदा गया।

आज यहां नीलामी के दूसरे दिन सभी आठ फ्रैंचाइजी टीमों ने बोली लगाई। विदेशी खिलाड़ियों में डेनमार्क की जोड़ी थिएरी ब्रिंकमैन को 38 लाख और आर्थर वैन डोरेन को 32 लाख रुपये में कलिंगा लांसर्स ने खरीदा। वहीं दिल्ली एसजी पाइपर्स ने टॉमस डोमेन को 36 लाख रुपये में, कलिंगा लांसर्स ने ऑस्ट्रेलिया के एरन जेलेव्स्की को 27 लाख रुपये में, तमिलनाडु ड्रैगन्स ने ब्लेक गोवर्स को 27 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया। इस दौरान कलिंगा लांसर्स ने मोरियांगथेम रबीचंद्र को 32 लाख और मोहम्मद राहील मौसीन को 25 लाख में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने खरीदा। आज पहले हाफ में कुल देशी विदेशी 51 खिलाड़ी बिके। इनमें शीर्ष बोली में विक्टर वेगनेज को सूरमा हॉकी क्लब ने 40 लाख में, थिएरी ब्रिंकमैन (नीदरलैंड) को कलिंगा लांसर्स ने 38 लाख रुपये में खरीदा गया।

## भारत के खिलाफ टेस्ट में चौथे नंबर पर लौटेंगे स्मिथ

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में अपने पसंदीदा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के इस साल संन्यास लेने के बाद से स्मिथ स्वेच्छा से पारी का आगाज कर रहे थे। उन्होंने नई भूमिका में दूसरे ही टेस्ट में नाबाद 91 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। बेली ने कहा पैट कमिंस, एंड्रयू मैकडोनाल्ड और स्टीव स्मिथ से लगातार बात हो रही है।

## बंगाल और यूपी ने खेला ड्रा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रणजी ट्राफी**

- प्रियम गर्ग के शानदार शतक से यूपी ने पश्चिम बंगाल से खेला ड्रा
- ईश्वरन ने भी लगाया शतक सुदीप रहे मैन आफ द मैच
- पश्चिम बंगाल को 3 व यूपी को मिला एक अंक



शतक के बाद यूपी के बल्लेबाज प्रियम गर्ग ने कुछ यूं मनाया जश्न।

**अमृत विचार :** इकाना स्टेडियम में खेला गया यूपी और पश्चिम बंगाल के बीच मुकाबला ड्रा हो गया। पहली पारी में बढ़त के आधार पर बंगाल को 3 जबकि यूपी को एक अंक से संतोष करना पड़ा।

पश्चिम बंगाल के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन ने नाबाद 127 रन की पारी खेलकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के चौथे दिन सोमवार को यहां बंगाल को मजबूत स्थिति में पहुंचाया लेकिन, प्रियम गर्ग की नाबाद शतकीय पारी से यूपी इस मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रहा। मैच में आज 274 रनों के जवाब में यूपी ने 79 रन के योग पर चार विकेट खो दिए थे। ऐसे में प्रियम गर्ग यूपी के लिए संकटमोटक बने। उन्होंने 105 रन की नाबाद शतकीय पारी खेली और टीम की हार को टाला।

इससे पहले पश्चिम बंगाल ने दूसरी पारी में बीते रविवार को बिना विकेट खोये 141 रन बनाये थे। पश्चिम बंगाल ने आज इसके आगे खेलना शुरू किया। प्लेयर ऑफ द मैच सुदीप चटर्जी (93 रन) उस समय आउट हो गए। तीन विकेट पर 254 रन बनाकर बंगाल ने पारी घोषित कर दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी की टीम छह विकेट पर 162 रन बना सकी। खराब रोशनी के कारण मैच रोक दिया गया। बंगाल की ओर से मुकेश और कैफ को दो-दो विकेट मिले।

## सिंधू और लक्ष्य सेन की नजर डेनमार्क ओपन में खोया फॉर्म हासिल करने पर

ओडेन्से (डेनमार्क), एजेंसी





- डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चीन के लू गुआंग झू से होगा लक्ष्य का सामना

भारतीय बैडमिंटन स्टार पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 850000 डॉलर ईनामी राशि के डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के जरिए फॉर्म में वापसी की कोशिश करेंगे। दोनों खिलाड़ियों का पिछले सप्ताह फिनलैंड के वांता में हुए आर्कटिक ओपन में प्रदर्शन औसत रहा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पहले ही दौर में बाहर हो गई जबकि 2021 विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता सेन दूसरे दौर में हार गए।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे सेन को चीनी ताइपे के चोउ तियेन चेन ने हराया था। अब यहां उनका सामना पहले दौर में चीन के लू गुआंग झू से होगा जिनसे उनकी पहली ही टक्कर है। दूसरे दौर में वह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से टकरा सकते हैं। विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से क्वार्टर फाइनल में टक्कर हो सकती है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा जो पहले दौर में कनाडा की मिशेले ली से हार गई थी। नए कोच अनूप श्रीधर और कोरिया के ली ह्यून इल के मार्गदर्शन में वह पहले दौर में चीनी ताइपै की पेइ यू पो से खेलेंगी। दूसरे दौर में उनका चीन की हान युइ से सामना हो सकता है।

## अगर कुछ मौके भुना पाते तो स्थिति अलग होती : मजूमदार

**शारजाह।** ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद महिला टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंचने की भारतीय टीम की उम्मीदों पर लगभग तुषारापात होने से दुखी मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि अगर टीम हाथ आये कुछ मौके भुना पाती तो नतीजा कुछ और होता। भारत को रविवार को करो या मरो के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने नौ रन से हराया।

मैच के बाद मजूमदार ने कहा हम आखिरी ओवर तक मैच में थे। ऑस्ट्रेलिया ने अपने अनुभव के दम पर बाजी मार ली। मैं इस हार से दुखी हूं। अगर वे मौके भुना लेते तो हालात अलग हो सकते थे।

## न्यूजीलैंड जीत के साथ अंतिम चार में पहुंची, पाकिस्तान बाहर

दुबई, एजेंसी

- महिला टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान की हार से खत्म हुई भारतीय टीम की उम्मीद

सूजी बेट्स (28), ब्रूक हैलिडे (22) की शानदार पारियों के बाद एमेलिया केर (तीन विकेट) और ईडन कार्सन (दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने सोमवार को महिला टी-20 विश्वकप के 19वें मुकाबले में पाकिस्तान को 54 रनों हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

आज के इस मुकाबले में 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम जिस तरह से 11.4 ओवर में 56 के स्कोर पर सिमट गई वह अपने आपमें आश्चर्यजनक रहा। पाकिस्तान के खिलाड़ियों ने क्षेत्ररक्षण के दौरान कई कैच छोड़े और उसके बाद बेमन से बल्लेबाजी करने उतरी। मैच के दौरान ऐसा लग रहा था जैसा कोई नयी टीम पहली बार क्रिकेट खेल रही हो। इससे पहले आज न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सूजी बेट्स और जॉर्जिया पलिमर की सलामी जोड़ी ने न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। न्यूजीलैंड छह विकेट पर 110 रन ही बना सकी।

## बॉलीवुड हलचल



### काजोल और कृति की दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल और कृति सैनन की आने वाली फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती में काजोल और कृति सैनन की अहम भूमिका है। फिल्म दो पत्ती,उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है।काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। फिल्म दो पत्ती का निर्माण कनिका ढिल्लों और कृति सेनन ने किया है। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कृति इस फिल्म में जुड़वा बहनों की दोहरी भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में शहीर शेख और तन्वी आजमी भी अहम भूमिका है। यह फिल्म 25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



### भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों करेंगी अच्छा प्रदर्शन : कार्तिक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि दीवाली पर एक साथ रिलीज होने वाली भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित स्टारर भूल भुलैया 3, 1 नवंबर को दीवाली के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसी अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने वाली है। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे से क्लैश कर रही है। भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन के क्लैश होने पर कार्तिक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यन ने कहा, दीवाली बहुत बड़ा हॉलिडे है। मुझे लगता है दो फिल्में आराम से चल सकती है सिंघम अगेन का एक्शन जॉनर है, हमारा कॉमेडी जॉनर है। अभी यहां पर दीवाली के अवसर पर दो फिल्में आ रही है, जिसका मुझे लगता है कि दोनों फिल्मों का फैंस ब्रेसबी से इंतजार कर रही है। मुझे लगता है कि मैं एक फिल्म देखने वाले के तौर पर बात करूं तो हम सभी के लिए यह एक तरह का त्योहार है कि उस दिन हमारे पास दो ऑप्शन आ रहे हैं, जो आजकल हमारी इंडस्ट्री में बहुत कम हो रहा है। दोनों ही फिल्मों के अच्छा करने की गुंजाइश है।

### द लीजेंड ऑफ हनुमान सीजन 5 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने द लीजेंड ऑफ हनुमान पंचमुखी सीरीज के सीजन 5 का ट्रेलर जारी किया। इस सीजन में दर्शक शानदार दृश्यों, वफादारी तथा बहादुरी के विषयों पर आधारित कहानी से प्रेरित होंगे। इस दौरान, दर्शकों को पंचमुखी हनुमान का अवतार देखने को मिलेगा, जो अपनी अपार शक्ति और बुद्धि का प्रदर्शन करते नजर आयेंगे। ग्राफिक इंडिया के शरद देवराजन और जीवन जे. कांग द्वारा निर्मित इस सीरीज में शरद केलकर और दमन सिंह बग्गन सहित अन्य कलाकारों ने मुख्य भूमिका निभायी है। बहुप्रतीक्षित सीरीज, 25 अक्टूबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाला है। ग्राफिक इंडिया के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और द लीजेंड ऑफ हनुमान के नए सीरीज के निर्माता एवं कार्यकारी निर्माता शरद देवराजन ने कहा द लीजेंड ऑफ हनुमान हमेशा से भारतीय एनीमेशन और कहानी कहने की सीमाओं को आगे बढ़ाने के बारे में रहा है। इस सीरीज के इस नये सीजन में, हम हनुमान के पंचमुखी अवतार को पेश करके इसे नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

### 100 करोड़ के क्लब में पहुंची वेट्टैयन

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। जे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आई है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार वेट्टैयन ने रिलीज के पहले वीकेंड के दौरान तीन दिनो में 82 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई की थी। फिल्म ने चौथे दिन 22 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। इस तरह यह फिल्म चार दिनों में भारतीय बाजार में 104 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब
## बूस्टर 96 किमी. ऊपर जाकर लौटा

**टैक्सास।** दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का पांचवां टेस्ट कामयाब रहा। इस टेस्ट में पृथ्वी से 96 किमी ऊपर भेजे गए सुपर हैवी बूस्टर को लॉन्चपैड पर वापस लाया गया, जिसे मैकेजिला ने पकड़ा। मैकेजिला दो मेटल आर्म हैं जो चॉपस्टिक्स की तरह दिखाई देती हैं। वहीं स्टारशिप की पृथ्वी के वायुमंडल में री-एंट्री कराकर हिंद महासागर में कंट्रोल्ड लैंडिंग कराई गई। स्टारशिप ने जब पृथ्वी के वातावरण में एंट्री की तब उसकी रफ्तार 26,000 किलोमीटर प्रति घंटे थी और तापमान 1,430 सेल्सियस डिग्री तक पहुंच गया था। स्टारशिप को 13 अक्टूबर को शाम 05:55 बजे टैक्सास के बोका चिका से लॉन्च किया गया। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली स्टारशिप कहा जाता है। स्टारशिप में 6 रैप्टर इंजन लगे हैं, जबकि सुपर हैवी में 33 रैप्टर इंजन हैं।

**1 घंटे 5 मिनट 34 सेकेंड का मिशन**

**12:00:02 लिफ्टऑफ**

**01:05:34 लैंडिंग**

### सफल रहा था चौथा टेस्ट

स्टारशिप का चौथा टेस्ट 6 जून 2024 को हुआ था, जो सफल रहा था। 1.05 घंटे के इस मिशन को बोका चिका से शाम 6.20 बजे लॉन्च किया गया था। इसमें स्टारशिप को स्पेस में ले जाया गया, फिर पृथ्वी पर वापस लाकर पानी पर लैंड कराया गया। टेस्ट का मेन गोल यह देखना था कि स्टारशिप पृथ्वी के वातावरण में एंट्री के दौरान सर्वाइव कर पाता है या नहीं। टेस्ट के बाद कंपनी के मालिक इलॉन मस्क ने कहा था कई टाइलों के नुकसान और एक डैमेज्ड फ्लैप के बावजूद स्टारशिप ने समुद्र में सॉफ्ट लैंडिंग की।

# आज अमेरिका की यात्रा पर जाएगी भारतीय जांच समिति

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- पन्नू मामले पर गहराई से जांच करेगी भारतीय जांच समिति जुटाएंगे और जानकारी

अमेरिकी विदेश विभाग ने सोमवार को कहा कि एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी अधिकारी की संलिप्तता के आरोपों की जांच के लिए गठित भारतीय जांच समिति मंगलवार को यहां आएगी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है जांच समिति अपनी तफ्तीश के तहत मामले पर बातचीत के लिए 15 अक्टूबर को वाशिंगटन की यात्रा करेगी। इस दौरान, प्राप्त सूचनाओं पर बातचीत की जाएगी और यहां के अधिकारियों से ताजा जानकारी प्राप्त की जाएगी।

भारत ने कुछ संगठित अपराधियों की गतिविधियों की जांच करने के लिए समिति की स्थापना की थी और यह उस व्यक्ति की सक्रियता से जांच कर रही है, जिसकी पहचान पिछले साल न्याय विभाग के अभियोग में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के रूप में की गई थी, जिस पर न्यूयॉर्क शहर में एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश रचने का निर्देश देने का आरोप था। विदेश विभाग ने कहा इसके अतिरिक्त, भारत ने अमेरिका को सूचित किया है कि वे पूर्व सरकारी कर्मचारी के अन्य संबंधों की जांच के लिए अपने प्रयास जारी रख रहे हैं और आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

# इसरो अध्यक्ष को वर्ल्ड स्पेस अवार्ड



चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए आईएएफ विश्व अंतरिक्ष ने इसरो प्रमुख एस.सोमनाथ को मिला सम्मान।

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि उसके अध्यक्ष एस सोमनाथ को चंद्रयान-तीन की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इंटरनेशन एरोनॉटिकल फेडरेशन (आईएएफ) के प्रतिष्ठित वर्ल्ड स्पेस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसरो का मुख्यालय यहां बेंगलुरु में है।

इसरो ने एक ऑनलाइन पोस्ट में कहा यह सम्मान अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के योगदान को रेखांकित करता है। आईएएफ के अनुसार, इसरो का चंद्रयान-तीन मिशन वैज्ञानिक जिज्ञासा और लागत प्रभावी इंजीनियरिंग के तालमेल का उदाहरण है जो उत्कृष्टता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और अंतरिक्ष अन्वेषण से मानवता को मिलने वाली विशाल क्षमता का प्रतीक है। आईएएफ ने एक बयान में कहा चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान के अज्ञात पहलुओं को तेजी से सामने लाते हुए यह मिशन नवाचार के प्रति वैश्विक प्रमाण का प्रतीक है।

## एक नजर

### पाकिस्तान में आतंकियों से झड़प, तीन पुलिसकर्मी मरे

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में सोमवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर हमला करने वाले आतंकवादियों के साथ भीषण झड़प में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी जबकि तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने खैबर-पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में पुलिस लाइन पर हमला किया जिसके कारण भीषण झड़पें हुईं। अधिकारी ने बताया कि झड़प में तीन पुलिसकर्मीयों की मौत हो गयी और तीन आतंकवादी मारे गए। हमलावरों ने पुलिस मुख्यालय में घुसने का प्रयास किया।

### चीन ने ताइवान के आसपास किया सैन्य अभ्यास

**ताइपे।** चीन ने सोमवार को ताइवान और उसके बाहरी द्वीपों के आसपास बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया, जिसमें युद्धक विमानों के साथ एक विमानवाहक पोत भी तैनात किया गया। उसका यह कदम ताइवान जलडमरूमध्य में तनावपूर्ण स्थिति को दर्शाता है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह अभ्यास ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बीजिंग की उन मांगों को मानने से इनकार करने की प्रतिक्रिया है कि ताइवान खुद को कम्युनिस्ट पार्टी के शासन के तहत चीन के हिस्से के रूप में स्वीकार करे।

### अफगानिस्तान में पेट्रोल पंप पर धमाका, 17 घायल

**महमूद-ए-राकी।** पूर्वी अफगानिस्तान के कपिसा प्रांत में सोमवार को पेट्रोल पंप पर गैस सिलेंडर फटने से 17 लोग घायल हो गये। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल फतह फैज ने यह जानकारी दी। फैज ने बताया कि दुर्घटना तगाब जिले में स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 08:20 बजे हुई। हादसे में 17 लोग घायल हुये हैं। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। अधिकारी ने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गयी है।

### श्रीलंका में बाढ़ से 1,34 लाख लोग प्रभावित

**कोलंबो।** श्रीलंका में भारी बारिश से कई हिस्सों में बाढ़ आ गई, तथा सोमवार को कोलंबो और उपनगरीय क्षेत्रों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। श्रीलंका के आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार, सप्ताहांत में हुई भारी बारिश ने देश के कई हिस्सों में तबाही मचा दी है और यहां घर, खेत तथा सड़कें जलमग्न हो गई हैं। बाढ़ में तीन लोग डूब गए हैं, जबकि एक लाख 34 हजार लोग इससे प्रभावित हुए हैं।

# इजराइली हमलों से दहला मध्य पूर्व

## हिजबुल्ला के ड्रोन हमले में चार इजराइली सैनिक मारे गए, गाजा में 20 लोगों की मौत

**दीर अल-बला, एजेंसी**

- मध्य इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर हुआ हमला, सात अन्य गंभीर रूप से घायल
- इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा- हमले में घायल हुए 61 लोग

मध्य इजराइल में एक सैन्य अड्डे पर हिजबुल्ला के ड्रोन हमले में चार सैनिक मारे गए और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सेना ने बताया कि दो सप्ताह पहले इजराइल द्वारा लेबनान पर शुरू किए जमीनी हमलों के बाद से यह आतंकवादी समूह द्वारा किया गया सबसे घातक हमला है।

लेबनान के हिजबुल्ला ने बिनयामीना शहर के पास हुए हमले को बेरूत पर गुरुवार को किए इजराइली हमलों का बदला बताया, जिसमें 22 लोग मारे गए थे। बाद में उसने कहा कि उसने इजराइल की गोलानी ब्रिगेड को निशाना बनाया और ड्रोन हमलों के दौरान इजराइली वायु रक्षा प्रणालियों पर दर्जनों मिसाइलें दागीं। इजराइल की राष्ट्रीय बचाव सेवा ने कहा कि हमले में 61 लोग घायल हुए हैं।

गाजा में युद्ध शुरू होने के बाद से हिजबुल्ला और इजराइल के बीच लगभग हर दिन लड़ाई होती रही है। दो स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, रविवार रात गाजा में हुए इजराइली हवाई हमलों में एक स्कूल के बच्चों सहित कम से कम 20 लोग मारे गए। युद्ध के कारण विस्थापित कई फलस्तीनियों ने नुसरत के उस स्कूल में शरण ले रखी थी। इस बीच, सोमवार को अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के बाहर दीर अल-बला में विस्फोट हुआ। अस्पताल ने बताया कि विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। तंबुओं में आग लग गई और मध्य गाजा समुदाय के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।


गाजा पट्टी के दीर अल बलाह में अल अक्सा शहीद अस्पताल के प्रांगण में एक तम्बू क्षेत्र पर इजरायली हमले के बाद नुकसान को देखते फिलिस्तीनी। ● एजेंसी

### आईएसए प्रमुख ने युद्धविराम और गाजा पर बातचीत के लिए किया मिस्र का दौरा

**गाजा।** इजरायली सुरक्षा एजेंसी (आईएसए) के प्रमुख रोनेन बार ने काहिरा का दौरा किया जहां उन्होंने मिस्र की खुफिया एजेंसी के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ युद्धविराम पर बातचीत फिर से शुरू करने और गाजा पट्टी से बंधकों की रिहाई के तरीकों पर चर्चा की। वाल्ला पोर्टल ने एक स्रोत का हवाले से यह रिपोर्ट दी। दोनों देशों के खुफिया प्रमुखों ने फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के नेता याह्या सिनवार के साथ संपर्क फिर से शुरू करने के तरीकों पर भी चर्चा की।

### उत्तर लेबनान में हवाई हमला, 18 की मौत

**दीर अल-बला।** लेबनान के रेड क्रॉस ने कहा है कि उत्तर लेबनान में हुए एक इजराइली हवाई हमले में कम से कम 18 लोग मारे गए हैं। यह हमला सोमवार को ऐतो गांव में एक छोटे से अपार्टमेंट पर किया गया, और यह इस महीने की शुरुआत में इजराइल द्वारा लेबनान पर आक्रमण शुरू करने के बाद से उत्तरी क्षेत्र में किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक था। हिजबुल्ला समूह की मौजूदगी मुख्य रूप से लेबनान के दक्षिण में और दक्षिणी उपनगर बेरूत में है।

### ब्रिटेन ने ईरानी सैन्य अधिकारियों और अंतरिक्ष एजेंसी पर लगाए प्रतिबंध

**लंदन।** ब्रिटेन ने पश्चिमी एशिया को अस्थिर करने के प्रयासों में कथित संलिप्तता के लिए ईरानी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों और संगठनों पर सोमवार को नये प्रतिबंधों की घोषणा की। फॉरेन, कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस (एफसीडीओ) ने बताया कि एक अक्टूबर को इजराइल के खिलाफ ईरान के हमले के जवाब में ये नए प्रतिबंध लगाए गये हैं और इन प्रतिबंधों के जरिये उन वरिष्ठ शख्सियतों को निशाना बनाया गया है, जिन्होंने इस्लामिक रिब्लिक ऑफ ईरान आर्मी, ईरान एअर फोर्स और आईआरजीसी इंटेलिजेंस ऑर्गोनाइजेशन में होते हुए ये सब किया। फरजानेगन प्रोपल्शन सिस्टम डिजाइन ब्यूरो (एफपीएसडीबी) पर भी प्रतिबंध लगाया जाएगा।

### यूरोपीय संघ ने लेबनान में शांति सैनिकों पर हमलों की निंदा की

**बेरुत।** यूरोपीय संघ ने लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांतिसैनिकों पर हमले की निंदा करते हुए इजराइल के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि संयुक्त राष्ट्र वहां हिज्बुल्ला के खिलाफ उसके सैन्य अभियान को रोकने के लिए है। इजराइल के हिज्बुल्ला चरमपंथी समूह के खिलाफ जमीनी आक्रमण शुरू करने के बाद शांति सैनिक के स्थानों पर हुए हमलों संयुक्त राष्ट्र के पांच सैनिक घायल हुए हैं। इसका जिम्मेदार इजराइली बलों को ठहराया जा रहा है। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेफ बोरेल ने कहा कि शांति सैनिकों का काम बहुत अहम है और संयुक्त राष्ट्र के सैनिकों पर हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। करीब साल भर हुई छोटी-छोटी झड़पों के बाद इजराइल ने हिज्बुल्ला के खिलाफ अपना अभियान तेज़ कर दिया है जबकि वह गाजा में हमास के खिलाफ भी जंग कर रहा है।

# ब्रिटेन में भारतीय पेशेवरों की संख्या सबसे अधिक : रिपोर्ट

**लंदन, एजेंसी**

- सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से जातीय अल्पसंख्यकों को एकल समूह के रूप में मानना अर्थहीन

ब्रिटेन में पेशेवर कामगारों की सर्वाधिक संख्या वाला जातीय समूह भारतीय है और सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से सभी जातीय अल्पसंख्यकों को एकल समूह के रूप में मानना अब देश में अर्थहीन हो गया है। एक नए थिंक-टैंक के विश्लेषण में यह निष्कर्ष निकाला गया।

पॉलिसी एक्सचेंज द्वारा प्रकाशित आधुनिक ब्रिटेन का एक रूपचित्र जातीयता और धर्म देश में विभिन्न जातीय समूहों की जनसांख्यिकीय, शैक्षिक, स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति की गहन पड़ताल को दर्शाता है। रिपोर्ट में सरकार के नेतृत्व वाली एक नई राष्ट्रीय एकीकरण रणनीति का आह्वान किया गया है, जिसमें ब्रिटेन में बच्चों को समावेशी तरीके से अपनी राष्ट्रीय विरासत पर गर्व करना सिखाया जाए जो देश के इतिहास और परंपराओं को प्रतिबिंबित करें। रिपोर्ट में कहा गया है, पेशेवर श्रमिकों की उच्चतम संख्या वाला जातीय समूह भारतीय था। ब्रिटिश भारतीयों के पास घर के स्वामित्व की दर भी सबसे अधिक है, जिनमें से 71 प्रतिशत ऐसी संपत्ति में रहते थे जिन पर उनका या तो सीधा स्वामित्व था या बंधक/ऋण या साझा स्वामित्व के तहत स्वामित्व था। इसमें कहा गया है वाक्यांश जातीय अल्पसंख्यक में निहित विविधता अब व्यापक है- प्रत्येक अल्पसंख्यक समूह के भीतर और विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों के बीच। सार्वजनिक नीति के उद्देश्यों से जातीय अल्पसंख्यकों को एक अखंड समूह के रूप में मानना अब अर्थहीन हो गया है। दक्षिण एशियाई जैसी श्रेणियां न केवल ब्रिटेन के भारतीयों, पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों के बीच उल्लेखनीय आर्थिक और सामाजिक असमानताओं को छिपाने का काम करती हैं।

### प्रत्येक समूह से लिए गए 200 नमूने

रिपोर्ट में 2021 की ब्रिटिश जनगणना के आंकड़े और सभी जातीयता के 2,000 लोगों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि नमूने के अलावा, 1,400 जातीय अल्पसंख्यक उत्तरदाताओं के बूस्टर नमूनों का उपयोग किया गया था। अश्वेत अफ्रीकी, अश्वेत कैरेबियन, भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी, चीनी और मिश्रित नस्ल वाले जातीय समूहों से प्रत्येक समूह से 200 नमूने लिये गये थे। विश्लेषण के प्रमुख निष्कर्षों में यह भी शामिल है कि लगभग चार में से तीन लोग (सर्वेक्षण में शामिल 72 प्रतिशत लोग) मानते हैं कि बच्चों को ब्रिटिश इतिहास पर गर्व करना सिखाया जाना चाहिए।

# नाटो ने शुरू किया उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास

**ब्रुसेल्स, एजेंसी**

- 13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान लेंगे भाग

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सोमवार को उत्तरी यूरोप में बड़े पैमाने पर परमाणु अभ्यास स्टीडफास्ट नून शुरू कर रहा है, जिसमें 13 गठबंधन देशों के 2,000 सैनिक और 60 सैन्य विमान भाग लेंगे। नाटो महासचिव मार्क रट ने कहा कि अभ्यास मुख्य रूप से ब्रिटेन, उत्तरी सागर, साथ ही बेल्जियम और नीदरलैंड में होंगे।

उन्होंने कहा कि इन अभ्यासों से विरोधियों को पता चल जाएगा कि नाटो किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए तैयार है। नाटो ने पहले कहा था कि अभ्यास की योजना एक साल से अधिक समय पहले तैयार की गयी थी और अभ्यास में किसी भी लड़ाकू हथियार का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। युद्धाभ्यास दो सप्ताह तक चलेगा। इसमें आठ एयरबेस शामिल होंगे। विशेष रूप से परमाणु हथियार, बमवर्षक, एस्कॉर्ट फाइटर और ईंधन भरने वाले विमान ले जाने में सक्षम विभिन्न विमान, साथ ही टोही और इलेक्ट्रॉनिक युद्धक विमान अभ्यास में भाग लेंगे। नाटो प्रेस सेवा ने कहा कि गठबंधन लगातार परमाणु निरोधक बलों की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहा है। विशेष रूप से, 2024 में, नए डच लड़ाकू विमानों एफ35ए को परमाणु निरोधक मिशनों में उपयोग के लिए उपयुक्त माना गया।

# ट्रंप के रैली स्थल के पास एक हथियारबंद गिरफ्तार

- 13 आरोपी के पास से गोला बारूद तथा कई फर्जी पासपोर्ट हुए बरामद

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के साउदर्न कैलिफोर्निया में डोनाल्ड ट्रंप की रैली स्थल के निकट जांच चौकी पर नेवादा निवासी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उसके वाहन से हथियार एवं गोला बारूद तथा कई फर्जी पासपोर्ट बरामद किए गए।

रिवरसाइड काउंटी के शेरिफ चाड बियांको ने बताया कि लास वेगास निवासी 49 वर्षीय संदिग्ध गैर पंजीकृत एसयूवी को चला रहा था, जिस पर अमान्य लाइसेंस प्लेट लगी थी। लॉस एंजिलिस के पूर्व में स्थित कोचेला में रैली के लिए तैनात अधिकारियों ने उसे रोका था। बियांको ने कहा कि वाहन चालक ने दावा किया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया क्योंकि उसके पास कोई वैध प्रमाणपत्र नहीं थे। पुलिस ने देखा कि वाहन का अंदरूनी हिस्सा अस्त-व्यस्त था और तलाशी में हथियार एवं गोला-बारूद के साथ विभिन्न नामों वाले कई पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस मिले।

# आज पाकिस्तान जाएंगे जयशंकर

**लाहौर (पाकिस्तान), एजेंसी**

- दोनों देशों के समकक्ष नेताओं के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से किया इनकार
- एससीओ की बैठक में होंगे शामिल, पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे

विदेश मंत्री एस. जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को पाकिस्तान जाएंगे। कई वर्षों से दोनों देशों में तनाव के बीच भारत की यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी। अधिकारियों ने बताया कि विदेश मंत्री पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मेजबानी में आयोजित स्वागत भोज में भी शामिल होंगे।

दोनों पक्षों ने एससीओ शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन से इतर जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से इनकार किया है। नौ साल बाद यह पहला मौका है जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा करेंगे, जबकि कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान की ओर से सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में अब भी बर्फ जमी हुई है। ऐसी सूचना है कि जयशंकर पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे। पाकिस्तान एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है जो 15 और 16 अक्टूबर को होगी।

### पाकिस्तान मेजबानी को तैयार, सुरक्षा इंतजाम बढ़ाए गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान एससीओ की बैठक की मेजबानी के लिए तैयार है और इसी के मद्देनजर सोमवार को इस्लामाबाद में सुरक्षा बढ़ा दी गई तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस विशाल अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विदेशी गणमान्य अतिथि पाकिस्तान पहुंचने लगे हैं। समूचे देश में बढ़ते आतंकवादी हमलों और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी द्वारा प्रदर्शन जारी रखने के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका की पृष्ठभूमि में इस कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है।

# अल्जीरिया के संघर्ष की याद दिलाता है नेशनल म्यूजियम : राष्ट्रपति मुर्मू

- राष्ट्रपति मुर्मू ने अल्जीरियाई राष्ट्रपति तब्बौन से की वार्ता सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**अल्जीयर्स (अल्जीरिया), एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को यहां अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई। मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण के तहत रविवार को यहां पहुंचीं, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की पहली अल्जीरिया यात्रा है।

विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया भारत-अल्जीरिया के संबंधों को गति प्रदान कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देल मजीद तब्बौन से मुलाकात की। मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर लिखा गया दोनों नेताओं ने भारत-अल्जीरिया संबंधों की समीक्षा की और विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने पर राजी हुए। अल्जीरिया में भारतीय दूतावास की वेबसाइट के अनुसार 2022-23 के दौरान भारत से अल्जीरिया को निर्यात 61.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर था जो 2023-24 में बढ़कर 84.816 करोड़ डॉलर हो गया। 2022-23 के दौरान भारत का आयात 1.5 अरब डॉलर था और 2023-24 के दौरान 88.554 करोड़ डॉलर हो गया। राष्ट्रपति मुर्मू ने आज दिन में यहां मकम एचाहिद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और आजादी की लड़ाई में जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने मोउदजाहिद में नेशनल म्यूजियम का भी दौरा किया जो आजादी के लिए अल्जीरिया के संघर्ष की याद दिलाता है।


मोउदजाहिद के राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा करतीं राष्ट्रपति मुर्मू। ● एजेंसी

# रक्षा संबंधों को मजबूत करने को जापान की यात्रा पर सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी जापान और भारत के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से पूर्वी एशियाई देश की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। सेना प्रमुख 14 से 17 अक्टूबर तक जापान की यात्रा के दौरान हिरोशिमा भी जाएंगे, जहां वह हिरोशिमा पीस पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

वह पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत और जापान के बीच रक्षा सहयोग की मजबूत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनरल द्विवेदी सोमवार को जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज से बातचीत करेंगे और इसके बाद तोक्यो में भारतीय दूतावास में दोनों देशों के बीच संबंधों पर एक चर्चा में भाग लेंगे। वह मंगलवार को इचिगाया में रक्षा मंत्रालय में जापान के वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व से भी बातचीत करेंगे।

**खगोल विज्ञान** 150 वर्ष से छाया तूफान दोलन की तरह हिलता डुलता है


# स्थिर नही है बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट तूफान

**अमृत विचार, नैनीताल**

बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट (चक्रवाती तूफान) स्थिर नही है, बल्कि दोलन की तरह हिलता डुलता है। यह तूफान 150 वर्ष से निरंतर बना हुआ है। पहली बार इस तूफान के स्वभाव का पता चला है। हबल अंतरिक्ष दूरबीन के जरिए यह रहस्य उजागर हुआ है।

बृहस्पति यानी गुरु हमारे सौरपरिवार का सबसे बड़ा ग्रह है, जो ग्रहों को नियंत्रित कर सौरमंडल के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बृहस्पति पर एक भयानक चक्रवाती तूफान 150 वर्षों से छाया हुआ है। इस तूफान का आकार इतना बड़ा है कि वह पृथ्वी को निगल सकता है। इस ग्रह का विशाल आकर व इसके दर्जनों उपग्रह हमेशा से खगोलविदों की जिज्ञासा का केंद्र रहे हैं। जिस कारण समय समय पर इस ग्रह की जांच परख होते रही है। मगर अब जो खुलासा हुआ है, वह आश्चर्यजनक है। ग्रेट रेड स्पॉट के नाम से पहचान रखने वाले तूफान की हबल दूरबीन ने पहली बार नजदीकी से ऐसी तस्वीरें ली हैं, जो बताती हैं कि यह तूफान पृथ्वी के तूफानों की तरह नही है, बल्कि हिलने डुलने वाला दोलन की तरह चलने वाला तूफान है। यह पहली बार है जब वैज्ञानिकों ने इस चक्रवात को दोलन करते हुए देखा है।

इसकी जेट जैसी धाराएँ इसे अपनी जगह पर बनाए रखती हैं लेकिन तूफ़ान एक तनाव गेंद की तरह दब जाता है। नासा ने 9 अक्टूबर को इसकी हकीकत उजागर की है। खगोलविदों ने दिसंबर 2023 से मार्च 2024 तक 90 दिनों तक लगातार इसका अध्ययन किया। समय के अंतराल में हबल ने इसकी तस्वीरे कैमरे में कैद की। तस्वीरों के आंकड़ों से पता चलता है कि ग्रेट रेड स्पॉट अनोखा जटिल तूफान है। पीयर-रिव्यूड द प्लैनेटरी साइंस जर्नल में यह खोज प्रकाशित प्रकाशित हुई है।


हबल द्वारा बृहस्पति ग्रह की विभिन्न स्थितियों में ली गई तस्वीर।

### वातावरण की जानकारी जुटाता है हबल

**नैनीताल :** नासा के आउटर प्लैनेट एटमॉस्फियर लिगेसी प्रोग्राम (ओपीएएल) हबल के जरिए हर वर्ष सौरमंडल के ग्रहों के वातावरण की जानकारी जुटाने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। बृहस्पति के तूफान की अंदरूनी स्थिति का पता लगाने के लिए हबल को लंबे समय तक लगाया गया। ग्रहों के वातावरण को समझना बेहद जरूरी है। जिसे दुनिया की स्पेस एजेंसिया महत्वपूर्ण मानती हैं और समय समय पर अनुसन्धान करते रहती है।